दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
सागर ■ शुक्रवार 07 मार्च 2025 ■ वर्ष -02 ■ अंक-129 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं। - महाभारत

## 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ बैठक में सीएम बोले-

# राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण

### केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, आयोग ने कहा- मध्यप्रदेश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है

- नदियों को जोड़कर पड़ोसी राज्यों के साथ कर रहे समन्वय
- अगले 3 साल में हम 30 लाख किसानों को देंगे सोलर पम्प
- राज्य की वित्तीय जरूरतों पर की चर्चा, मेमोरेंडम भी सौंपा

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण है, इसलिए केन्द्रीय करों और राजस्व प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी अर्थात् अनुदान बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य अपनी क्षमता और सीमित संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए काम करते हैं। केन्द्र सरकार से अधिक वित्तीय अनुदान मिलने से राज्य अपने दीर्घकालीन लक्ष्यों को अल्पकाल में ही प्राप्त कर सकेंगे। विकसित भारत का निर्माण, विकसित मध्यप्रदेश के बिना नहीं हो सकता, इसलिए केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए। इससे राज्य सशक्त होंगे और राष्ट्र को विकास की ले जाने में सहायक होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी हैं। लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना ही केन्द्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य है। केन्द्र और राज्यों के बेहतर तालमेल और आपसी सामंजस्य से यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आयोग के राज्य के दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता का जिक्र कर वित्त आयोग से प्रदेश की अपेक्षाओं से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में और अधिक विकास के लिए केन्द्र सरकार से और अधिक वित्तीय सहयोग/अनुदान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में मध्यप्रदेश को भी योगदान देना है। हम विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमारा बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए है। अगले पांच सालों में हम इस बजट को बढ़ाकर दोगुना कर देंगे।

मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से कहा कि हम नदियों को जोड़कर जल बंटवारे के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना में हमने राजस्थान के साथ मिलकर किया जा रहा हैं। केन्द्र सरकार ने इस राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना के लिए 90 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए। इसी तरह केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए उत्तरप्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा हैं। पीएम मोदी ने दोनों राष्ट्रीय परियोजना का भूमि-पूजन कर मध्यप्रदेश को गौरव प्रदान किया है। अब महाराष्ट्र सरकार के साथ ताप्ती नदी परियोजना पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी 18 नई औद्योगिक नीतियों के कारण निवेशक भी जुड़ रहे हैं। आरआईसी और जीआईएस-भोपाल के जरिए प्रदेश को 30.77 लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह निवेशकों का मध्यप्रदेश पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। हम प्रदेश के हर जिला कलेक्ट्रेट में उद्योग प्रकोष्ठ बना रहे हैं, इससे किसी निवेशकों की जिला स्तर पर भी कठिनाई हल की जा सकेंगी। हम प्रदेश में व्यापार और व्यवसाय को सुगम बना रहे हैं। इसमें सभी का सहयोग लेंगे।



#### वित्तीय संसाधनों का कुशलता से संचालन कर रहा मध्यप्रदेशः देवड़ा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों तथा अधिकारियों स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अपने वित्तीय संसाधनों का पूरी क्षमता और कुशलता से संचालन कर रहा है। कोविड-19 महामारी के बावजूद हमने अपनी अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखा। वर्ष 2004-05 से निरंतर राजस्व अधिशेष बनाए रखा। इस राजस्व अधिशेष और ऋण को हमने उत्पादक पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण में उपयोग किया। उन्होंने कहा कि स्वयं के राजस्व को बढ़ाने के लिए राज्य कर राजस्व और राज्य गैर-कर राजस्व दोनों ही मामलों में लक्ष्य हासिल कर लिया है।

#### मध्यप्रदेश ने 18 नीतियां बनाई हैं : जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश ने पीएम मोदी के 2047 विकसित भारत के विजन के अनुसार विकसित मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया है। पांच सालाना कार्य योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण मिशन, युवा कल्याण मिशन, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 सालों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए शहरीकरण के साथ-साथ औद्योगीकरण पर ध्यान केन्द्रित किया है। जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 18 नीतियां बनाई हैं। पर्यटन एक प्रमुख क्षेत्र है। मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है।

#### नई नीतियों से निवेशक हुए आकर्षितः शुक्ला

अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने पर्यटन एवं संस्कृति में अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की नई संभावनाएं बनी है। इसके अलावा हेरिटेज, फिल्म पर्यटन जैसे नये क्षेत्र भी सामने आये है। नई नीतियों के तहत इनमें निवेशक, निवेश के लिए आकर्षित हुए है। प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव ने ऊर्जा क्षेत्र के संबंध में बताय कि 15वें वित्त आयोग के लक्ष्यों को पूरा कर लिया गया है। अब हाइब्रिड स्टोरेज पर ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को भरपूर बिजली देने की व्यवस्था कर ली गई है। मध्यप्रदेश देश में सबसे सस्ती दर पर सोलर ऊर्जा उत्पादन करने वाला राज्य है।

#### प्रदेश को नीतियों में सुधार लाना चाहिए

सोलहवें वित्त आयोग ने आज भोपाल में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मध्यप्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भविष्य में प्रगति के प्रति जागरूक भी है। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढ़िया ने कहा कि बड़े राज्यों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उपलब्धियों के साथ औद्योगिक प्रगति भी जरूरी है। सिर्फ कृषि के आधार पर किसी देश के विकसित बनने का उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नीतियों में सुधार लाना चाहिए। अपनी ऊर्जा का पूरा उपयोग जरूरी है।

#### किसानों को देंगे सोलर पम्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगले तीन सालों में 30 लाख किसानों को सोलर पम्प दिये जाएंगे। इससे हमारे किसान अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता भी बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को मात्र पांच रूपए में बिजली का स्थाई कनेक्शन देने जा रही है, इससे हमारे किसानों को बिजली कनेक्शन के लिए कहीं भी भटकना नहीं पड़ेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रक और कार में आमने-सामने टक्कर, 5 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नेशनल हाइवे 53 पर ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं। क्रेन की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। इस भीषण सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। शव के क्षत-विक्षत होने से अभी तक मृतकों की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि कार के टायर फटने से यह घटना घटी। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया।

### विनेश फोगाट शादी के 7 साल बाद बनेंगी मां

**नई दिल्ली।** दिग्गज रेसलर और हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बनने वाली हैं। विनेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह खुशखबरी अपने फैंस से साझा की है। विनेश ने साल 2018 में सोमवीर राठी से शादी रचाई थी। सोमवीर भी पेशे से पहलवान हैं। शादी के सात साल बाद वह मां बनने वाली हैं। वहीं, पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने विनेश और सोमवीर को बधाई दी है। विनेश फोगाट के ससुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनके घर में खुशियां आने वाली हैं।

### कोयला खदान धंसी, कई मजदूर दबे, तीन की मौत

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें कोयला खदान का स्लैब गिरने से उसमें मजदूर दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। मलबे से तीन मजदूरों को निकाला गया, जिन्हें डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया। डब्ल्यूसीएल, एसडीआरएफ और पुलिस दल की टीम ने रेस्क्यू किया। बैतूल एसपी ने घटना की पुष्टि की है। घटना के बाद प्रशासन ने माइनिंग सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है और अधिकारियों द्वारा हादसे के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

# जो लोग मुंबई आते हैं, उन्हें मराठी सीखने की जरूरत नहीं

### संघ नेता के बयान पर भड़के आदित्य, फडणवीस ने भी किया समर्थन



**एजेंसी ■ मुंबई**

तमिलनाडु में भाषा को लेकर हंगामा जारी है और अब महाराष्ट्र में भी भाषा को लेकर विवाद हो गया है। दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेता भैयाजी जोशी के एक बयान से महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। हाल ही में संघ के नेता भैयाजी जोशी ने अपने एक बयान में कहा था कि जो लोग मुंबई आते हैं, उन्हें मराठी सीखने की जरूरत नहीं है। जोशी के इस बयान पर शिवसेना यूबीटी ने तीखा हमला बोला है। शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने संघ नेता जोशी के बयान पर कहा कि दूसरी जगहों से आए लोग हमारे राज्य में आते हैं और यहां बस भी जाते हैं, लेकिन यहां की भाषा मराठी है, जैसे तमिलनाडु की भाषा तमिल है और कर्नाटक की भाषा कन्नड़, उसी तरह मुंबई की भाषा मराठी है। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि सुरेश भैया ने कहा कि घाटकोपर की भाषा गुजराती हो सकती है, लेकिन ये बिल्कुल संभव नहीं है। मुंबई की भाषा मराठी है। इस सरकार ने मुंबई में मराठी भाषा भवन का निर्माण भी रोक दिया क्योंकि ये लोग महाराष्ट्र और मराठी भाषा का अपमान करना चाहते हैं। महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और जो भी यहां रहता है, उसे मराठी भाषा सीखनी चाहिए। दरअसल विधानसभा में शिवसेना यूबीटी के विधायक भास्कर जाधव ने सवाल किया था कि सरकार संघ नेता सुरेश भैया जी जोशी के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे कि मुंबई आने वाले लोगों को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा कि मैंने भैयाजी जोशी का बयान नहीं सुना है, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी ही है। यहां सभी को मराठी भाषा सीखनी चाहिए।

#### संघ नेता जोशी ने दी सफाई

स्वयंसेवक संघ के नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने गुरुवार को कहा कि मराठी मुंबई की भाषा है और बाहर से आने वाले और अन्य भाषाएं बोलने वालों को भी इसे समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि मराठी मेरी मातृभाषा है और मुझे इस पर गर्व है। जोशी का यह बयान बुधवार को मुंबई के घाटकोपर क्षेत्र में एक कार्यक्रम में की गई टिप्पणी के बाद आया है। जोशी ने कहा, मराठी महाराष्ट्र की भाषा है और मुंबई की भी। इसमें कोई दो राय नहीं है।

## जयशंकर की सुरक्षा में चूक पर भारत भड़का तो ब्रिटेन बोला-

# अराजकतत्वों को दी चेतावनी, धमकी देने या डराने की कोशिशें अस्वीकार्य

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ब्रिटेन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई, जब खालिस्तानी समर्थकों ने सुरक्षा में सेंध मारते हुए जयशंकर की तरफ बढ़ने की कोशिश की। साथ ही भारत विरोधी नारे लगाए। हालांकि, मेट्रोपोलिटन पुलिस ने तुरंत ऐक्शन लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस घटना पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया आई थी। अब पूरे घटनाक्रम पर ब्रिटेन सरकार ने भी बयान दिया। उसने कहा है कि घटना अस्वीकार्य है और हमने उस वक्त तुरंत ऐक्शन लिया था। इससे पहले भारत ने कहा था कि वह उम्मीद करता है कि ब्रिटेन अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारियों का पालन करेगा। गुरुवार को ब्रिटेन ने कहा है कि लंदन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के सुरक्षा उल्लंघन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, और अराजकतत्वों को चेतावनी दी कि किसी भी तरह के धमकी देने या डराने की कोशिशें अस्वीकार्य हैं। बता दें यह घटना बुधवार को तब हुई, जब जयशंकर 'चैथम हाउस' में एक संवाद सत्र के समापन के बाद वहां से निकल रहे थे। 'चैथम हाउस' 'रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स' का मुख्यालय है।



# सनातन धर्म पर टिप्पणी करने वाले उदयनिधि को मिली राहत

### सुप्रीम कोर्ट बोला- एक ही मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज नहीं की जा सकतीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आदेश दिया कि सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री एम उदयनिधि स्टालिन को थोड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि उदयनिधि के खिलाफ उसकी अनुमति के बिना कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि एक ही मुद्दे पर कई शिकायतें दर्ज नहीं की जा सकतीं। इसके साथ ही न्यायालय ने मौजूदा प्राथमिकियों की सुनवाई कर रही अदालतों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से स्टालिन को दी गई छूट संबंधी अंतरिम आदेश की अवधि भी बढ़ा दी। एक कार्यक्रम में उदयनिधि स्टालिन ने बयान दिया था कि जिस तरह से कोरोना, मलेरिया, डेंगू को खत्म करते हैं, उसी तरह सनातन धर्म पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

# राजीव गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस में रार

**जयपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने गुरुवार को अपनी ही पार्टी के नेता मणि शंकर अय्यर पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें सिरफिरा करार दिया। अय्यर ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह एयरलाइन पायलट होने के बावजूद प्रधानमंत्री कैसे बन सकते थे। अशोक गहलोत ने अय्यर के बयान को हताशा भरा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान केवल एक सिरफिर व्यक्ति ही दे सकता है। राजीव गांधी ने भारत की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया और उनके कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कानून पारित किए गए। अय्यर का यह विवादित बयान भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया गया था, जिसमें अय्यर को यह कहते सुना गया कि राजीव गांधी इंग्लैंड में दो बार फेल हुए, फिर भी प्रधानमंत्री कैसे बन गए?

**ऐसा बयान केवल एक सिरफिरा व्यक्ति ही दे सकताः गहलोत**

### केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नई शिक्षा नीति को लेकर कहा-

# तीन भाषा का फॉर्मूला अच्छा राजनीति कर रहे कुछ लोग

**एजेंसी ■ तिरुवनंतपुरम**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) में तीन भाषाओं का फॉर्मूला पूरे देश के लिए अच्छा है। एनईपी में तीन-भाषा की नीति पर गंभीर बहस जारी है, खासकर दक्षिणी राज्यों में। इसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कुछ गलतफहमियां हैं या कुछ लोग जानबूझकर राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। यहां पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तीन भाषा का फॉर्मूला पूरे देश के लिए अच्छा है। रिजिजू तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक और प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के लिए आए थे। रिजिजू ने कहा, आज नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं है, उनकी मातृभाषा गुजराती है। हमारे गृह मंत्री अमित शाह की मातृभाषा भी गुजराती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मातृभाषा उड़िया है और मेरी मातृभाषा अरुणाचली है। लेकिन हम अपने देश के हित में एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें धर्म या भाषा के आधार पर देश को बांटना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा, हम सभी भारतीय हैं। आइए मिलकर काम करें और प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार कहा है कि भारत में हर क्षेत्र, हर समुदाय और हर व्यक्ति समान है और सभी को समान सुरक्षा और प्राथमिकता दी जाएगी। इसलिए हमें जाति, पंथ, धर्म, समुदाय या राज्य या क्षेत्र के आधार पर देश को नहीं बांटना चाहिए।



## खुश खबरी

### अंतरिक्ष में महीनों तक फंसे रहने के बाद जल्द लौटेंगी सुनीता, बोलीं-

# मैं प्रेरणा व दृष्टिकोण की उस चिंगारी को खोना नहीं चाहती

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

नासा की एस्ट्रोनॉट और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अब धरती पर लौटने वाली हैं। उनके साथ अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच भी वापस आएंगे। सुनीता और विल्मोर नौ महीने तक अंतरिक्ष में फंसे हुए थे। अब 19 मार्च को नासा दोनों को पृथ्वी पर लाने जा रहा है। इस मिशन में स्पेस एजेंसी का साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दे रही है। उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापसी होने जा रही है। अब सुनीता ने बताया है कि अंतरिक्ष से लौटने के बाद वह क्या मिस करेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष से ही सुनीता विलियम्स ने कहा यह बुच और मेरी आईएसएस की तीसरी उड़ान है। हमने इसे एक साथ बनाने में मदद की और हमने सालों में इसे बदलते देखा है। यहां रहने से हमें एक अनूठा दृष्टिकोण मिलता है - न केवल खिड़की से बाहर देखने से, बल्कि समस्याओं को हल करने के तरीके से भी। मैं जाने के बाद प्रेरणा और दृष्टिकोण की उस चिंगारी को खोना नहीं चाहती, इसलिए मुझे इसे किसी तरह से दबाना होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनीता विलियम्स ने बताया कि उन्हें अंतरिक्ष में बिताया समय काफी अच्छा लगा। हमारे लिए हमें हर दिन एक मिशन पर अपना ध्यान केंद्रित करना होता था।



#### लैब्राडोर रिट्रीवर्स से मिलने के लिए हैं बेचैन

सुनीता विलियम्स अपने लैब्राडोर रिट्रीवर्स से भी मिलने के लिए बेचैन हैं। सुनीता ने कहा कि हम बस वही कर रहे हैं जो हम हर दिन करते हैं, और हर दिन दिलचस्प है क्योंकि हम अंतरिक्ष में हैं और यह बहुत मजेदार है। सुनीता और विल्मोर पिछले साल जून के शुरुआत में महज हफ्तेभर के लिए ही स्पेस में गए थे, लेकिन बोइंग स्टारलाइनर में तकनीकी दिक्कत आ गई, जिसके वजह से स्पेसक्राफ्ट को बिना किसी अंतरिक्ष यात्री के ही धरती पर लौटना पड़ा। इसके बाद नासा की मदद करने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स सामने आई और अब दोनों उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापस लौटने वाले हैं।

### कांग्रेस चीफ खड़गे ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट को लेकर कहा-

# यूपी से बिहार तक बह रहा गंदा पानी, पीएम भूले वादा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर नमामि गंगे परियोजना को लेकर कड़ा प्रहार किया। कहा कि इस परियोजना के महत्वपूर्ण लक्ष्य अब तक पूरे नहीं हुए हैं और कुल बजट की आधी रकम भी अभी तक खर्च नहीं की गई है। यूपी से बिहार तक गंगा में गंदा पानी बह रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने गंगा सफाई की अपनी गारंटी भुला दी है। खड़गे ने उत्तर प्रदेश की स्थिति पर विशेष हवाला देते हुए कहा कि 75 फीसदी नालों को एसटीपी से जोड़ने की योजना अब भी अधूरी है, जिसके कारण हर दिन 3,513.16 एमएलडी गंदा पानी सीधे गंगा में गिर रहा है। बिहार में भी स्थिति चिंताजनक है, जहां 46 फीसदी एसटीपी पूरी तरह से बंद पड़े हैं, और जो चल रहे हैं, वे भी जल प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में 40 एसटपी काम नहीं कर रहे हैं, जबकि 95 फीसदी एसटीपी एनजीटी के नियमों को पूरा नहीं करते।

## ब्रीफ न्यूज

### लोक अदालत कल, बिजली मामलों का होगा निपटारा

**भोपाल।** आगामी शनिवार 8 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौतों से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 हॉर्स पॉवर भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

### मार्च माह में अवकाश दिनों में खुलेंगे बिजली बिल भुगतान केन्द्र

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 8 मार्च शनिवार, 9 मार्च रविवार, 14 मार्च होली, 15 मार्च शनिवार, 16 मार्च रविवार, 19 मार्च रंगपंचमी, 22 मार्च शनिवार, 23 मार्च रविवार तथा 31 मार्च ईद-उल-फितर को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। कंपनी ने निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र व बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

### प्रवेश वर्मा ने सपत्नीक किए बाबा महाकाल के दर्शन



**भोपाल।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को सपत्नीक बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचकर भगवान का पूजन अर्चन व अभिषेक किया। उसके बाद नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद मंदिर की दर्शन व्यवस्था की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन व्यवस्था तारीफ के काबिल है। प्रदेश सरकार यहां अच्छा काम कर रही है। बाबा महाकाल का पूजन दर्शन करने के साथ ही नंदी जी के कानों मे अपनी मनोकामना भी कही। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका सम्मान किया गया।

### स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के पात्र प्रस्तावों को शीघ्र प्रस्तुत करें

# मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली को आगामी सत्र में करें शुरू

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के पात्र प्रस्तावों को शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली को आगामी सत्र में प्रारम्भ करने के लिए निर्माण कार्य सहित समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के अधोसंरचना विकास कार्यों की



विस्तृत समीक्षा की। शुक्ल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण किये जाएं। उप मुख्यमंत्री ने पीएचसी एवं सीएचसी में कार्यरत चिकित्सकों की सुविधा के लिए आवासीय परिसरों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए चिकित्सकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। इससे चिकित्सकों को बेहतर कार्य वातावरण प्राप्त होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थान सशक्त होंगे, प्रदेश के हर कोने में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये यह कारगर कदम है।

### महिला स्वास्थ्य, सशक्त समाज की नींव का आधार

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि महिला स्वास्थ्य किसी भी सशक्त समाज की नींव का आधार है। सरकार महिला स्वास्थ्य जागरूकता और देखभाल सुविधा के सशक्तिकरण के लिये सतत प्रयासरत है। शुक्ल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वॉक फॉर हेल्थ, वॉक फॉर अवेयरनेस वॉकथॉन में सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि शासकीय कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में विकसित किये जा रहे प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इनफर्टिलिटी सेंटर महिला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र में महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य समाधान की सेवाएं होंगी। वॉकथॉन का आयोजन 8 मार्च को सुबह 7 बजे अटल पथ भोपाल से किया जाएगा। वॉकथॉन में महिला स्वास्थ्य, बांझपन और कैंसर से बचाव के प्रति जागरूकता का प्रसार करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही काटजू अस्पताल में विकसित किये जा रहे प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इनफर्टिलिटी सेंटर की सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए मप्र व राजस्थान मिलकर करेंगे काम : सीएम

### श्रीकृष्ण गमन स्थलों को किया जाएगा चिन्हित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को (समत्व भवन) मुख्यमंत्री निवास में श्रीकृष्ण पाथेय के संबंध में विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण पाथेय के संदर्भ में मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार एकमत है। हम राजस्थान सरकार के साथ मिलकर श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। सीएम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के गुजरात गमन पथ के विकास के लिए हम गुजरात सरकार से सहयोग लेकर इस दिशा में काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का ईश्वरीय स्वरूप तो स्तुत्य है ही, हमारी सरकार उनके दूसरे महत्वपूर्ण पक्षों को भी समाज के समक्ष प्रकाश में लाएगी। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के उज्जैन में शिक्षा ग्रहण करना, सुदामा से मित्रता निभाना, वनवासी से प्रेम और गुरु-शिष्य परंपरा की मिसाल कायम करने जैसे प्रसंग शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए सभी समितियों को सक्रिय किया



गमन पथ के लिए गुजरात से भी लेंगे सहयोग, श्रीकृष्ण के दूसरे पक्षों को भी करेंगे उजागर

जाए। पुरातत्वविदों, धर्माचार्यों एवं भगवान श्रीकृष्ण साहित्य के अच्छे लेखकों को भी इस समिति में जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण पाथेय के विकास के लिए भोपाल में आयोजित इस बैठक के अलावा उज्जैन और राजस्थान के जयपुर या भरतपुर या ब्रज या चौरासी कोस या अन्य किसी विशिष्ट स्थल पर समिति बैठकें की जाएं। इससे दोनों राज्यों में श्रीकृष्ण पाथेय के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा।

बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्य राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त ओंकार सिंह लखावत, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार डॉ. श्रीराम तिवारी, उज्जैन के डॉ. शैलेंद्र शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी सहित अन्य सदस्य और अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर और कलेक्टर उज्जैन ने भी बैठक में वर्चुअली सहभागिता की।

#### समिति श्रीकृष्ण गमन स्थलों को करें चिन्हित

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे इतिहास में भगवान श्रीकृष्ण का भारत देश (जम्बूद्वीप) के कई क्षेत्रों में आवागमन का उल्लेख मिलता है। समिति भगवान श्रीकृष्ण के उन सभी गमन स्थलों को चिन्हित कर इनका अभिलेखीकरण करें। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम को श्रीकृष्ण पाथेय के विकास एवं विस्तार के लिए केंद्र बिंदू बनाया जा सकता है। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा लोक कल्याण के लक्ष्य पूर्ति के लिए यद्यपि मथुरा, उज्जैन, द्वारिका, ब्रज मंडल, मेवात, हाड़ौत, मालवा, निमाड़, गुजरात, राजस्थान, विदर्भ, महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों की यात्राएं की गई, तथापि उनकी यात्रा का प्रमुख केन्द्र उज्जैन ही रहा था।

#### धार्मिक त्यौहारों में सरकार की सहभागिता बढ़ी

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक त्यौहारों में सरकार की सहभागिता बढ़ी है। हमने दशहरे में शस्त्र पूजा, दीपावली पर गोवर्धन पूजा और हाल ही में गीता जयंती भी मनाई है। प्रदेश के 17 पवित्र व धार्मिक शहरों में हमने शराबबंदी लागू करने का निर्णय ले लिया है। इससे समाज में एक अच्छे संदेश का संचार हुआ है। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार श्रीकृष्ण पाथेय के लिए फोकस्ड होकर काम करेगी। भविष्य में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी अन्य लीलाओं को भी हम इस कार्य से जोड़ेंगे।

#### सरकार फोकस्ड होकर काम करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक त्यौहारों में सरकार की सहभागिता बढ़ी है। हमने दशहरे में शस्त्र पूजा, दीपावली पर गोवर्धन पूजा और हाल ही में गीता जयंती भी मनाई है। प्रदेश के 17 पवित्र व धार्मिक शहरों में हमने शराबबंदी लागू करने का निर्णय ले लिया है। इससे समाज में एक अच्छे संदेश का संचार हुआ है। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार श्रीकृष्ण पाथेय के लिए फोकस्ड होकर काम करेगी। भविष्य में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी अन्य लीलाओं को भी हम इस कार्य से जोड़ेंगे।

# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का दूसरा ट्रायल रन शुरू



### अब 180 किलो कचरा प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जाएगा

सत्ता सुधार ■ भोपाल/इंदौर

भोपाल से पीथमपुर आए 337 टन कचरे के निपटान के लिए रामकी कंपनी में दूसरा ट्रायल रन शुरू हो गया। बुधवार देर रात भस्मक में कचरा डालने का सिलसिला शुरू हो गया था। दूसरा चरण शनिवार तक चलेगा। इसके बाद दस टन का तीसरा ट्रायल रन होगा। उसकी रिपोर्ट जबलपुर हाईकोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी, हालांकि सामान्य स्थिति रहने के बाद कचरा जलाने का काम जारी रहेगा। पीथमपुर में जनवरी माह में ही कचरा जलाने की तैयारी हो गई थी, इसके लिए 2 जनवरी को कचरा भोपाल से 12 कंटेनरों में पीथमपुर लाया गया था, लेकिन कंपनी की सारी तैयारी जनता के विरोध के कारण प्रभावित हुई थी। इसके बाद 57 दिन तक कचरा कंटेनरों में ही रहा। कोर्ट ने तीन चरणों में ट्रायल रन करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद गत दिनों कचरा जलाने का काम शुरू हुआ था। यह प्रक्रिया प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अफसरों और वैज्ञानिकों की मौजूदगी में कराई जा रही है। पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जा रहा था। 10 किलो के पैकेट में साढ़े चार किलो चूना और साढ़े चार किलो जहरीले कचरे का मिश्रण मिलाया गया था। पहले चरण में उत्सर्जित गैसों की मात्रा तय मापदंडों से काफी कम मिली। इसके बाद अब 180 किलो कचरा प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जाएगा। दस टन कचरे को जलाने में 60 घंटे से अधिक का समय लगेगा। दूसरे ट्रायल रन के दौरान भी रामकी कंपनी और आसपास के क्षेत्रों में लगे उपकरणों के माध्यम से प्रदूषण के स्तर पर निगरानी रखी जाएगी।

# मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना विधवा जीवन में नव संचार का माध्यम: कुशवाह

सत्ता सुधार ■ भोपाल



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना असमय विधवा हो चुकी बहनों के जीवन में नव-जीवन के संचार का माध्यम है। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। योजना में इस वित्त वर्ष में 709 कल्याणी बहनों को 14 करोड़ 18 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। योजना में गत वित्तीय वर्ष में 510 कल्याणी हितग्राहियों का आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी।

**विभागीय अधिकारियों को दिए योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश**

प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश में निवासरत कल्याणियों (विधवा) को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर, नये जीवन की शुरूआत के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। योजना में विवाह के बाद कल्याणी बहन को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ कल्याणी बहनें आसानी उठा सकें इसके लिए विभाग द्वारा कल्याणी विवाह पोर्टल बनाया गया। पोर्टल से योजनाओं की जानकारियां प्राप्त की जा सकती है।


उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है कि कल्याणी बहन और उनका जीवनसाथी मध्यप्रदेश के निवासी हो। विवाह के समय कल्याणी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक व कल्याणी के पति की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक हो। कल्याणी आयकरदाता न हो तथा कल्याणी शासकीय कर्मचारी/अधिकारी न हो, किसी राज्य व केंद्र सरकार या शासन हित पोषित निगम, उपक्रम, संस्था के अधीन कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी न हो। कल्याणी को परिवार पेंशन प्राप्त न हो रही हो, कल्याणी का जिस व्यक्ति से विवाह हुआ हो उसकी पूर्व से कोई जीवित पत्नी न हो तथा कल्याणी व कल्याणी के पति की समग्र आई.डी. में पंजीयन होना आवश्यक है।

### वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भीम बैटका का किया भ्रमण

# स्थलों का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत जरूरी: पनगढ़िया

सत्ता सुधार ■ भोपाल

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. सौम्य कांति घोष एवं डॉ. मनोज पांडा ने भीम बैटका का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदेश की ऐतिहासिक और भारतीय संस्कृति की समृद्ध धरोहर को नजदीक से जाना। वित्त आयोग के सदस्यों ने कहा कि भीम बैटका जैसे ऐतिहासिक स्थल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। इन स्थलों का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा भीम बैटका में शैलाश्रय तथा शैलचित्रों का अवलोकन किया गया। पुरा पाषाण काल से मध्य ऐतिहासिक काल तक यह स्थान मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। यहां के शैल चित्र मुख्यतः सामूहिक नृत्य, रेखांकित मानवाकृति, शिकार, पशु-पक्षी, युद्ध और प्राचीन



मानव जीवन के दैनिक क्रियाकलापों से जुड़े हैं।

चित्रों में प्रयोग किये गए खनिज रंगों में मुख्य रूप से गेरुआ, लाल और सफेद रंग का उपयोग किया गया है। आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों को भीम बैटका में प्रस्तावित रॉक आर्ट इको पार्क म्यूजियम के बारे में बताया गया। आयोग के सदस्यों को गाइड रवि यादव द्वारा शैलाश्रयों तथा शैलचित्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**बयान** बजट सत्र को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बोले-

# सरकार जितना बड़ा बजट लाएगी उतना प्रदेश पर बढ़ेगा कर्ज

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश का विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा इससे पहले कांग्रेस सरकार को कई मुद्दों पर घेरने के लिए तैयारी में जुटी हुई है। सत्र शुरू होने से पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बजट को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि बीजेपी लोकतंत्र को मर्यादा की नहीं मानती। बजट सत्र 40 दिन दिन तक चलता है, लेकिन बीजेपी ने इसे 9 दिन का कर दिया। जीतू पटवारी ने आगे कहा कि



सरकार खुद के विधायक को 15 करोड़ और विपक्ष के विधायकों को ज़ीरो रुपए देती है। बीजेपी वाले जनता का विरोध करते हैं, जो बीजेपी को वोट नहीं देगा उसका विकास नहीं होगा। सरकार जितना बड़ा बजट लाएंगी, उतना कर्ज होगा। कर्ज लो, बजट बनाओ, कमीशन कमाओ और सौरभ शर्मा बनाओ ये काम सरकार का है।

विधायकों से विधानसभा में सरकार की उपलब्धियां गिनाई जाने को लेकर पटवारी ने कहा कि मैं सरकार से सवाल करता हूं कि सरकार अपनी 5 उपलब्धियां बतादे मै सीएम का नागरिक अभिनंदन करूंगा अगर आप 5 नहीं बता पाए, तो में 500 नाकामियां बता दूंगा। बीजेपी की सरकार में महिलाओं, किसान, गरीब, सबको छला गया है। जीतू पटवारी ने आगे कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो गया है..पुलिस वाले रिश्वत लेते हुई पकड़ाए जा रहे है। अगर पुलिस वाले वसूली ना करे तो अगले दिन वो सस्पेंड हो जाता है। हमारे प्रदेश में गृह विभाग छुट्टी पर हैं। ये सरकार नहीं सर्कस चल रहा है।

मध्यप्रदेश गोहद विधायक केशव देसाई को जान से मारने की धमकी पर जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में गुंडा राज चल रहा है, और हमारे एक विधायक को अस्पताल संचालक जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस मामले को हम विधानसभा सत्र में उठाएंगे। एपिल हॉस्पिटल संचालक अमित यादव और उनके भाई अंकित यादव पर जान से मारने का इल्जाम है। गोहद से कांग्रेस विधायक केशव देसाई ने विधानसभा में अस्पताल के घोटालों पर प्रश्न उठाने को कहा था यह मामला मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाई कमान तक पहुंच चुका है।

# 3 फर्म ब्लैक लिस्टेड, दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसमें हर माह की 5 और 20 तारीख को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

गत दिवस लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा सात जिलों में निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान कुल 34 कार्यों को रैंडम आधार पर चयनित किया गया, जिनमें 14 कार्य पीडब्ल्यूडी सड़क व पुल, 10 कार्य पीआईयू, 8 कार्य मप्र सड़क विकास निगम तथा 2 कार्य मप्र भवन विकास निगम के अंतर्गत आए। निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस बैठक में केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता, प्रमुख अभियंता, उपसचिव लोक निर्माण विभाग, समस्त मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### कठेली गांव के पास अनियंत्रित कार ने मोटरसाईकिल मे मारी टक्कर, दो घायल

**खुरई/सागर।** क्षेत्र के कठेली गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने मोटरसाईकिल में जोड़दार टक्कर मार दी। जिसमें महिला सहित दो लोग घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी अनुसार क्रांतिबाई अहिरवार निवासी चकरपुर थाना राहतगढ़ अपने पुत्र के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने खुरई के पास हरदुआ गांव गए थे। वहा से वापिस लौटते समय कठेली गांव के पास अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनो घायल हो गए। घायलो को खुरई सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। महिला के हालत गंभीर होने पर उसे सागर रैफर कर दिया गया।

### जरुआखेड़ा रेलवे फाटक के पास अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा



**जरुआखेड़ा/सागर।** सागर मार्ग जरुआखेड़ा रेलवे फाटक के पास बुधवार रात 8 बजे अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे मैं ट्रक ड्राइवर घायल हो गया है, जिसे 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया है।मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक खुरई से सागर की तरफ आ रहा था ट्रक में कबाड़ भरा हुआ था जो जरुआखेड़ा रेलवे फाटक के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं ट्रक में बैठे ड्राइवर घायल हो गया,सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल ड्राइवर को अस्पताल भेजा गया है।

### पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ घटित घटना की कड़ी शब्दों में की निंदा

**सागर।** गत बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार मुकुल शुक्ला के साथ खनिज विभाग के अधिकारी द्वारा अभद्रता करने की घटना की मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कड़े शब्दों में निंदा की है।



उन्होंने कहा कि पत्रकार साथी के साथ घटित घटना की रिपोर्ट थाना गोपालगंज पुलिस द्वारा ना लिखा जाना और रिपोर्ट लिखाने के लिए पत्रकार साथियों के द्वारा कई घण्टों तक प्रदर्शन करने के बाद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट ना लिखना बेहद दुखद और पुलिस प्रशासन की दोषपूर्ण कार्य प्रणाली भी उजागर करता है। श्री चौधरी ने कहा है कि पत्रकार साथी मुकुल शुक्ला के साथ घटित घटना यह कोई पहली घटना नहीं है इसके पूर्व में भी कई पत्रकार साथियों के साथ इस तरह की घटनाएं घटित होने के साथ-साथ उन पर झूठे प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं जिसकी जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने पत्रकार साथी मुकुल शुक्ला के साथ घटित घटना की सूक्ष्म व निष्पक्ष जांच की जाकर कार्यवाही की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा यदि कोई बीमार हो जाए तो देवरी लेकर जाना पड़ता

# ग्राम सिंगपुर में सप्ताह में 2 दिन खुलता है आरोग्य मंदिर

सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाने का उद्देश्य भले ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है लेकिन यदि वही आरोग्य मंदिर सप्ताह में 2 दिन खुला तो ग्रामीणों को शासन की योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पाता, हां लेकिन अधिकारी कर्मचारियों को वेतन तो पूरा मिलता है।यही स्थिति देवरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिंगपुर गंजन का है इस ग्राम में आरोग्य मंदिर सप्ताह में दो दिन खुलता है जिसके चलते ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नियम अनुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाए तो उसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा लेकिन सप्ताह में केवल दो दिन



खोलने से यदि कोई बीमार हो जाता है तो ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है और देवरी उप स्वास्थ्य केंद्र में ले जाना पड़ता है स्थिति यह है कि यदि कोई सामान्य बुखार भी हो तो केंद्र न खोलने से ग्रामीण परेशान हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केवल दो दिन खुलने से पूर्ण उपचार नहीं मिल पाता उनका कहना है कि फील्ड पर भी डॉक्टर दिखाई नहीं देते सप्ताह में कम से कम चार दिन तो खुलना चाहिए ताकि आम लोगों को आरोग्य मंदिर का लाभ मिल सके।

### देवरी ब्लॉक में 22 आयुष्मान आरोग्य मंदिर

देवरी विकासखंड के अंतर्गत लगभग 22 आयुष्मान आरोग्य मंदिर वर्तमान में संचालित है। जानकारी के अनुसार आधा दर्जन ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर नियमों का पालन करते हुए समय पर खुलते हैं शेष की स्थिति बेहद खराब है स्थिति वही है कि सप्ताह दो या तीन दिन आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाते हैं। वहीं फील्ड पर भी डॉक्टर नहीं जाते जिसके चलते ग्रामीण परेशान है। इस संबंध में यदि जिला स्तरीय टीम द्वारा छापा मार कार्रवाई की जाए तो वास्तविक स्थिति भी अधिकारी को पता चल जाएगी की किस प्रकार से आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही है।ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक इलाज की बहुत आवश्यकता है यदि ग्रामीणों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर का पूरा लाभ मिले तो वह फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर नहीं जाएंगे और इससे कई मौत होने से रोकी जा सकता है लेकिन अधिकारी ऐसा नहीं करते जांच के नाम पर भी औपचारिकता चलती है। यदि वास्तविक स्थिति देखनी है तो ग्रामीण क्षेत्र के आरोग्य मंदिर में जाकर देखी जा सकती है जो सप्ताह में कभी कबार ही खुल रहे हैं।

#### इनका कहना है

दो दिन डॉक्टर फील्ड पर होते हैं टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें वह व्यस्त रहते हैं,उक्त मामले में जांच कराई जाएगी।

**डॉ आशीष जैन सीबीएमओ देवरी**

# भ्रष्टाचार के आरोप में डूबे खनिज अधिकारी ने पत्रकार पर दर्ज कराया फर्जी प्रकरण

## पत्रकार के साथ की मारपीट, पत्रकार धरने पर बैठे लेकिन नहीं लिखी गई एफआईआर

सत्ता सुधार ■ सागर

जिले में हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर जब एक पत्रकार ने खनिज अधिकारी अनित पंड्या के पास पहुंचे और उन्होंने अधिकारी से बात की तो अधिकारी ने कहा कि कलेक्टर एवं मंत्री अवैध उत्खनन करवा रहे हैं तो पत्रकार मुकुल शुक्ला ने कहा कि यह बात आप कैमरे के सामने कहें जब मुकुल शुक्ला ने मोबाइल का कैमरा चालू करके खनिज अधिकारी अनित पंड्या से पूछा तो वह गुस्से में आ गए और उन्होंने पत्रकार के साथ झूमा झटकी करते हुए मोबाइल फेंक दिया वही गाली गलौज भी की। जानकारी देते हुए पत्रकार मुकुल शुक्ला ने बताया कि वह घटनाक्रम के बाद अधिकारी द्वारा कई लोगों से फोन लगाकर दबाव बना रहे थे इसी बीच पत्रकार साथियों द्वारा कमिश्नर कार्यालय जाकर ज्ञापन भी दिया ज्ञापन के माध्यम से अवैध उत्खनन एवं पत्रकार के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी, फिर पत्रकार मुकुल शुक्ला को पता चला कि उनके ऊपर फर्जी तरीके से एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसकी बात पूरे पत्रकार एकजुट हो गए और सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो और उन पर मामला दर्ज हो



लेकिन उक्त मामले में पत्रकार लगभग 6 घंटे से धरने पर बैठी रहे लेकिन इसकी बात भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

### अधिकारी के कार्यकाल में हुए अवैध उत्खनन की जांच की मांग

खनिज अधिकारी अनित पंड्या के कार्यकाल में सागर जिले में हुए अवैध उत्खनन की जांच की मांग की जा रही है। बताया जा रहा है कि करोड़ों रुपए के राजस्व चोरी कर पूरे जिले में अवैध रूप से उत्खनन हुआ है जिसकी जिम्मेदारी खनिज अधिकारी की है लेकिन खनिज अधिकारी द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते खनिज अधिकारी जांच के दायरे में है कि आखिर पूरे जिले में बिना उनकी सहमति के अवैध उत्खनन कैसे हो सकता है आखिर अवैध उत्खनन क्यों हुआ, जब इनके पास पूरी टीम है और अवैध उत्खनन रोकने का कार्य खनिज विभाग के पास होता है तो यह अवैध उत्खनन रोकने में नाकाम क्यों है। इस मामले में पूर्ण जांच होनी चाहिए वहीं उनकी संपत्ति के संबंध में भी जांच की मांग की जा रही है कि आखिरकार एक अधिकारी गुंडा कैसे बन सकता है। कैसे पत्रकार के साथ मारपीट कर सकता है कैसे अभद्रता कर सकता है।

### आखिर क्यों नहीं हो रही एफआईआर दर्ज

कानून में प्रावधान है कि जब किसी भी व्यक्ति के साथ गाली गलौज मारपीट एवं भद्रता होती है तो कानून के तहत मामला दर्ज होना चाहिए लेकिन पत्रकार की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज न करना किस बात की ओर संकेत देता है क्या प्रशासनिक तानाशाही बढ़ गई है या खनिज अधिकारी की गुंडागर्दी के बाद भी प्रशासन ऐसे अधिकारियों के पक्ष में हैं।

### पूरे जिले भर में दिए जाएंगे ज्ञापन

पत्रकार के साथ हुए अभद्र व्यवहार को लेकर पूरे जिले भर में पत्रकारों द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा।ज्ञापन के साथ धरना प्रदर्शन एवं जिले में हुए अवैध उत्खनन के संबंध में पूरी सूचना प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी ताकि ऐसी अधिकारी बेनकाब हो जो गुंडागर्दी पर उतारू हो गएहैं।

शाहगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# लापता 25 लाख की लोहे की सरिया यूपी से की जब्त



### दलाल आरोपी गिरफ्तार मुख्य आरोपी फरार

सत्ता सुधार ■ शाहगढ़/सागर

छत्तीसगढ़ के रायपुर से ट्रक क्रमांक यूपी 93 बीटी 5786 में लोड 43 टन लोहे की सरिया कीमत लगभग 25 लाख रुपये की ट्रक चालक रामसिंह राजपूत द्वारा खुर्द दुर्द कर ट्रक शाहगढ़ थाना क्षेत्र के हीरापुर में छोड़कर लापता होने की घटना की शिकायत दिनारा जिला शिवपुरी निवासी ट्रांसपोर्टर सौरभ गुप्ता द्वारा शाहगढ़ थाना में 01 मार्च को दर्ज कराई गई थी चूंकि मामला विश्वासघात कर 25 लाख रुपये की सरिया खुर्द दुर्द करने का था इसलिए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप खरे ने गंभीरता से तलाशी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी।हमने भी खबर को प्रमुखता से अखबार में प्रकाशित किया जिससे वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी एवं मसरुका की तलाशी करने एस डी ओ पी श्रीमती शिखा सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की जिसमें थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप खरे ,हीरापुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ठाकुर सहित प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों को शामिल कर तलाशी शुरू कर तीन दिन में बड़ी सफलता हासिल की है पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तलाशी विवेचना के दौरान टीकमगढ़ निवासी दीपक चौरसिया से की गई पूछताछ में बताया गया कि ट्रक ड्राइवर रामसिंह उर्फ दद्दा के साथ मिलकर दोनों ने लोहे की 43 टन सरिया मऊरानीपुर उत्तरप्रदेश निवासी भूपेंद्र यादव को बेची है।दीपक चौरसिया निवासी टीकमगढ़ के बताये अनुसार पुलिस मऊरानीपुर उत्तरप्रदेश स्थित भूपेंद्र यादव की दुकान पर पहुचे जहा से 25 लाख रुपये की सरिया बरामद की गई , मुख्य आरोपी ट्रक ड्राइवर रामसिंह एवं 25 लाख की सरिया खरीदने वाला भूपेंद्र यादव दोनों फरार है वही दलाल दीपक चौरसिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# मांगों को लेकर खुरई विकासखंड के सेवानिवृत शिक्षकों को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

**खुरई/सागर।** विकासखंड के सेवानिवृत शिक्षकों ने अर्जित अवकाश नगरीकरण(ई एल भुगतान) दिलाने और सेवानिवृत्ति के पश्चात वेतनवृद्धि लगाए जाने को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेख है कि 3 वर्षो से खुरई विकासखंड के सेवानिवृत शिक्षकों का अर्जित अवकाश नगरीकरण (ई एल भुगतान,300 दिनों का वेतन) नहीं किया गया है। जबकि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को शिविर के माध्यम से खुरई के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य को आदेशित किया। इसके बाद भी ई. एल. का भुगतान नहीं किया गया। इसके अलावा विकासखंड के सेवानिवृत शिक्षकों का उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश परिपालन में 30 जून को सेवानिवृत के पश्चात आगामी तिथि 1 जुलाई पर वेतन वृद्धि लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि इस संबंध में 13 नवंबर 2024 और इसके पूर्व में सभी ने न्यायालय के प्राप्त आदेश निराकरण के लिए जमा किए थे। इसके बाद भी आज तक कार्यवाही नहीं हुई हमे अवगत भी नहीं कराया गया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का अर्जित अवकाश नगरीकरण भुगतान करवाने और एक जुलाई से वेतन वृद्धि लगाए जाए।ज्ञापन देने वालों में अरविंद जैन,सीताराम चौबे,भवानी प्रसाद, कामता प्रसाद चौधरी,परमलाल अहिरवार, इंद्रजसिंह राजपूत, दयाराम , कैलाश सोनी,हरिसिंह राजपूत,हरिशंकर सेन सहित मौजूद रहे।

# कक्षा दसवीं में संस्कृत के में 11 परीक्षा केंद्रों पर 2365 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए

सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर

गुरुवार को मंडल वार्षिक बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कक्षा- दसवीं संस्कृत- विषय का प्रश्न पत्र सम्पन्न हुआ। जिसमें खुरई विकास खंड अंतर्गत 11 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कुल दर्ज 2402 में से 2365 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। नोडल अधिकारी डॉ विनोद राय ने बताया कि शास.पं.के.सी. शर्मा विद्यालय परीक्षा केंद्र पर 452 कुल दर्ज परीक्षार्थी जिसमें 445 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 07 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार विकास खंड खुरई के सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



दल प्रमुख एसडीएम मनोज कुमार चौरसिया, तहसीलदार यशवर्धन सिंह, बीईओ निरीक्षण दल में अनिल पटेल, संतोष कुमार सोनी ने क्रमशः गढौलाजागीर, सिलौधा, बसाहरी,खिमलासा, पथरिया जैगन,माडल, कन्या, ललिता शास्त्री, शास.पं.के.सी.शर्मा विद्यालय खुरई का निरीक्षण किया गया। विकास खंड शिक्षा कार्यालय में परीक्षा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम प्रभारी श्रीमती स्वल्पना नायक, सीपी पटैरिया, संजीव राय,सहा.लिपिक द्वारा परीक्षा दिवस में विकास खंड अंतर्गत मंडल परीक्षा केंद्रों से परीक्षार्थीयों की जानकारी लेकर संधारित की जा रही है।

# भाजपा सांसद द्वारा पूर्व सीएम के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्त्ताओ ने म.प्र.की भाजपा सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताने और भाजपा सांसद बंटी साहू द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रति की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई द्वारा हाथो मे स्लोगन लिखी तख्तियाँ लेकर विरोध प्रदर्शन किया। साथी ही न्याय की मांग व मंत्री पद से त्यागपत्र दिलाए जाने को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम मनोज चौरसिया को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन का वाचन कर ब्लॉक अध्यक्ष



एड.शाकिर खान ने कहा की मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा जनता को भिखारी कहना न केवल प्रदेश की जनता का अपमान है, बल्कि उनके अहंकार की पराकाष्ठा को दर्शाता है। यह बयान जनभावनाओं को आहत करने वाला है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम मांग करते हैं कि मंत्री प्रहलाद पटेल अपने इस अमर्यादित बयान के लिए प्रदेश की जनता से तत्काल माफी मांगें एवं इस्तीफ़ा दे। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ.आनंद अहिरवार, पूर्व प्रदेश सचिव हरविंदर सिंह चावला, प्रदेश प्रतिनिधि आशु भाईजान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र प्रसाद दुबे ने कहा की प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल एवं सांसद बंटी साहू द्वारा दिया गया बयान न केवल निंदनीय है, बल्कि उनकी अपरिपक्व सोच और गैर-जिम्मेदाराना राजनीतिक दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। भाजपा सरकार अपने नेताओ के इस तरह के अनर्गल बयानों पर सख्त से सख्त कार्रवाई कर बर्खास्त करे।

बैठक | सागर जिले में आजीवन सहयोग निधि संग्रह 12 मार्च तक पूर्ण करें श्याम तिवारी जिला अध्यक्ष भाजपा

# आजीवन सहयोग निधि अभियान की संभागीय समीक्षा बैठक 18 को

सत्ता सुधार ■ सागर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आजीवन सहयोग निधि अभियान की जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को धर्म श्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की उपस्थिति में आयोजित की गई बैठक में विधानसभा वार आजीवन सहयोग निधि अभियान



की प्रगति संबंधी जानकारी जिला सह प्रभारी जगन्नाथ गुरैया,चैन सिंह ठाकुर ने प्रस्तुत की बैठक में आगामी 18 मार्च को सागर में आयोजित वाली अभियान सम्बन्धी संभागीय बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा की जिले की सभी विधानसभाओं के मंडलों में आजीवन सहयोग निधि अभियान को लेकर मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने मिलकर सराहनीय कार्य किया है जिसके चलते हमने अभी तक लगभग 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है कुछ विधानसभाओं में लक्ष्य से अधिक आजीवन सहयोग निधि का संग्रह हो चुका है शेष विधानसभाओं में भी हम विशेष अभियान चलाकर आगामी 12 मार्च तक लक्ष्य की प्राप्ति के साथ अभियान को विराम देना है जिसके लिए सभी मंडल अध्यक्ष कार्ययोजना तैयार कर कार्य में जुटें। नगर निगम अध्यक्ष एवं अभियान जिला प्रभारी वृंदावन अहिरवार ने कहा कि यह पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हम समय के पूर्व हम लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर है एवं आगामी 12 मार्च तक लक्ष्य से अधिक आजीवन सहयोग निधि का संग्रह कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। बैठक में जिला कार्यालय मंत्री देवेन्द्र कटारे,जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता,मनीष चौबे,विक्रम सोनी,रीतेश मिश्रा,अमित बैसाखिया,अंशुल परिहार, अंशुल हर्षे दीपक जैन,जय सोनी,सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

# पेयजल संकट के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ सागर

सागर के बंडा नगर में पानी की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार को बरा चौराहे पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जमा हुए। जहां नुक्कड़ सभा करने के बाद रैली के रूप में नगर परिषद कार्यालय पहुंचे।

रैली के दौरान पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी समेत अन्य कांग्रेसी सिर पर मटके रखकर चल रहे थे। उन्होंने नगर परिषद कार्यालय परिसर में जलसंकट का विरोध करते हुए मटके फोड़े। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। दरअसल बंडा नगर में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं हो रही है। जिस कारण नगर के लोग जलसंकट से जूझ रहे हैं। पानी की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। पानी के अलावा उन्होंने नाली, सीसी रोड निर्माण समेत अन्य समस्याओं का भी निराकरण कराने की मांग की है।बंडा से पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि नगर में एक-एक सप्ताह तक पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। सभी वार्डों में नाली और अन्य सफाई नियमित नहीं हो रही है। हर तरफ मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारियां फैलेंगी।

### सीटी इंसीडेंट के संबंध में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

# एनएसजी कमांडो ने पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को दी फर्स्ट रिस्पॉन्डर की ट्रेनिंग

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सीटी इंसीडेंट के संबंध में फर्स्ट रिस्पॉन्सर के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सभागार में हुआ। जिसमें एनएसजी कमांडो द्वारा मौजूद पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर क्या ऐहतियाब बरतना चाहिए, इसकी ट्रेनिंग दी गई।






पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में ग्वालियर जोन आईजी अरविंद कुमार सक्सेना के निर्देश एवं एसपी धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में ग्वालियर जोन के पुलिस अधिकारियों के लिए काउंटर टेरोरिस्ट इंसीडेंट रिस्पॉन्स ट्रेनिंग फॉर फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स बाय एनएसपी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप के नोडल अधिकारी व हेडक्वार्टर डीएसपी रोबिन जैन की उपस्थिति में प्रशिक्षण देने आए एनएसजी के टीम कमांडर टीसी शक्ति कपूर व एनएसजी कमांडो संजय द्वारा लगभग 70 पुलिस अधिकारियों को एनएसजी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। कार्यशाला के शभारंभ अवसर पर एसपी धर्मवीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण देने आए एनएसजी के टीम कमांडर व कमांडो को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों से कहा कि हमारे देश में कुछ ऐसे संगठन हैं जो भारत के लिए चिंता का विषय हैं। जब भी कहीं आंतकी घटना घटित होती है, तथा फर्स्ट रिस्पॉन्डर उस स्थिति को संभाल नहीं पाते हैं, तब एनएसजी उन हालात को संभालने का कार्य करती है। हम पुलिसकर्मी हर एक घटना में फर्स्ट रिस्पॉन्डर होते हैं जो सबसे पहले उस घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश करते हैं। कभी कोई आंतकी घटना घटित होती है या आंतकी हमला होता है उस स्थिति में फर्स्ट रिस्पॉन्डर होने के नाते हमें किस प्रकार उस स्थिति को संभालना है, उसके संबंध में जानकारी देने के लिए आज हमारे बीच एनएसजी के ऑफिसर मौजूद हैं, जो इस प्रकार की स्थिति को कई बार संभाल चुके हैं। यह आप सभी को इस प्रकार की घटित होने पर क्या करना है उसके संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण देंगे और सभी को गंभीर होकर इस कार्यशाला का लाभ लेना है और इसे सफल बनाना है।

#### 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहती है एनएसजी फोर्स

एनएसजी टीम कमांडर टीसी शक्ति कपूर ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि आंतकी घटना घटित होने पर पुलिस और एनएसजी कैसे आपस में समन्वय स्थापित करके स्थिति को संभाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि देश में किन-किन राज्यों में उनकी एनएसजी की फोर्स तैनात है, जो 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहती है तथा आंतकी घटना होने पर तुरंत एक्शन में आ जाती है। वहीं उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को बताया कि आंतकी घटना किस -किस प्रकार की होती है ऐसी स्थिति फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं। उन्होंने बताया कि जिलों में होने वाले बड़े कार्यक्रमों में बम व आरडीएक्स जैसी सामग्री रखे जाने की अधिकांश संभावना होती है, ऐसे कार्यक्रमों में कैसे एंटी सेबोटाज चेक करके हम ऐसी विस्फोटक सामग्री का पता लगा सकते हैं। कार्यशाला के अंत में नोडल अधिकारी रोबिन जैन व डबरा एसडीओपी विवेक शर्मा द्वारा प्रशिक्षण देने हेतु आए एनएसजी के टीम कमांडर व कमांडो का आभार जताते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला में आरआई रणजीत सिंह सिकरवार, सूबेदार प्रेम राठौर, अनुपम भदौरिया, सोनम पाराशर, आयुष मिश्रा सहित ग्वालियर जोन के जिलों से आए पुलिस अधिकारी व एसडीईआरएफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को रोजगारोंन्मुखी पाठ्यक्रमों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



ग्वालियर। कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय का भ्रमण किया गयाद्ध इस अभियान के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान, महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय , ग्वालियर के प्रभारी डॉ. दीपक शर्मा के द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थिओं को विस्तार से अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन, सामान्य एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम और नवीन पाठ्यक्रमों जैसे कृषि में बी एस सी, लोजिस्टिक में सर्टिफिकेट कोर्स, चित्रकला विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, अन्तराष्ट्रीय सम्बन्ध, मनोविज्ञान, संस्कृत, वाणिज्य, प्रबंध, और पुस्तकालय विज्ञान के पाठ्यक्रम और एमएलबी महाविद्यालय ग्वालियर में उपलब्ध समस्त पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ग्वालियर में उपलब्ध विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सत्र 2025- 26 के विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. जेपी सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी, प्रो. विजय गंभीर, डॉ. सीता अग्रवाल प्राध्यापक अंग्रेजी, रजनी सिंह ग्रंथपाल और डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव, प्राध्यापक महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कांटे के मुकाबले में वार्ड 2 की टीम विजयी,वार्ड 1 की आसान जीत



**भितरवार।** क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर परिषद द्वारा आयोजित वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए दो मैचों में वार्ड 2 और वार्ड 1 की टीम ने प्रतिद्वंदी टीम को हराकर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। वार्ड क्रमांक 5 से कांटे के मुकाबले विजयी हुई वार्ड 2 और बिजली विभाग को आसानी से हराने वाली वार्ड 1 घाटमपुर की टीम के खिलाड़ी क्रमशः पुष्पेंद्र प्रजापति और कालू रावत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच रहे। गोलेश्वर महादेव महादेव मेला में वार्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। पं.दीनदयाल स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को वार्ड 2 और 5 की टीम के बीच हुए मुकाबले ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### कम्पू मीनार, मस्जिदों पर लाउडस्पीकर हटाने, मंदिर से मांस मीट दुकान हटाने 7 को सीएम को हिन्दू महासभा पत्र लिखेगी

**ग्वालियर।** कम्पू ईदगाह पर बनी मीनार को वफ्फ बोर्ड ने अवैध कर दिया। मीनार ऊंचाई से ग्वालियर का एयरवेज से उड़ान भरने वाले हवाई जहाज का को कभी भी कोई नुकसान हो सकता है। चामुण्डा धाम कोटेश्वर मंदिर से मीट की दुकान अभी तक नहीं हटाई गई। उत्तरप्रदेश की तर्ज पर मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारे जाएं। वही हिंदू महासभा ने चरणबद्ध आंदोलन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन से लेकर डीजीपी के नाम डीआईजी को प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए। लेकिन जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन मौन बनकर तमाशा देख रहा है। हिंदू महासभा ने 24 घंटे के अंदर आसमानी माता मंदिर से मुसलमान का अवैध कब्जा नहीं हटाने पर हिंदू महासभाइयों द्वारा अवैध कब्जा हटाने की घोषणा की थी जिस पर आसमानी माता मंदिर से वैसे हटा दी गई। हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने चेतावनी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को इंदरगंज थाना में हुई बैठक में एसडीएम, सीएसपी, नगर निगम जेडओ को दी है। हिंदू महासभा 7 मार्च को दोपहर 2ः00 बजे मुख्यमंत्री को पत्र हिन्दू महासभा भवन दौलतगंज लश्कर पर लिखकर मांग करेगी कि चामुंडा धाम कोटेश्वर मंदिर से मीट की दुकान हटाई जाए, शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था सुधरी जाए। मस्जिदों से माइक रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं बजाय उपरोक्त मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र हिंदू महासभा लिखेगी।

## झांसी मंडल के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा

■ स्टेशन पर लगे क्यू आर कोड से आसान हुई साधारण टिकट की राह

**ग्वालियर।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में झांसी मंडल यात्री सुविधाओं में निरंतर विकास के साथ-साथ डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रहा है द्ध मंडल के सभी स्टेशनों पर अनारक्षित खिड़की हो या आरक्षण खिड़की दोनों प्रकार के काउंटर पर डिजिटल भुगतान हेतु क्यूआर कोड सुविधा भी उपलब्ध है। उक्त सुविधा क्रियान्वयन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में किया गया है, जिस पर उनके द्वारा विशेष बल दिया गया। उक्त सुविधा से यात्रियों को लेनदेन के दौरान होने वाली फुटकर पैसे आदि समस्याओं से स्थायी निदान मिल गया है, साथ ही टिकट खरीद और भुगतान राशी में कोई अंतर, भूल चूक जैसी संभावित समस्याएं भी खत्म हो गयी हैं। इसी क्रम में मंडल द्वारा सभी स्टेशन के टिकट बुकिंग प्रणाली पर क्यू आर कोड पेस्ट किये गए हैं, जिसको स्कैन कर यात्री किसी भी गंतव्य के लिए आसानी से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकता है, इसके लिए उसे स्टेशन के नाम को भी डालने की आवश्यकता नहीं होती है। क्यू आर कोड स्कैन करते ही स्टेशन का नाम आ जाता है। यात्री सिर्फ गंतव्य स्टेशन का नाम डालकर आसानी से टिकट प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही प्लेटफोर्म टिकट भी प्राप्त कर सकता है, इस सुविधा से जहाँ एक ओर पेपरलेस टिकटिंग को




बढ़ावा मिल रहा है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है द्ध मंडल में माह फरवरी 2025 में यूटीएस एप तथा क्यू आर के माध्यम से लगभग 84 हजार यात्रियों ने पेपरलेस प्राप्त किया, जिससे लगभग 85 लाख का राजस्व अर्जित हुआ। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप में पेपरलेस प्लेटफॉर्म टिकटिंग सहित कई अन्य आवश्यक फीचर्स जोड़े हैं। यह नई सुविधा यात्रियों को लंबी कतारों से बचाने और समय की बचत करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि पेपरलेस टिकटिंग एक सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल पहल है, जो यात्रियों को बिना कागजी टिकट के ही यात्रा करने की सुविधा प्रदान करती है। यह न केवल समय बचाने में मददगार है, बल्कि यह डिजिटल इंडिया अभियान को भी सशक्त करता है। पेपरलेस टिकटिंग विशेष रूप से अनारक्षित टिकट, प्लेटफार्म टिकट और लोकल ट्रेन यात्रा टिकट के लिए उपयोगी है। इस सुविधा के तहत यात्री यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग करके आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं और बिना प्रिंट किए मोबाइल पर ही टिकट दिखाकर यात्रा कर सकते हैं। रेलवे द्वारा पेपरलेस टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और यात्रियों को इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह सुविधा स्मार्ट यात्रियों के लिए एक अत्यंत उपयोगी पहल साबित हो रही है।

### टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता से यात्री का छूटा हुआ बैग सुरक्षित लौटाया गया

ग्वालियर। शुक्रवार को झाँसी मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता और तत्परता से एक यात्री का बहुमूल्य सामान सुरक्षित लौटाया गया। गाड़ी संख्या 20808 (हीराकुंड एक्सप्रेस) में कार्यरत नीरज यादव (टिकट चेकिंग स्टाफ) को झाँसी कंट्रोल ऑफिस (ष्टष्टहक्र) से सूचना मिली कि बी4 कोच की सीट संख्या 40 पर एक यात्री का बैग छूट गया है। नीरज यादव ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बैग को सुरक्षित बरामद किया। बैग में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और एक सैमसंग टैबलेट मौजूद था। तत्पश्चात आरपीएफ ग्वालियर की मौजूदगी में उक्त बैग को यात्री के परिजनों को सौंप दिया गया। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए नीरज यादव ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

## हिट एंड रनः तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

### रात एक बजे सिरोल इलाके में हुआ हादसा, ढाबे से काम कर लौट रहे थे दोनों युवक

**ग्वालियर।** हिट एंड रन के केसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसी क्रम में तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात एक बजे सिरोल इलाके में हुआ। बताया गया है कि दोनों युवक ढाबे पर काम करते थे, जहां से ड्यूटी खत्म करके वह वापस अपने घर लौट रहे थे। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए एवं शव को पीएम हेतु हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबीद्ध कर उसकी तलाश की जा रही है।

थाटीपुर स्थित सुरेश नगर में रहने वाले कल्लू वाल्मीक का बेटा शुभम वाल्मीक हाईवे स्थित वैष्णो ढाबे पर काम करता था। रोजना की भांति रात एक बजे के लगभग वह ड्यूटी खत्म कर अपने साथी राजाराम के साथ बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सिकरौदा चौराहे पर तेज रफ्तार में आए कंटेनर क्रमांक एमपी07 जीए 5231 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि आरोपी कंटेनर चालक उन्हें टक्कर मारकर वाहन सहित मौके से भाग निकला। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर सिरोल थाना पुलिस जब तक घटनास्थल पर पहुंची, तब तक शुभम की मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा घायल राजाराम को उपचार के लिए तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। वहीं शुभम के शव को पीएम हाउस भिजवाया। पुलिस द्वारा आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### इधर होटल कर्मी से मारपीट करने वालों पर नहीं हुई एफआईआर

डबरा में होटल बैजू बावरा में काम करने वाले अभिषेक जाटव (21 वर्ष) निवासी रामनिवास कॉलोनी डबरा का बीती 28 फरवरी को भोला सिंह व तोता रावत सहित दो अन्य लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिस पर उन्होंने अभिषेक का रास्ता रोककर उसकी मारपीट कर दी। इसके बाद अगले दिन यानि एक मार्च को उसके साथ होटल में भी मारपीट की गई। हालांकि यह पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। इन फुटेज को लेकर पीड़ित युवक द्वारा थाने के चक्कर काटे जा रहे हैं, लेकिन पुख्ता साक्ष्य होने के बावजूद पुलिस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करते हुए उसे लगातार टरका रही है।

## कलेक्टर ने साडा क्षेत्र में देखीं विकास की संभावनायें

■ नगर निगम आयुक्त एवं सीईओ साडा के साथ किया भ्रमण

**ग्वालियर।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) में विकास की संभावनाओं को तलाशने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी साडा प्रियांशु सक्सेना के साथ साडा क्षेत्र का भ्रमण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्टर चौहान ने भ्रमण के दौरान कहा कि ग्वालियर में अत्याधुनिक एयरपोर्ट के साथ ही साडा क्षेत्र में वेस्टर्न बाइपास का निर्माण भी शीघ्र होने जा रहा है, इस दृष्टि से साडा क्षेत्र में नए उद्योग एवं अन्य व्यवसाय भी तेजी से प्रारंभ हो सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि साडा क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा जो भूमि मांगी गई है, जिनमें सेंट्रल जेल, आईटीबीपी एवं अन्य संस्थायें शामिल हैं। यह संस्थायें शीघ्र साडा क्षेत्र में आएँ, इसके साथ ही अन्य संस्थाओं को भी साडा क्षेत्र में लाने के सार्थक प्रयास किए जाना चाहिए। कलेक्टर रुचिका चौहान ने यह भी कहा है कि साडा क्षेत्र में जहाँ-जहाँ प्लॉट्स हैं वहाँ पर योजना के नाम के शाइनेज लगाए जाएं। इसके साथ ही उपलब्ध भूमि के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिले, इसके लिये हर स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए ताकि इच्छुक संस्थायें एवं उद्योग साडा क्षेत्र में स्थापित हो सकें। उन्होंने ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा साडा से एयरपोर्ट तक बनने वाली सड़क के निर्माण के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साडा के सीईओ प्रियांशु सक्सेना ने साडा क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं वर्तमान में संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक प्लॉटों के विक्रय के प्रयास भी साडा द्वारा किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कई संस्थाओं द्वारा साडा क्षेत्र में भूमि की मांग की गई है, जिन पर कार्य किया जा रहा है। आगामी दिनों में अन्य योजनाओं के माध्यम से साडा में विकास के कार्यों को तेजी से किया जायेगा।

## समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे शिक्षक, छात्र हो रहे हैं परेशान

**भितरवार।** जिन गुरुओं के ऊपर छात्रों के भविष्य को गढ़ने का दायित्व है वे समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं । जिले में शिक्षा की सबसे बदतर हालत भितरवार ब्लॉक की है जहां निरीक्षण के दौरान आधा दर्जन स्कूल बंद पाए गए। पिछले दिनों बीआरसीसी कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान चीनोर और वनबार जन शिक्षा केंद्रों के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक विद्यालय टेकपुर शासकीय प्राथमिक विद्यालय वेरनी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय उर्वा वहीं भितरवार जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय उन्नत प्राथमिक विद्यालय महेशपुर, शासकीय प्राथमिक विद्यालय शर्मा चक ईटमा, शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिघारन, शासकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय आंतरी




सुबह 9 बजे बंद पाए गए थे।

### निरीक्षण करने वाले वीएसी को धमकाया

कुछ शिक्षक राजनीतिक रसूख के चलते अधिकारियों को भी नहीं गिनते। निरीक्षण के लिए आने वाले ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को धमकाने से भी बाज नहीं आते ऐसा ही मामला भितरवार ब्लॉक में आया था । पिछले दिनों बीएसी मुकेश यादव को शिक्षक द्वारा गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई थी।

### वरिष्ठ कार्यालय नहीं लेते एक्शन

बीआरसी कार्यालय को ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार है। लेकिन कुछ मामलों मे जिला परियोजना समन्वयक व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ग्वालियर को उक्त शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई हेतु पत्र भेजा गया, मगर कार्रवाई नहीं हुई।

### क्या कहते हैं पालक

हम लोग आर्थिक रूप से गरीब हैं, मेरी दो बेटियां सरकारी स्कूल में पढ़ रही हैं। शासकीय विद्यालय में पढ़ना हमारी मजबूरी है । सरकार अध्यापकों को अच्छी खासी सैलरी दे रही है लेकिन शिक्षक और शिक्षिकाएं शहर में रहने के कारण स्कूल समय पर नहीं आते।

**मोहन कुशवाहा**

### क्या कहते हैं अधिकारी

बीआरसीसी, बीएससी द्वारा निरीक्षण के दौरान जो स्कूल समय पर नहीं खुल रहे है। उन पर वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन लेकर उचित कार्रवाई करेंगे

**एल आर जर्मन**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**
**भितरवार**

## सड़क पर गोबर एवं गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गंदगी करने वाले एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं रेड स्पॉट करने वाले लोगों पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्वालियर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर



नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी अजय ठाकुर के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 5 मस्तान बाबा के पास गोबर सडक पर फेंकने पर 500 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही वार्ड 36 में दुकानदारों द्वारा सडक पर गंदगी फेंकने पर 1100 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सोनू वाल्मीकि, अर्जुन दास, फ्लाइंग स्क्वाड नंदेश कुमार आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में गंदगी फैलाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई जिसमें वार्ड 41 में 2000 रुपए, वार्ड 42 में 500 रुपए एवं वार्ड 43 में 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके सथ ही वार्ड 39 उमा कॉलोनी के रहवासियों के साथ स्वच्छता की बैठक की तथा उन्हों बताया कि अपने घरों पर दो-दो डस्टबिन रखें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके डोर टू डोर गाड़ी में ही डालें। इस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रामचंद्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ राहुल पथरोल आदि उपस्थित रहे। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी विवेक त्यागी के निर्देशन में पुरानी छावनी में गंदगी फैलाने वालों पर 500 रुपये का जुर्माना किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में हुई इफ्तार पार्टी

**बर्कशायर काउंटी।** ब्रिटेन संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में रमजान के मौके पर इफ्तार पार्टी आयोजित की गई। इस इफ्तार पार्टी में पीएम कीर स्टार्मर ने भी शिरकत की। इफ्तार पार्टी का आयोजन मंगलवार को ऑल-पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप ऑफ ब्रिटिश मुस्लिम द्वारा किया गया था। इसका आयोजन पहले स्पीकर हाउस में हुआ करता था, लेकिन पहली बार है कि यह इफ्तार पार्टी हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित की गई है। इस अवसर पर पीएम स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन के मुसलमान गाजा संघर्ष के कारण मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। ब्रिटेन के मुसलमान हर समुदाय में योगदान देते हैं, जो कि हमें स्वीकार करना चाहिए। हमें इस कठिन समय में उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना चाहिए। 2 मार्च 2025 को बर्कशायर काउंटी में स्थित शाही किले विंडसर कैसल में पहली बार सार्वजनिक इफ्तार का आयोजन किया गया।

### 13 वर्ष की उम्र में अमेरिका का सीक्रेट सर्विस एजेंट बना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के इतिहास में पहली बार 13 साल की उम्र में डीजे डेनियल को सीक्रेट सर्विस का एजेंट बनाया गया है। 13 वर्ष के इस बालक में पुलिस ऑफिसर बनने की बहुत इच्छा थी। इसको ब्रेन कैंसर हो गया है। यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पता लगी। उन्होंने उसे सीक्रेट सर्विस का एजेंट बनकर 13 वर्ष के युवक का सपना पूरा किया है। इस पद में नियुक्ति के बाद कैंसर जैसी बीमारी से ग्रस्त होने के बावजूद डेनियल की खुशी देखते ही बन रही है।

### आतंकी शरीफुल्लाह ने कोर्ट में की ट्रांसलेटर की मांग

**वॉशिंगटन।** अमेरिका को जिसकी तलाश थी, वह पूरी हो गई। अमेरिका का चार साल पुराना इंतजार खत्म हो गया। यह अब अमेरिकी के जख्म पर मरहम का काम करेगा। जी हां, अमेरिकी एजेंसियों ने जिस आतंकी को अफगानिस्तान से पकड़ा है, वह अमेरिका की धरती पर पहुंच चुका है। अफगानिस्तान के एबी गेट पर अमेरिकी सैनिकों की मौत का जिम्मेदार आतंकवादी शरीफुल्लाह अमरीका पहुंचा। यहां उसे वर्जीनिया की अलेक्जेंड्रिया स्थित संघीय अदालत में पेश किया गया। अमेरिका ने पहली बार उसकी तस्वीर भी जारी की है।अदालत में आतंकी शरीफुल्लाह को जज विलियम पोर्टर के सामने पेश किया गय। इस दौरान आतंकी शरीफुल्लाह ने बताया कि उसे अमेरिका में बोली जाने वाली भाषा समझ में नहीं आती। इसके बाद उसे दारी भाषा बोलने वाले दुभाषिया की मदद प्रदान की गई। कोर्ट में सुनवाई के दौरान आतंकवादी नीली वर्दी में था। उसके चेहरे पर फेस मास्क था। उसके साथ बड़ी संख्या में एफबीआई के एजेंट और सुरक्षा गार्ड थे। जज विलियम पोर्टर ने शरीफुल्लाहल और अमेरिकी सरकार की दलील सुनी। अदालत ने शरीफुल्लाह को उसके खिलाफ लगे आरोप बताए। इसके बाद उसे अगली सुनवाई तक हिरासत में रखने के आदेश जारी किया। उसकी अगली सुनवाई सोमवार की दोपहर होगी। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, शरीफुल्लाह को जफर, नासेर और अजमल के नाम से भी जाना जाता है।

#### कमजोर बॉर्डर पॉलिसी के कारण फेंटोनिल और अवैध अप्रवासी अमेरिका आ रहे

# ट्रंप का आरोप, टूडो सत्ता में बने रहने के लिए कनाडा में नहीं होने दे रहे चुनाव

एजेंसी ■ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने टूडो के साथ अपनी बातचीत को लेकर ट्रुथ प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट शेयर किया। ट्रंप ने कनाडा के पीएम पर आरोप लगाया कि वह सत्ता में बने रहने के लिए चुनाव नहीं होने दे रहे हैं। ट्रंप ने पोस्ट में लिखा कि कनाडा के जस्टिन टूडो ने मुझे यह पूछने के लिए कॉल किया कि टैरिफ के बारे में क्या किया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि मैंने उन्हें बताया कि कनाडा और मैक्सिको की सीमाओं से आने वाले फेंटानिल (ड्रग्स) से कई लोग मारे गए हैं और किसी भी चीज ने मुझे आश्वस्त नहीं किया है कि यह बंद हो गया है। टूडो ने कहा कि यह बेहतर हो गया है, लेकिन मैंने कहा सिर्फ इतना काफी नहीं है। कॉल कुछ हद तक मैत्रीपूर्ण तरीके से समाप्त हुई है।

ट्रंप ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि टूडो मुझे यह बताने में असमर्थ थे कि कनाडा में चुनाव कब हो रहा है, जिससे मुझे उत्सुकता हुई कि वहां क्या हो रहा है? तब मुझे एहसास हुआ कि वह सत्ता में बने रहने के लिए इस मुद्दे का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। शुभकामनाएं जस्टिन! ट्रंप ने कनाडा के पीएम टूडो से कहा कि उनकी सरकार की कमजोर बॉर्डर पॉलिसी के कारण ही भारी मात्रा में फेंटानिल और अवैध अप्रवासी अमेरिका में आ रहे हैं।

ट्रंप ने दूसरी पोस्ट में लिखा कि मैंने कनाडा के गवर्नर जस्टिन टूडो को यह बताया दिया है कि उन्होंने अपनी कमजोर सीमा नीतियों के कारण बड़े पैमाने पर हमारे साथ समस्याएं पैदा की हैं, जिसने भारी मात्रा में फेंटानिल और अवैध एलियंस को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की इजाजत दी है। ये नीतियां कई लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। बता दें कि ट्रंप ने कुछ दिन पहले टूडो को प्रस्ताव दिया था कि वह कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बना दें, जिसे कनाडाई पीएम ने खारिज कर दिया था।

ट्रंप ने मैक्सिको और कनाडा के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया है, जो 4 मार्च से लागू हो गया है। ट्रंप ने सभी चीनी आयात पर टैरिफ को 10 फीसदी से दोगुना कर 20 फीसदी कर दिया है। इसके जवाब में कनाडा ने भी अमेरिकी उत्पादों पर 25 फीसदी का जवाबी टैरिफ लगा दिया है। वहीं चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सामानों पर 10 से 15 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का फैसला किया है और 25 अमेरिकी कंपनियों को प्रतिबंधित भी कर दिया है। मैक्सिको ने भी अमेरिका को जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है।

# बलूचिस्तान प्रांत में आईईडी विस्फोट पांच की मौत, पांच घायल

#### बाइक में किया था प्लांट...

एजेंसी ■ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को एक आईईडी विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएचओ ने कहा कि आईईडी एक बाइक में प्लांट की किया गया था और दूर बैठकर रिमोट से इसमें विस्फोट किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। खुजदार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विस्फोट नाल बाजार के करीब स्थित एक कॉलेज के पास खड़ी बाइक में हुआ था। अन्य कई वाहन भी जल गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की समय पर कार्रवाई ने बलूचिस्तान के पिशिन इलाके में एक और आतंकवादी हमले को टाल दिया है।

उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करते हुए पिशिन में 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जो आतंकी हमले की योजना बना रहे थे। बलूचिस्तान के सीएम मीर सरफराज बुगती ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और कहा कि घायलों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को खत्म कर दिया जाएगा। शांति विरोधी तत्व अपने नापाक इरादों में विफल हो जाएंगे और इस घटना में शामिल लोगों को सख्त सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान दो दशकों से ज्यादा समय से हिंसा का सामना कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि देश में इस साल अब तक 79 आतंकवादी हमले हो चुके हैं, जिसके परिणामस्वरूप 55 नागरिकों और 47 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है, जबकि 45 नागरिक और 81 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि इस साल अब तक आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान 156 आतंकवादी मारे गए, 20 घायल हुए हैं और 60 अन्य गिरफ्तार किए गए हैं।

### एआई के सहारे रिश्ते बचाने में कामयाब हो रहे कपल

**वॉशिंगटन ।** चैट जीपीटी की शुरुआत होने के बाद से ही अमेरिका में इसका चलन बढ़ा है। लोग अपने रिलेशन के लिए भी चैट जीपीटी की सलाह लेने लगे हैं। इससे पहले लोग इस समस्या को सुलझाने के लिए पारंपरिक थेरेपी का सहारा लेते थे। इसमें करीब 400 डॉलर से ज्यादा फीस देना पड़ता है। ऐसे में चैट जीपीटी एक किफायती विकल्प बनकर सामने आया है। हालांकि चैट जीपीटी अभी अपने शुरुआती दौर में है और यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इसके द्वारा दी जाने वाली सलाह अक्सर सामान्य और सीमित होती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक डॉम वर्सासी और एबेला बाला के लिए चैट जीपीटी एक बड़ा गेम-चेंजर साबित हुआ। लॉस एंजिल्स की रहने वाली 36 साल की बाला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हम पिछले 6 महीनों से अपने रिश्ते को बचाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। इसी के जरिए हमने अपने रिश्ते को बचा लिया है।

## जयशंकर ने ट्रंप की नीति को भारतीय हितों के अनुरुप बताया



#### अमेरिकी सरकार बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही

एजेंसी ■ लंदन

विदेश मंत्री इस समय ब्रिटेन और आयरलैंड के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पॉलिसी पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि ट्रंप की अगुवाई में अमेरिकी सरकार बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है, जो भारत के हितों के अनुरूप है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की जरूरत पर सहमति जताई है। लंदन में भारत का उदय और विश्व में भूमिका के नाम से आयोजित कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर से ट्रंप सरकार के कार्यकाल के शुरुआती सप्ताह और रेसिप्रोकल टैरिफ पर उनकी राय मांगी। इस पर उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे राष्ट्रपति और प्रशासन को देख रहे हैं जो बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रहा है और यह ऐसी चीज है जो भारत के अनुकूल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नजरिए से देखें तो क्वाड में हम दोनों देशों की बड़ी साझेदारी है। यह एक अच्छा मॉडल है, जो दोनों के लिए काम करता है। क्वाड में भारत के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान भी हैं। जयशंकर ने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस समय वॉशिंगटन में हैं, जहां वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप द्वारा लगाए जा रहे टैरिफ को लेकर हमारी काफी विस्तृत बातचीत हुई है और दोनों देशों ने द्विपक्षीय ट्रेड एग्रीमेंट की जरूरत पर सहमति जताई है। वहीं, रूस और यूक्रेन युद्ध में भारत की भूमिका के बारे में पूछने पर जयशंकर ने कहा कि हम उन देशों में शामिल हैं, जो कई स्तरों पर रूस और यूक्रेन दोनों से बात कर रहे हैं।

# हमास से अमेरिका भी खाता है दहशत कहा हमारे बंधक छोड़ो वरना मारे जाओगे

एजेंसी ■ वाशिंगटन



भले ही अमेरिका पूरी दुनिया को आंखे दिखाता रहा है लेकिन हमास से वो भी दहशत खाता है। लंबे समय से अमेरिकी नागरिकों को हमास ने बंधक बना रखा है। उन्हे छुड़ाने की अमेरिका हिम्मत नहीं जुटा पाया। अब तमाम विचार विमर्श के बाद उसने चेतावनी दी है और कहा है बंधकों को छोड़ तो वरना मारे जाओगे। गाजा में बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिकों की रिहाई और युद्ध को समाप्त करने के लिए हमास के साथ सीधी और गुप्त वार्ता शुरू की है। यह पहली बार है जब अमेरिका ने हमास के साथ सीधे बातचीत की है, जिसे वह 1997 से आतंकवादी संगठन मानता आ रहा है। इस कदम को ट्रंप प्रशासन की नीति में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमास को सभी बंधकों को अभी रिहा करना होगा, बाद में नहीं, और जिन लोगों की हत्या की गई उनकी लाशें तुरंत लौटानी होंगी, वरना आपके लिए सब खत्म हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा, मैं इजरायल को वह सब कुछ भेज रहा हूं जो उसे काम पूरा करने के लिए चाहिए। अगर आप मेरे कहे अनुसार नहीं करते, तो एक भी हमास सदस्य सुरक्षित नहीं रहेगा। यह आपकी आखिरी चेतावनी है! उन्होंने हमास नेतृत्व से कहा कि वे अभी गाजा छोड़ दें और बंधकों को तुरंत रिहा करें, वरना बाद में नरक भुगतना पड़ेगा। यह बयान ट्रंप के हाल ही में व्हाइट हाउस में आठ पूर्व बंधकों से मुलाकात के बाद आया है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने संवाददाताओं से बातचीत में अमेरिका और हमास की वार्ताओं की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमास के साथ सीधी बातचीत चल रही है और इजरायल को इसकी जानकारी दी गई थी। लेविट ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि यह कदम अमेरिकी लोगों के हित में है, खासकर जब अमेरिकी जिंदगियां दांव पर हों।

### अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान जी. प्रवीण (26) के रूप में हुई है, जो विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में एमएस की पढ़ाई कर रहा था और एक स्टोर में पार्ट-टाइम जॉब भी करता था। यह घटना बुधवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुई, जिसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवीण के परिवार को इसकी सूचना दी।पीड़ित के पिता, राघवुलु ने कहा कि उन्हें सुबह 5 बजे अपने बेटे का व्हाट्सएप कॉल आया, लेकिन वह फोन नहीं उठा सके। उन्होंने कहा, बाद में सुबह, मैंने मिस्ड कॉल देखा और उसे एक वॉयस मैसेज भेजा। हालांकि, एक घंटे बाद भी कोई कॉल बैक नहीं आया। फिर मैंने उसके नंबर पर कॉल किया, लेकिन किसी और ने कॉल उठाया। मुझे संदेह हुआ और मैंने कॉल काट दिया।



रियारे डि जिनेरो में सांभा स्कूल का एक कलाकार कार्निवल के दौरान डांस करते हुए।

#### कॉरपोरेट ट्रेड वार में फंसा अमेरिका

# एक तरफ एलन मस्क और ट्रंप दूसरी तरफ वारेन बफे और बिल गेट्स

एजेंसी ■ वाशिंगटन





अमेरिका में इन दिनों ट्रेड वॉर शुरू हो गई है। ट्रंप सरकार ने कनाडा-मेक्सिको चीन से ट्रेड बार शुरू कर दी है। इसका असर अमेरिका की अर्थव्यवस्था में पडने जा रहा है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका में भारी महंगाई की आशंका हो गई है। ट्रंप इस बात को समझ रहे हैं। उन्होंने अमेरिका के किसानों से बात करके उत्पादन बढ़ाने का अनुरोध किया है। रातों-रात उत्पादन तो बढ़ नहीं सकता है। ट्रम्प ने किसानों को महान

बताकर उनसे ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करने की बात कही है।

मैक्सिको कनाडा चीन पर अतिरिक्त टैरिफ लागू होने का असर अमेरिका में बड़े व्यापक रूप से पडने जा रहा है। आम लोगों के साथ-साथ बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कॉरपोरेट को भारी नुकसान होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। अमेरिका की इस ट्रेड वार में बिल गेट्स और बारेन बफेट जैसे कारोबारी जगत को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

अमेरिका में सबसे ज्यादा जमीन बिल गेट्स के पास है। कृषि उत्पादों पर भी उनका एकाधिकार है। ट्रेड बार का सबसे ज्यादा नुकसान बिल गेट्स को होना तय है। अमेरिका में फल सब्जी और अनाज की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। अभी इसका आयात मेक्सिको से होता था। कनाडा से दूध पनीर मक्खन जैसे डेरी उत्पाद बड़ी मात्रा में अमेरिका आते थे। अमेरिका द्वारा टैक्स बढ़ा दिए जाने के कारण अमेरिका में इसकी कीमत बढ़ना तय है। वही आपूर्ति प्रभावित होने से चीजों की भारी कमी भी हो सकती है। जिससे अमेरिका के नागरिक महंगाई की मार से त्रस्त होंगे। अमेरिका में इस बात की चर्चा हो रही है। राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप एक कारोबारी की तरह निर्णय ले रहे हैं। राष्ट्रपति के चुनाव में जिन कारोबारियों ने ट्रंप को सहयोग नहीं दिया था। वह ट्रंप के निशाने पर हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो भी निर्णय ले रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बिल गेट्स और वॉरेन बफे जैसे कारोबारियों पर हो रहा है। अमेरिका के शेयर बाजार में भारी गिरावट भी इस बात का संकेत दे रही है। डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से निर्णय ले रहे हैं। उससे अमेरिका में आर्थिक संकट के साथ-साथ महंगाई बढ़ना तय है। पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते खराब होने की बात कही जा रही है। अमेरिका की आंतरिक राजनीति में ट्रम्प के लिए चुनौती खड़ी हो रही है। अभी उन्हें सत्ता संभाले दो माह भी नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में अमेरिका के कारोबारी जगत के बड़े-बड़े दिग्गज समय का इंतजार कर रहे

## अमेरिका ने रूसी हमलों के खिलाफ खुफिया जानकारी साझा करने पर लगाई रोक

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

अमेरिका ने यूक्रेन को एक और झटका दिया है। अमेरिका ने यूक्रेन की सैन्य सहायता पर रोक लगाने के बाद अब यूक्रेन के साथ रूसी हमलों के खिलाफ खुफिया जानकारी साझा करने पर भी रोक लगा दी गई है।

सूत्र बताते हैं कि अमेरिका को दी जा रही खुफिया जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है। यूक्रेन को रूस के अंदर लक्ष्यों के बारे में दिए जा रहे डाटा को रोक दिया गया है। इससे यूक्रेन के लिए रूस में लंबी दूरी के ड्रोन हमलों को अंजाम देना कठिन होगा। उसे रूस के बम बरसाने वाली गतिविधियों और बैलास्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की भी जानकारी नहीं मिल पाएगी। इससे यूक्रेन रूस के हमलों के खिलाफ अपनी रक्षा भी नहीं कर पाएगा। बताया जा रहा है कि अमेरिका के इस कदम से यूक्रेन को बड़ा झटका लगा है। इसके जरिये अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते को यूक्रेन पर दबाव बना रहा है। यह कदम व्हाइट हाउस में ट्रंप और जेलेंस्की की बहस को लेकर उठाया गया है।

# स्टालिन का हिंदी विरोध स्वीकार्य नही !

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के हिंदी विरोध के खिलाफ तमिलनाडु के भीतर ही आवाज उठने लगी है।तभी तो आइटी कंपनी जोहो के संस्थापक श्रीधर वेंबू ने तमिलनाडु के युवाओं से हिंदी सीखने की अपील की है। इसके साथ ही हिंदी भाषा को राजनीति से दूर रखने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा है, आइए हिंदी सीखें जो मुख्यमंत्री के हिंदी विरोध का प्रतिवाद कहा जा सकता है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध की राजनीति अब बेमायने हो गई है। श्रीधर वेंबू की माने तो उनकी कंपनी में काम कर रहे तमिलनाडु के युवाओं को हिंदी न जानने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।वेंबू के अनुसार, उनकी कंपनी मुंबई, गुजरात समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही है, लेकिन हिंदी न जानने के कारण तमिलनाडु के कर्मचारियो को हिंदी बेल्ट नहीं भेजा जा सकता। हिंदी न जानने के कारण उन्हें खुद भी कठिनाई होती है। इस कारण वे पिछले पांच सालों से हिंदी सीख रहे हैं और अब हिंदी की बातचीत को 20 प्रतिशत तक समझ लेते हैं।हिंदी के प्रति उनके रुझान का कई लोगों ने समर्थन किया है। बेंगलुरु में एक आइटी कंपनी में काम करने वाले तमिलनाडु के एक युवा ने स्वीकार किया कि हिंदी न आने के कारण वे सहकर्मियों के साथ संवाद में खुद को अलग-थलग पाते हैं। तमिलनाडु में सीबीएसई स्कूलों में 60 लाख बच्चे हिंदी पढ़ रहे हैं। इसी तरह दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की परीक्षा में पांच लाख छात्रों ने भाग लिया है। तमिलनाडु के 43 प्रतिशत छात्र हिंदी पढ़ रहे हैं। तमिलनाडु के देहात में भी सीबीएसई स्कूल तेजी से खुल रहे हैं। केवल गरीब परिवारों के बच्चे, जो इन निजी स्कूलों की फीस नहीं दे सकते, सरकारी स्कूलों में पढ़ने को मजबूर हैं,वे हिंदी से सरकार की हठधर्मिता के कारण वंचित रह जाते है। हिंदी विरोध सन 1968 की तरह राजनीतिक मुद्दा न बनता देख मुख्यमंत्री स्टालिन के सुर भी बदलने लगे हैं। अब वे हिंदी विरोध को संस्कृत के विरोध से जोड़कर बचाव की मुद्रा में हैं। उनके अनुसार, हिंदी की आड़ में केंद्र सरकार संस्कृत भाषा को थोपने की साजिश कर रही है। उनका यह भी आरोप है कि हिंदी ने 25 क्षेत्रीय भाषाओं को खत्म कर दिया है,उनका यह आरोप भी सत्यता से परे है,क्योंकि हिंदी किसी भी भाषा का वजूद खत्म नही करती बल्कि उसे पोषित करती है।फिर चाहे वह भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी, और कई सारी भाषाएं ही क्यो न हो ,उनका अस्तित्व कभी खत्म नही हो सकता। स्टालिन हिंदी को मुखौटा और संस्कृत छुपा हुआ चेहरा मानते है। द्रविड़ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई ने दशकों पहले दो भाषा नीति लागू की थी। इसका मकसद यह था कि तमिल के लोगों पर हिंदी-संस्कृत की आर्य संस्कृति को न थोपा जाए।उनकी इस नीति को भी उन्हें के राज्य में पर्याप्त समर्थन नही मिल पाया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति यह सुनिश्चित करती है कि विद्यार्थी अपनी पसंद की भाषा सीख सके।जिसमे 3 भाषाएं सीखनी होंगी, लेकिन किसी भाषा को अनिवार्य नहीं किया गया है। राज्यों और स्कूलों को यह तय करने की आजादी है कि वे कौन-सी 3 भाषाएं पढ़ाना चाहते हैं।नई शिक्षा नीति में प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ाई मातृभाषा या स्थानीय भाषा में करने की सिफारिश की गई है।



▪ कुमार कृष्णन

# इलाज पर खर्च होने वाले व्यय को कम करता है जन औषधि

**आवेदन करने के पश्चात पी. एम. बी. आई. हेड ऑफिस से प्रिंसिपल अप्रूवल लेटर जारी किया जाता है जिसके आधार पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के नाम पर लाइसेंस लेने के लिए लाइसेंसिंग अथॉरिटी को अप्लाई कर सकते हैं। लाइसेंस मिलने के बाद आप पी. एम. बी. आई. से दवाइयां ले सकते हैं।**

वि (जन औषधि दिवस 7 मार्च पर विशेष)
प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य लोगों को ब्रांडेड महंगी दवाइयों के स्थान पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करना है। सरकार के प्रयास के बावजूद अभी भी देश में बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाओं का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। समय आ गया है कि सामुदायिक स्तर पर जेनेरिक दवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। देश में बढ़ती महंगाई के दौर में लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक दवाइयों के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का मुख्य मकसद जन औषधि परियोजना के तहत देश की जनता को उच्च गुणवत्ता युक्त जैनेरिक दवाईयां सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना है। जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा देना जिससे प्रति व्यक्ति इलाज पर खर्च होने वाले व्यय को कम किया जा सके। पिछले 10 वर्षों में जन औषधि परियोजना ने आम जनता के लगभग 30 हजार करोड़ रूपये बचाये है।भारतीय औषधि और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवि दाधीच के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में 1236 करोड़ रूपये की दवाईयाँ जन औषधि केंद्रों के माध्यम से बेची जा चुकी हैं, जिसके माध्यम से देश की आम जनता के लगभग 7000 करोड़ रूपये बचा चुके हैं क्यूंकि जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाइयों की कीमतें बाजार में बिक रही दवाइयों की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक कम हैं। इसी प्रकार वित्त वर्ष 2023-24 में 1470 करोड़ रूपये की बिक्री की गयी है जिससे आम जनता के लगभग 7350 करोड़ रूपये बचाये गए हैं। चालू वित्त वर्ष में 28.02.2025 तक 1767 करोड़ रूपये की बिक्री कर ली गयी है। पिछले दस वर्षों में जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगभग 185 गुना की वृद्धि हुयी है और इसी प्रकार जन औषधि की दवाइयों की बिक्री भी 200 गुना से ज्यादा बढ़ी है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी को सस्ते मूल्यों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जेनेरिक औषधियों को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं । देश भर में 28.02.2025 तक 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं । इन केंद्रों में सरकार द्वारा खरीदी गयी जेनेरिक दवाइयां बेचीं जा रही हैं जिनके मूल्य खुले बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों की तुलना में 50-80 प्रतिशत तक कम होते हैं।




वर्तमान में इन केंद्रों पर 2047 दवाइयां एवं 300 अन्य सर्जिकल आदि उत्पाद उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना बिहार के नोडल पदाधिकारी कुमार पाठक के अनुसार प्रधानमंत्री जन औषधि योजना अंतर्गत अभी तक सभी प्रमुख श्रेणियों की दवाईयां जैसे कि मधुमेह, रक्तचाप, गैस्ट्रो ,आदि की दवाएं उपलब्ध् हैं। जनऔषधि केन्द्रो से बिकने वाली दवाइयों के प्रत्येक बैच को एन ए बी एल प्रत्यायित प्रयोगशालाओं से परीक्षण कराया जाता है। वहीं पी. एम. बी. आई. ने आयुष प्रोडक्ट्स जैसे त्रिफला, शिलाजीत, अश्वगंधा और च्यवनप्राश स्पेशल जैसे प्रोडक्ट्स भी सस्ते दामों पर जन औषधि केंद्रों के जरिये उपलब्ध कराये हैं। पी एम बी आई. अनेक प्रकार के फ़ूड प्रोडक्ट्स जो की एफ एस एस आई के अंतर्गत आते हैं उनको भी जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध करवाता है। पिछले दस वर्षों में जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगभग 185 गुना की वृद्धि हुयी है और इसी प्रकार जन औषधि की दवाइयों की बिक्री भी 200 गुना से ज्यादा बढ़ी है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत 29 से भी ज्यादा विशिष्ट श्रेणियों की दवाइयों को रखा गया है। जैसे एंटीबायोटिक्स और एंटी-इन्फेक्टिव, एंटी-एलर्जिक, एंटी-कैंसर, गैस्ट्रो-आंत्र एजेंट ,एंटी डायबिटिक, विटामिन और मिनरल्स, कार्डियोवैस्कुलर दवाएं, फ़ूड सप्लीमेंट्स/ न्यूट्रास्यूटिकल्स, एनाल्जेसिक और एंटीपीयरेटिख् टोपिकल मेडिसिन्स इत्यादि।

वहीं 300 सर्जिकल उपकरण एवं अन्य उत्पादों को भी रखा गया है।इनमें मास्क, टांके, आर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन प्रोडक्ट्स, डायपर, सर्जिकल ड्रेसिंग, रबर ग्लव्स, सीरिंज और सुई,ऑक्सीमीटर, सैनिटरी नैपकिन, रैपिड एंटीजन टेस्ट किट हैं।इन दवाइयों को डब्लू एच ओ - जी एम पी सर्टिफाइड दवा उत्पादक कंपनियों से ही खरीदा जाता है। देश के हर हिस्से में दवाइयां पहुंचने के लिए एक सुदृढ़ व्यवस्था की गयी है जिसके लिए डब्लू एच ओ गाइडलाइन्स पर आधारित केंद्रीय गोदाम गुरुग्राम एवं चार क्षेत्रीय गोदाम जो की गुवाहाटी, सूरत, चेन्नई एवं बेंगलुरु में उपस्थित हैं। इसके अलावा 36 डिस्ट्रीब्यूटर की भी नियुक्ति की गयी गई है जहाँ से देश भर के जन औषधि केंद्रों को दवाइयां मुहैया कराई जाती है । केंद्रीय गोदाम, क्षेत्रीय गोदाम, डिस्ट्रीब्यूटर एवं जन औषधि केंद्रों को पूरी तरह से एस.ए.पी आधारित सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है साथ ही साथ सभी केन्द्रो पर पॉइंट ऑफ़ सेल सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन भी लगाया गया है जिससे दवाइयों की आपूर्ति ठीक तरह से हो सके एवं देश के किसी भी केंद्र पर दवाइयों की कमी न हो। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का विस्तार करते हुए अब तक देश में 15000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं, जन औषधि परियोजना के तहत अब तक पूरे देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिले इस योजना के तहत लाभान्वित हो चुके हैं। सरकार ने इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर मार्च 2027 तक 25000 करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के द्वारा रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है । जन औषधि केंद्र कोई भी व्यक्तिगत व्यक्ति, फार्मासिस्ट, उद्यमी, एनजीओ, ट्रस्ट, सोसाइटी, इंस्टीटयूशन इत्या्दि, जिनके पास 120 वर्ग फुट की दुकान हो एवं एक प्रशिक्षित फार्मासिस्ट उनके पास हो, जन औषधि केंद्र खोल सकता है।

# सभी देश को अपनी संप्रभूता का अधिकार हो

अमेरिका जब सारे चैनलों पर रूस और ऊक्रेन के बारे में अमेरिका का ऊक्रेन पर अड़ीयल रुख को यानि वाइट हाउस में ट्रम्प और जिलेस्की का विवाद में कहीं कुछ कहीं कुछ दिखा रहा है तो उसक युद्ध की दर्दनाक कहानी सुनकर रातों की नींद हराम हो जाती है क्योंकि यह साफ हो गया कि दो राष्ट्र रसिया और युक्रेन के बिच हर जगह तबाही का मंजर दिख रहा है और बुचा नरसंहार ने तो मानवता का तांडव नृत्य ही कर दिया अब इसमें सच्चाई कितना है ऐ तो जांच से ही मालूम होगा इसलिए भारत इसकी नरसंहार की स्वतंत्र जांच की मांग की थी जो यह दिखाता है कि भारत किसी के बहकावे में नहीं आने वाला वह किसी भी देश को अपनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो पर चलने वाला देश है मानवता की रक्षा करना ही उसका उद्देश्य है अतः इसपर वो किसी को समर्थन नहीं कर रहा है , पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटलजी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत बड़ा कदम 1998 में बिना किसी के डर के एक के बाद एक पांच परमाणु परीक्षण कर दिया और सारे देश दंग रह गए और इस अवसर पर 11मई को हर साल नेशनल टेक्नोलॉजी डे का ऐलान भी किया और जय जवान, जय किसान,के साथ जय विज्ञान का नारा भी दे दिया, आज युक्रेन के पास भी अगर 1भी परमाणु हथियार होता तो रुस लड़ाई से दूर रहता आज युक्रेन देश के सबसे बड़े हथियार और सैन्यकर्मियों से लैस रुस के खिलाफ जंग लड़ रहा है लेकिन इतने दिनों से इसलिए टिका है क्योंकि उनके लोगों में देशभक्ति का जज्बा है जिससे अमेरिका भी डर कर कोई औपचारिक रूप से लड़ाई न लड़ पा रहा है क्योंकि उसे रुस की ताकत का एहसास है वो सिर्फ यूक्रेन को बली का बकरा बनाकर रसियन के हथियारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा था जो पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन के शासनकाल में हुआ चुनाव से पहले तो ट्रम्प ने यूक्रेन के इस हालत के लिए बायडेन के कारण ही युद्ध हुआ और अगर मैं होता तो रूस को इस तरह डराता की खुब बम गिरायेंगे कि वह डर से युद्ध करता ही नहीं लेकिन मदद की आस में अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलने गए और उनकी नहीं ट्रम्प और अमेरिका की बदनामी हो रही है और वह विश्व विजेता बनने के चक्कर में यूक्रेन को शांति की सलाह दे रहा रहा है जहाँ उसके निर्दोष नागरिक को बमो से खुब बेहरहमी से मारा गया है इसमें रूस को भी नुकसान हुआ है जब भी युद्ध होता है तो दोनों की गलती रहता है लेकिन जिस तरह उक्रेन के राष्ट्रपति जिलेस्की ने क्रिमिया कब्जे का याद दिलाया उससे तो यही लगता है वो हार नहीं मानने वाला है उक्रेन के युद्ध को खैर खेल जो भी हो वह देशप्रेम की भावना से खेलना चाहिए क्योंकि आपका एक दिन मरना तय है लेकिन जो देश की रक्षा के लिए शहीद हो जातें हैं उसे लोग देश का गौरव मानते हैं उसे लोग सदियों तक याद करते हैं जिस अमेरिका ने जापान पर द्वितीय युद्ध के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए और लाखों लोगों की मौत हो गई वह रुस के खिलाफ कैसे मानवाधिकार हनन का प्रस्ताव ला सकता है अतः वो यूक्रेन को मोहरा बनाकर रुस के हथियारों के काट निकालने में जुटा है। इस पर कभी आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाना चाहिए ऐ मानवता के खिलाफ है और ऐसा खेल किसी भी देश की गरिमा को धूमिल करेगा।एंटोनियो गुटेरेस संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव ने इस युद्ध पर कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के 80 साल बाद, यूक्रेन में युद्ध न केवल यूरोप की शांति और सुरक्षा के लिए बल्कि संयुक्त राष्ट्र की नींव और मूल सिद्धांतों के लिए भी गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया। तीन साल की मौत और विनाश के बाद, मैं एक बार फिर तत्काल तनाव कम करने और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता हूं।



संजय गोस्वामी

महासचिव ने कहा कि वे न्यायपूर्ण और समावेशी शांति के लिए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं, उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इन पहलों का समर्थन करने के लिए तैयार है।17 मार्च 2023 को, अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के प्री-ट्रायल चैंबर द्वद्व ने यूक्रेन की स्थिति के संदर्भ में दो व्यक्तियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए- श्री व्लादिमीर व्लादिमीरोविच पुतिन और सुश्री मारिया अलेक्सेयेवना ल्वोवा-बेलोवा जारी की थी। श्री व्लादिमीर व्लादिमीरोविच पुतिन, जिनका जन्म 7 अक्टूबर 1952 को हुआ, रूसी संघ के राष्ट्रपति, कथित तौर पर आबादी (बच्चों) के गैरकानूनी निर्वासन और यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी संघ में आबादी (बच्चों) के गैरकानूनी हस्तांतरण के युद्ध अपराध के लिए जिम्मेदार हैं (रोम संविधि के अनुच्छेद 8(2)(ए) और 8(2)(बी) के तहत)। कथित तौर पर ये अपराध कम से कम 24 फरवरी 2022 से यूक्रेनी कब्जे वाले क्षेत्र में किए गए थे। यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि श्री पुतिन उपरोक्त अपराधों के लिए व्यक्तिगत आपराधिक जिम्मेदारी वहन करते हैं, (द्व) दूसरों के साथ और/या दूसरों के माध्यम से सीधे तौर पर कृत्य करने के लिए (रोम संविधि का अनुच्छेद 25(3)(ए), और नागरिक और सैन्य अधीनस्थों पर उचित रूप से नियंत्रण करने में उनकी विफलता के लिए जिन्होंने कृत्य किए, या उनके कमीशन की अनुमति दी, और जो उच्च जिम्मेदारी के अनुसार उनके प्रभावी अधिकार और नियंत्रण में थे (रोम संविधि का अनुच्छेद 28(बी))। 25 अक्टूबर 1984 को जन्मी सुश्री मारिया अलेक्सेयेवना ल्वोवा-बेलोवा, रूसी संघ के राष्ट्रपति कार्यालय में बाल अधिकारों की आयुक्त, कथित तौर पर आबादी (बच्चों) के गैरकानूनी निर्वासन के युद्ध अपराध और यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी संघ में आबादी (बच्चों) के गैरकानूनी हस्तांतरण के लिए जिम्मेदार हैं (रोम संविधि के अनुच्छेद 8(2)(ए) और 8(2)(बी)। कथित तौर पर ये अपराध कम से कम 24 फरवरी 2022 से यूक्रेनी कब्जे वाले क्षेत्र में किए गए थे।

## राजकाज



### हिंदी को खलनायक बना दिया...

सरकार जो भी करती है, उसके परिणाम सभी को भोगने पड़ते हैं। केंद्र सरकार ने जो नई शिक्षा नीति बनाई है। उसके कारण हिंदी भाषा दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों में खलनायक बन गई है।तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ बिगुल बजा दिया है। दक्षिण के अन्य राज्य भी तमिलनाडु के सुर में सुर मिला रहे हैं। 70 के दशक अंग्रेजी हटाओ हिंदी बचाओ का विवाद भारत की संघीय व्यवस्था एवं राष्ट्रीयता को बहुत नुकसान पहुंच चुका है।

### मायावती ने जान बचाने भतीजे को कुर्बान किया

बसपा प्रमुख सुश्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है।पिछले डेढ़ साल में यह दूसरी घटना है। जब मायावती ने अपने सगे भतीजे आकाश आनंद के खिलाफ इतना सख्त कदम उठाया है। मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उत्तराधिकार तो उसे मिला नहीं, उल्टे पार्टी से बाहर जाना पड़ा। राजनीतिक हल्के में कहा जा रहा है।मायावती की जान भाजपा (ईड़ी)के पास कैद है। आकाश आनंद मे जवानी का जोश है। वह भविष्य की चिंता नहीं कर रहा है। मजबूरन मायावती को उसे पार्टी से बाहर निकलना पड़ा। मायावती की जान बच गई, लेकिन आकाश आनंद की बलि उन्हें चढ़ानी पड़ी है।

### परिसीमन को लेकर उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच जंग

भारत में अभी 2021 की जनगणना नहीं हुई है। जब तक जनगणना नहीं होगी। तब तक परिसीमन नहीं होगा। उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों की जनसंख्या में कमी आई है। परिसीमन होने पर संसद में दक्षिण भारत के राज्यों का प्रतिनिधित्व बहुत कम हो जाएगा। दक्षिण भारत के राज्यों क़ी यह चिंता है। दक्षिण भारत के राज्यों में जनसंख्या बढ़ाने के लिए वहां के राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। परिसीमन को लेकर जिस तरह दक्षिण भारत और उत्तर भारत के बीच राजनीतिक जंग शुरू हुई है। यह कैसे निपटेगी। इसको लेकर दक्षिण भारत के राज्यों में, आबादी की नई जंग शुरू हो गई है।

### बिहार की राजनीति मे लालू बिना सब सून

बिहार की राजनीति लालू के बिना नहीं हो सकती है। लंबे समय से नितीश बाबू बिहार के मुख्यमंत्री बने हुए हैं। लालू यादव के शासन को जंगल राज बताकर वह सत्ता में आए थे। बिहार में अभी भी जंगल राज क़ायम है। नितीश बाबू ने अपने आप को सुशासन का प्रतीक बनाकर अपने आप को सुशासन बाबू बना लिया है। लालू यादव को जंगल राज का प्रतीक बताकर अभी भी बिहार का चुनाव लालू के खिलाफ लड़ने की तैयारी की जा रही है। नितीश बाबू यह नहीं बता रहे हैं कि उन्होंने 15 साल में जो विकास किया, वह कहां है। जंगल राज अभी तक खत्म क्यों नहीं हुआ। कहा जा रहा है, लालू के बिना बिहार में राजनीति संभव नहीं है। जैसे किचन में आलू के बिना सब सून है। इसी तरह बिहार में लालू बिना सब सून है।

## फीचर




# अगर करने जा रहें है अपना कारोबार

**आपको ऐसे लोग मिल जाएंगेजो कहेंगे फलां बिजनेस में नुकसान है, कोई फायदा नहीं है। इसलिए बिजनेस में सफलता चाहते हैं तो उसे दिन-प्रतिदिन एक बड़े स्तर पर ले जाने की कोशिश करें और सकारात्मक सोचें।**

अगर आप अपना कारोबार करने की योजना बना रहे हैं और चाहते हैं कि आपका काम सफल हो, तो हम आपके लिए ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जिन्हें अपना कर आप आगे बढ़ सकते हैं। इसमें आपको अच्छा फायदा भी होगा। बिजनेस की शुरुआत करने से पहले इन नियमों का पालन करें।

### पॉजिटिव सोचें

आपको ऐसे लोग मिल जाएंगेजो कहेंगे फलां बिजनेस में नुकसान है, कोई फायदा नहीं है। इसलिए बिजनेस में सफलता चाहते हैं तो उसे दिन-प्रतिदिन एक बड़े स्तर पर ले जाने की कोशिश करें और सकारात्मक सोचें। अपने लक्ष्य के लिए कितने गंभीर है, ये आपके दृढ़ लक्ष्य पर निर्भर करता हैं। एक बिजनेस में लाभ और हानि दोनों हो सकती है, लेकिन इन सब के बारे में ना सोचकर आप एक दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें। ऐसे में सफलता जरुर मिलेगी। कोई भी कारोबार एक योजना के बिना अधूरा है। कब क्या करना है, कैसे करना है, आप कितने पैसे कहां लगाना चाहते हैं। ये सब कुछ आप की योजना में शामिल होना आवश्यक है।


### एक स्किल सेट करें

आप एक बिजनेस शुरू करने जा रहे हैं तो जरूरी नहीं है कि आप सब कुछ स्वयं कर लेंगे। जिस चीज में आपका अच्छाब स्किल है, सिर्फ वही करें सभी कामों में हाथ ना डालें। जितना काम जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी आपकी सेहत है। अगर किसी वजह से आपके कारोबार में नुकसान हो जाता है, तो उसका असर सेहत पर ना पड़ने दें।

## प्रेरणा

# सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं। राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।



इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

## अपनी बात



मोहम्मद शमी की एनर्जी ड्रिंक पीते हुए एक तस्वीर वायरल हुई थी। इस पर मौलाना रजवी ने नाराजगी जताई थी इस पर अब बीजेपी खुलकर शमी के समर्थन में आ गई है। बीजेपी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, धर्म किसी की व्यक्तिगत आस्था का विषय है। कोई भी व्यक्ति यह तय नहीं कर सकता कि किसी को क्या करना चाहिए और क्या नहीं। शमी देश के लिए खेल रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों को यह बर्दाश्त नहीं हो रहा।



औरंगजेब की तारीफ करने वाले समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी पर अब गीतकार मनोज मुंतशिर ने गुस्सा निकाला है। उन्होंने कहा कि इसतरह के देशद्रोही लोगों की वजह से बाकी मुसलमानों को भी गलत समझा जाता है। बता दें कि बयान के बाद आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से बचे हुए बजट सेशन के लिए सस्पेंड कर दिया गया था। वह अपना बयान पर सफाई देने के लिए वीडियो भी जारी कर चुके हैं।

### कांग्रेसी घेरे को नहीं तोड़ पाई पुलिस

# जनता को भिखमंगा कहने वाले मंत्री का जलाया पुतला

सत्ता सुधार ■ गुना

जनता को भिखमंगा कहने वाले मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सुठालिया में दिए गए बयान को लेकर मुश्किलों में घिर गए हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को प्रदेशव्यापी आव्हान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर प्रहलाद पटेल का पुतला दहन कर दिया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पटेल का पुतला बचाने की भरसक कोशिश की। लेकिन कांग्रेसियों के घेरे को पुलिस नहीं तोड़ सकी। पटेल के पुतले में लगी आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड को भी कांग्रेस नेताओं ने घेर लिया। पुलिस मशक्कत करती ही रह गई और कांग्रेस नेता पटेल का पुतला जलाकर नगरपालिका की ओर आगे बढ़ गए। पटेल का पुतला जलाने के लिए कांग्रेस नेता जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह की अगुवाई में रणनीति बनाकर पहुंचे थे। पहले उन्होंने हनुमान चौराहे पर नारेबाजी की। जबकि पुतले को कुछ दूरी पर रखा गया था। पुलिस कांग्रेसियों पर नजर बनाए हुए थी। मौका मिलते ही कांग्रेसजनों ने पहले एक घेरा बनाया, उसके बाद पुतले में आग लगा दी। पुलिसकर्मियों के सामने चुनौती थी कि वे आपको आग से बचाएं और पुतला भी न जलने दें। हालांकि पुलिस के प्रयास विफल रहे और कांग्रेस की रणनीति सफल हो गई। देखते ही देखते प्रहलाद पटेल का पुतला आग की लपटों से घिर गया, जिसमें भरी गई सूखी घास कुछ ही देर में राख में बदल गई।





### अहंकारी मंत्री के इस्तीफे पर अड़ी कांग्रेस

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने प्रहलाद पटेल के बयान की निंदा की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस जब तक इस मुद्दे को उठाएगी जब तक प्रहलाद पटेल इस्तीफा नहीं दे देते। उन्होंने कहाकि भाजपा के नेता चुनाव से पहले तो जनता से वोट की भीख मांगते हैं। बाद में उसी देवतुल्य जनता को भिखारी कह देते हैं। कांग्रेस प्रदेशभर में भाजपा का यह दोहरा चरित्र उजागर करेगी। पुतला दहन के बाद एक बार फिर कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका के सामने नारेबाजी की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी 8 मार्च को भी प्रहलाद पटेल के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने जा रही है। उनका इस्तीफा होने तक सिलसिलेवार प्रदर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, जिला संगठन प्रभारी विश्वनाथ तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन हरिशंकर विजयवर्गीय, शेखर वशिष्ठ, रजनीश शर्मा, रमेश सेंड़ो, कैलाश नारायण भार्गव, माधोमहाराज, प्रकाश सिंह धाकड़, राजेन्द्र तिवारी पंकज कनेरिया, रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष, मनीष रघुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण, श्रीमती सीमा यादव महिला कांग्रेस, प्रमोद रघुवंशी युवा जिला अध्यक्ष, राजू जिनेन्द्र जैन भूरा, रतिराम धाकड़, दीपेश पाटनी, प्रशांत शर्मा, राजू जाटव पार्षद, महेन्द्र ओझा, रामवीर जाटव पार्षद, नरेंद्र कुशवाह पार्षद, महेश कुशवाह पार्षद, ओम प्रकाश शर्मा पूर्व पार्षद, दीपक यादव प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस, सहदेव कुशवाह जनपद सदस्य, भगवान सिंह, अहिरवार, बनवारीलाल ओझा, राम जीवन भार्गव, अनिल रघुवंशी युवा जिला प्रवक्ता, अनुज रघुवंशी, बाल कांग्रेस, आसीम भटनागर, पर्वत सिंह राणा, अशोक सोनी, संजय जाटव, वीरेंद्र ओझा, आर्यन सेंड़ो, मनोज तिवारी, अशोक जाटव, विनोद गोलिया, महेश धाकड, जीतू भारत सिंह, सुशील रघुवंशी, देवी सिंह विनख्याई मनोज धाकड़, जोशी, सुनील राजपूत, अनसूया कदम, हरीश जाटव, प्रवीण सेन बरखेड़ा गिर्द आदि अनेक जन मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल, मामला दर्ज

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। घायल रोमिल जैन (28) निवासी बीजी रोड गुना ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि गत रात करीब 9ः20 बजे वह अपनी एक्टिवा एमपी 08-0531 से जयस्तंभ चौराहे की ओर जा रहे थे। जब वे भुल्लनपुरा माता मंदिर के आगे ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही बाइक एमपी 67-4622 ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में रोमिल जैन सड़क पर गिर गए और उनके बाएं पैर के घुटने के नीचे गंभीर चोट आई, जिससे खून बहने लगा। घटना के समय उनके दोस्त आकाश ओझा और अमित जैन मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने तत्काल उनके परिवार को सूचना दी। घायल को पहले सचिन अस्पताल ले जाया गया, फिर आगे का इलाज इंदौर के महावीर नर्सिंग होम में कराया गया।

### कुंभराज में पिकअप वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र घायल

**गुना।** जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। घायल रामविलास अहिरवार (55) निवासी कुदारी ने अस्पताल में पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने बेटे अरविंद अहिरवार के साथ एचएफ डीलक्स बाइक से गांव कुदारी से कुंभराज आ रहे थे। बाइक अरविंद चला रहे थे। शाम करीब 7 बजे जब वे बटावदा रोड पुलिया के पास पहुंचे, तभी कुंभराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार और लापरवाह पिकअप चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामविलास के दाहिने पैर के घुटने में गंभीर चोट आई, जिससे खून निकलने लगा, जबकि उनके बेटे अरविंद के सिर, कान, आंख और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल कुंभराज भिजवाया गया।

### जमीन के विवाद में भाईयों के बीच मारपीट, एक घायल

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम डगराई में जमीन के बंटवारे को लेकर दो भाईयों के बीच विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी अमानसिंह यादव निवासी डगराई ने अपने बेटे कृपानसिंह के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। अमानसिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई खलकसिंह और भांजा सागर सिंह यादव निवासी लखाखेरी बीती रात करीब 9 बजे उनके पास पहुंचे और पारिवारिक जमीन में हिस्से की मांग करने लगे। अमानसिंह ने जब यह बताया कि उनके दिवंगत भाई कमलसिंह ने अपनी जमीन कृपानसिंह के नाम कर दी थी, तो खलकसिंह और सागर सिंह नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे।

# टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने में करेंगे पूरी प्रक्रिया का पालन : जयवर्धन

### कलेक्टर को दी टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने की जानकारी

सत्ता सुधार ■ गुना

अल्पप्रवास पर गुना पहुंचे पूर्व केबिनेट मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल से मुलाकात की। उन्होंने पीपलखेड़ी में भील-आदिवासी समाज द्वारा लगाई जा रही क्रांतिकारी टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया।

जयवर्धन ने बताया कि प्रतिमा लगाने का निर्णय ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। अब जनपद पंचायत ने भी पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदन कलेक्टर को भेज दिया है। उन्हें उम्मीद है कि भोपाल से भी टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने संबंधी अनुमति जल्द ही मिल जाएगी।

जयवर्धन ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने से आपत्ति थी। लेकिन वे प्रक्रिया का पूरा पालन करवा रहे हैं।



### निर्धन व्यक्ति अर्जी लगाए तो भिखमंगा नहीं हो जाता

मप्र के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के बयान को अहंकारी और अनुचित बताते हुए मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है। गुना में अल्प प्रवास पर आए जयवर्धन सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहाकि अगर कोई भी निर्धन व्यक्ति सरकारी दफ्तर में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की उम्मीद से जाता है तो उसे भिखारी कहना उचित नहीं है। पटेल के बयान से उन परिवारों का अपमान हुआ है जो गरीब होने के चलते केवल शासकीय योजनाओं के लाभ पर निर्भर हैं। जयवर्धन ने प्रहलाद पटेल के बयान पर दी गई सफाई को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहाकि जब आप मंच से बोलते हैं तो प्रदेशभर में संदेश जाता है। चाहे कार्यक्रम निजी हो, सार्वजनिक हो या शासकीय एक मंत्री का ऐसा बयान निंदनीय है।

### कर्ज तले दब गई सरकार, हर कोई परेशान

पूर्व मंत्री ने नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित नहीं होने पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहाकि मध्यप्रदेश की सरकार कर्ज के दलदल में बुरी तरह फंस गई है। 70 प्रतिशत बजट का पैसा कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है। इसके चलते नगरीय नगरपालिकाओं के पास पैसा नहीं है। हाल ही में नगरपालिका के प्रतिनिधि भोपाल में धरना दे चुके हैं। वहीं नरेगा जैसी योजनाओं के मिलने वाली राशि भी प्रदेश सरकार ने बंद कर दी है, जिससे सरपंच परेशान हैं और लगातार आवाज उठा रहे हैं।

### भू-माफिया और पुलिस का गठजोड़

जयवर्धन सिंह ने हाईकोर्ट द्वारा अशोकनगर जिले में सहरिया-आदिवासियों से संबंधित जमीनों के क्रय-विक्रय की जांच कराने वाले आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में शिकायत करने वालों पर ही पुलिस कार्रवाई कर रही है, उनको ही जेल भेजा रहा है। भू-माफिया और पुलिस का गठजोड़ बन गया है। इस तरह के मामलों को उन्होंने गुना कलेक्टर के संज्ञान में भी लाया है। वहीं अशोकनगर में जमीनों की जांच संबंधी आदेश से शोषित लोगों को न्याय मिलेगा, इसकी उन्हें पूरी उम्मीद है।

## कोलुआ पठार के मंदिर में सेंधमारी करने वाला आरोपी दबोचा



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के विजयपुर थानांतर्गत ग्राम कोलुआ पठार में मंदिर से दानपेटी चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी चोर गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलुआ पठार स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दानपेटी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट मंदिर के पुजारी श्री रामचरण महाराज जी द्वारा विजयपुर थाने पर दर्ज कराई गई थी, जिस पर से 5 मार्च 25 को अपराध क्रमांक 18/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। चूंकि मंदिर से दानपेटी चोरी की संपूर्ण घटना मंदिर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। मंदिर से दानपेटी चोरी की घटना को पुलिस द्वारा गंभीरता से लेकर विजयपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार अपनी टीम के साथ दानपेटी चोरी के आरोपी की तलाश में सक्रियता से जुट गये और मंदिर के सीसीटीव्ही कैमरा फुटेज में दानपेटी लेकर जाते दिखई दे रहे व्यक्ति की पहचान हेतु आसपास क्षेत्र के कई लोगों से चर्चा की गई। जिसके परिणामस्वरूप चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान बिलाल खांन पुत्र सिकन्दर खान निवासी मेवाती बरखेडी थाना राघौगढ़ जिला गुना के रूप में हुई। जो आबारा किस्म का होकर नशे का आदी है। दानपेटी चोरी के आरोपी की पहचान होते ही पुलिस द्वारा जिसकी तलाश की गई और 5 मार्च को ही मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा दानपेटी चोरी करना स्वीकार किया एवं बताया कि दान पेटी में 3000 रूपये थे। जिनमें से 2000 रूपये उसने खर्च दिये हैं व एक हजार रूपये अपने पास होना बताया।

# परिवहन विभाग की सख्ती, बिना परमिट और टैक्स बकाया पर बसें जब्त

### लगाया 3,64,800 का जुर्माना

सत्ता सुधार ■ गुना

परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा फतेहगढ़ चौराहा, गुना में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन उड़नदस्ता एवं कार्यालय स्टाफ ने कुल 20 यात्री बसों की जांच की। इस कार्रवाई में बिना परमिट और टैक्स बकाया वाली बसों पर सख्त कार्रवाई की गई। बिना परमिट पाई गई बस क्रमांक एमपी 08-8967 प्रियंका बस से 38,800 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि एमपी 08-1655 किरार बस और एमपी 08-0507 कमला बस को टैक्स बकाया और आवश्यक दस्तावेज अधूरे होने के कारण परिवहन कार्यालय में जब्त किया गया। इन बसों से कुल 3,65,800 रुपये की वसूली की जानी है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों की अनदेखी, मनमानी बस सेवाएं

हालांकि, परिवहन विभाग की यह कार्रवाई शहरी इलाकों तक ही सीमित नजर आती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बसों की मनमानी बदस्तूर जारी है। कई गांवों तक जाने वाली बसें पूरी तरह नियमों को ताक पर रखकर चल रही हैं। इनमें से अधिकांश बसें बिना परमिट, बिना बीमा और बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के ही यात्रियों को ढो रही हैं। इसके बावजूद परिवहन विभाग की कार्रवाई कभी-कभार औपचारिकता के रूप में ही दिखती है। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली कई बसों की हालत जर्जर हो चुकी है। इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कोई जरूरी संसाधन नहीं होते। कई बसों में सिर्फ एक ही गेट होता है, जिससे आपातकालीन स्थिति में यात्रियों को बाहर निकलने में भारी परेशानी हो सकती है। कई बसों में तो अग्निशमन यंत्र भी नहीं होते, जिससे दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों की जान को गंभीर खतरा बना रहता है।




#### ओवरलोडिंग बनी जानलेवा समस्या

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक ओवरलोडिंग एक गंभीर समस्या बनी हुई है। बसें अपनी क्षमता से कहीं ज्यादा यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर भर रही हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। बस मालिक और चालक मनमाना किराया वसूलते हैं, जबकि परिवहन विभाग इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं देता। कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती है और जब कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तब प्रशासन सक्रिय होता है।

#### कार्रवाई की बजाय ठोस सुधार की जरूरत

परिवहन विभाग की छिटपुट चालानी कार्रवाई से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। जरूरत इस बात की है कि विभाग नियमित रूप से सभी बसों की जांच करे और बिना परमिट, टैक्स बकाया और ओवरलोडिंग करने वाली बसों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बसों में जरूरी संसाधन, जैसे- दो गेट, अग्निशमन यंत्र और फिटनेस प्रमाणपत्र को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

### कैंट थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग विवाद, मारपीट की शिकायत दर्ज

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। दोनों मामलों में पीड़ितों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना मालपुर रोड स्थित साई सिटी कॉलोनी की है, जहां फरियादी गुड्डी बाई रघुवंशी ने शिकायत में बताया कि उनकी बहू सपना रघुवंशी शादी के बाद से अपने भाई अंकित रघुवंशी और मां चंदा रघुवंशी के साथ उनके मकान में रहने लगी थी। गत शाम करीब 5 बजे अंकित ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो अंकित ने थप्पड़ मारकर उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर उनके पति प्रकाश रघुवंशी आए तो आरोपी ने उन्हें भी नीचे पटककर लात-घूसों से मारा, जिससे उन्हें छाती, पीठ और चेहरे पर चोटें आई। पड़ोसी मुकेश छारी ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। दूसरी घटना ग्राम बेंहटाघाट में हुई, जहां जमीन के विवाद को लेकर दो भाइयों में झगड़ा हो गया। फरियादी तोरन अहिरवार ने बताया कि वह सुबह 8 बजे घर के बाहर खड़ा था, तभी उसने अपने भाई मोतीलाल अहिरवार से जमीन में अपने हिस्से की मांग की।

## भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया

सत्ता सुधार ■ गुना



जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक गुरुवार को जिलेभर में भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न जिनालयों में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित चंद्रप्रभु जिनालय में सुबह 7 बजे मंगलाष्टक अभिषेक, शांतिधारा पूजन, निर्वाण कांड एवं निर्वाण लाडू अर्पण किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर मोक्ष कल्याणक पर्व को आत्मिक शुद्धि के साथ मनाया। वहीं, बरखेड़ा गिर्द स्थित प्राचीन श्री चंद्रप्रभु जिनालय में भी भव्य आयोजन हुआ। 600 वर्ष पुराने अतिशयकारी मंदिर में भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया, जिसके बाद शांतिधारा और निर्वाण लाडू समर्पित किए गए। बरखेड़ा गिर्द में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्तिपूर्ण वातावरण में भगवान के प्रति श्रद्धा प्रकट की। इस दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन भी किया गया, जिसमें जैन संतों ने मोक्ष मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसी क्रम में जिले के बरसत ग्राम में भी भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया।

### टेकरी धाम पर शुरू हुआ एकल का पांच दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग


# एकल अभियान का मुख्य कार्य समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना: विकास जैन

सत्ता सुधार ■ गुना

एकल अभियान मध्य भारत अंचल गुना का 5 दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग का शुभारंभ टेकरी धाम मंदिर के हाल में आरंभ हुआ। एकल अंचल कोषाध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि एकल अभियान मध्य भारत अंचल गुना का पांच दिवसीय आवासीय आचार्य वार्षिक अभ्यास का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा गुरुवार को टेकरी मंदिर हाल क्रमांक 6 में मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर एकल अंचल गुना अध्यक्ष मदन सोनी, सचिव घनश्याम रघुवंशी, कोषाध्यक्ष विकास जैन नखराली, शिक्षा समिति अध्यक्ष अनसुईया रघुवंशी, अंचल अभियान प्रमुख नारायण सिंह मीणा, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख पप्पू सिंह नायक मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा अभ्यास वर्ग में उपस्थित आचार्यों का मार्गदर्शन कर पंचमुखी शिक्षा के साथ साथ एकल कार्य की विस्तार से जानकारी दी। एकल कोषाध्यक्ष विकास जैन ने आचार्य वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि बुधवार आरंभ होकर यह वर्ग 11 मार्च तक चलेगा। ओर इस पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग में आए आचार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर दूरस्थ, वनांचल में निवासरत समाज को शिक्षा, स्वास्थ, संस्कार, स्वावलंबन एवं समाज जागरण के भाव को स्वाभिमान के साथ जागृत कर शेष समाज के साथ खड़ा करने का कार्य हम सभी को करना है। श्री जैन ने कहा कि 1989 में झारखंड के धनबाद जलि के रतनपुर तहसील के टुंडी गांव में भाव राव देशमुख ने एक विद्यालय से एकल अभियान की शुरुआत की थी जो आज देश भर में एकल के 1 लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित हो रहे है।



## शहर के विकास को लेकर रोटरी सदस्यों ने गुना कलेक्टर से की मुलाकात



**गुना।** शहर के विकास एवं नागरिकों की सुविधाओं के लिए प्रस्तावित महत्पूर्ण विषयों को लेकर गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर बहुत उत्सुकता के साथ सक्रिय रहते हुए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से चर्चा कर रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को रोटरी क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने गुना कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर श्री कन्याल से सौजन्य भेंट की ओर उन्हें रोटरी क्लब द्वारा संचालित विभिन्न सेवा कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष जितेंद्र खुराना, सचिव मनोज बिंदल, रोटरी सदस्य एसके सक्सेना एवं मिडिया प्रभारी विकास जैन सहित अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर गुना से चर्चा के दौरान रोटरी सदस्यों ने शहर के विकास कार्य में रोटरी क्लब की क्या भूमिका रहे इस पर विचार विमर्श हुआ। मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया शहर के विकास और सौंदर्यकरण को लेकर आने वाले दिनों में रोटरी भवन गुना में कलेक्टर श्री कन्याल के साथ नगर के गणमान्य एवं प्रबुद्ध जनों के साथ एक विशेष चर्चा कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। जिसमें शहर के विकास को लेकर प्रबुद्धजनों से राय ली जाएगी। बता दे कि गुना कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा गत दिनों शहर का भ्रमण किया था। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, नानाखेड़ी से दो खंभा फोरलेन का निर्माण, प्रवेश द्वार, रिंग रोड, अमृत योजना सीवर लाईन, इंडस्ट्री एरिया, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स, नानाखेड़ी कृषि उपज मण्डी एवं थोक सब्जी मण्डी का निरीक्षण शहर की भौगोलिक स्थिति को समझा और आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई थी।

# अमर प्रेम का साक्षी मांडू



**कहने को लोग मांडू को खंडहरों का गाँव भी कहते हैं परंतु इन खंडहरों के पत्थर भी बोलते हैं और सुनाते हैं हमें इतिहास की अमर गाथा। हरियाली की खूबसूरत चादर ओढ़ा मांडू विदेशी पर्यटकों के लिए विशेष तौर पर एक सुंदर पर्यटनस्थल रहा है। यहाँ के शानदार व विशाल दरवाजे मांडू प्रवेश के साथ ही इस तरह हमारा स्वागत करते हैं। मानों हमने किसी समृद्ध शासक के नगर में प्रवेश कर रहे हो।**


मांडू मध्यप्रदेश का एक ऐसा पर्यटनस्थल है, जो रानी रूपमती और बादशाह बाज बहादुर के अमर प्रेम का साक्षी है। यहाँ के खंडहर व इमारतें हमें इतिहास के उस झरोखे के दर्शन कराते हैं, जिसमें हम मांडू के शासकों की विशाल समृद्ध विरासत व शानो-शौकत से रूबरू होते हैं। कहने को लोग मांडू को खंडहरों का गाँव भी कहते हैं परंतु इन खंडहरों के पत्थर भी बोलते हैं और सुनाते हैं हमें इतिहास की अमर गाथा। हरियाली की खूबसूरत चादर ओढ़ा मांडू विदेशी पर्यटकों के लिए विशेष तौर पर एक सुंदर पर्यटनस्थल रहा है। यहाँ के शानदार व विशाल दरवाजे मांडू प्रवेश के साथ ही इस तरह हमारा स्वागत करते हैं। मानों हमने किसी समृद्ध शासक के नगर में प्रवेश कर रहे हो।

मांडू में प्रवेश के घुमावदार रास्तों के साथ ही मांडू के बारे में जानने की तथा इसकी खूबसूरत इमारतों को देखने की हमारी जिज्ञासा चरम तक पहुँच जाती है। यहाँ के विशाल इमली के पेड़ व मीठे सीताफलों से लदे पेड़ों को देखकर हमारे मुँह में पानी आना स्वभाविक है। यहाँ की कबीटनुमा स्पेशल इमली के स्वाद के चटखारे लिए बगैर भला कैसे हमारी मांडू यात्रा पूरी हो सकती है। आप भी यदि मांडू दर्शन को जा रहे हैं तो एक बार अवश्य यहाँ की इमली, सीताफल व कमलगट्टे का स्वाद चखिएगा। आइए चलते हैं मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक स्थल मांडू की सैर पर।

## मांडू के बारे में कुछ बातें

मांडू का दूसरा नाम मांडवगढ़ भी है। यह विन्ध्याचल की पहाड़ियों पर लगभग 2,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। मांडू को पहले शादियाबाद के नाम से भी जाना जाता था, जिसका अर्थ है खुशियों का नगर।


## मांडू में यहाँ जरूर जाएं....



मांडू में पर्यटकों के लिए देखने लायक बहुत से स्थान हैं, जिनमें रानी रूपमती का महल, हिंडोला महल, जहाज महल, जामा मस्जिद, अशरफी महल आदि स्थान प्रमुख हैं। इसी के साथ ही मांडू को मांडवगढ़ जैन तीर्थ के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ भगवान सुपार्श्वनाथ की पद्मासन मुद्रा में विराजित श्वेत वर्णी सुंदर प्राचीन प्रतिमा है। इस प्रतिमा की स्थापना सन् 1472 में की गई थी। मांडवगढ़ में कई अन्य पुराने ऐतिहासिक महत्व के जैन मंदिर भी है, जिसके कारण यह जैन धर्मावलंबियों के लिए एक तीर्थ स्थान है।

## स्वागत करते प्रवेश द्वार

मांडू में लगभग 12 प्रवेश द्वार है, जो मांडू में 45 किलोमीटर के दायरे में मुंडेर के समान निर्मित है। इन दरवाजों में दिल्ली दरवाजा प्रमुख है। यह मांडू का प्रवेश द्वार है। इसका निर्माण सन् 1405 से 1407 के मध्य में हुआ था। यह खड़ी ढाल के रूप में घुमावदार मार्ग पर बनाया गया है, जहाँ पहुँचने पर हाथियों की गति धीमी हो जाती थी। इस दरवाजे में प्रवेश करते ही अन्य दरवाजों की शुरुआत के साथ ही मांडू दर्शन का आरंभ हो जाता है। मांडू के प्रमुख दरवाजों में आलमगीर दरवाजा, भंगी दरवाजा, रामपोल दरवाजा, जहाँगीर दरवाजा, तारापुर दरवाजा आदि अनेक दरवाजे हैं।



मांडू पहाड़ों व चट्टानों का इलाका है, जहाँ पर ऐतिहासिक महत्व की कई पुरानी इमारते हैं। मालवा के राजपूत परमार शासक भी बाहरी आक्रमण से अपनी रक्षा के लिए मांडू को एक महफूज स्थान मानते थे।

## अन्य स्थल

### नीलकंठ

यहाँ शिवजी का मंदिर है जिसमें जाने के लिए अंदर सीढ़ी उतरकर जाना पड़ता है। इस मंदिर के सौंदर्य को शब्दों में बयाँ नहीं किया सकता। ऊपर पेड़ों से घिरे तालाब से एक धार नीचे शिवजी का अभिषेक करती जाती है।

### नीलकंठ महल

मंदिर के समीप स्थित इस महल का निर्माण शाह बदगा खान ने अकबर की हिंदू पक्की के लिए करवाया था। इसकी दीवारों पर अकबर कालीन कला के नमूने देखे जा सकते हैं। हाथी महल, दरिया खान की मजार, दाई का महल, दाई की छोटी बहन का महल, मलिक मघत की मस्जिद और जाली महल भी दर्शनीय हैं। यहाँ ईको पॉइंट पर पर्यटकों की भीड़ लगी ही रहती है। लोहानी गुफाएँ और उनके सामने स्थित सनसेट पॉइंट भी पर्यटकों को खींचता है।

## मांडू से दूरी

**धार से दूरी -** लगभग 33 किलोमीटर
**इंदौर से दूरी -** लगभग 100 किलोमीटर
**नजदीकी रेलवे स्टेशन -** इंदौर व रतलाम
**बस सुविधा उपलब्ध-** रतलाम, उज्जैन, भोपाल, महू, धार आदि स्थानों से मांडू हेतु डेली बस सुविधा उपलब्ध है।

## मांडू जाने का बेहतर समय

जुलाई से मार्च माह का समय मांडू जाने के लिए बेहतर स्थान है। बेहतर होगा कि आप बरसात के मौसम में मांडू जाएँ क्योंकि इस मौसम में मांडू की खूबसूरती चरम पर होती है।

## ठहरने के स्थान

मांडू में म. प्र. पर्यटन विभाग का होटल मालवा रिर्जोट है। इसके अलावा मांडू में कई छोटे-बड़े होटल व धर्मशालाएँ हैं, जहाँ आप ठहरकर मांडू के खूबसूरत नजारों का आनंद उठा सकते हैं।



## जहाज महल

*जहाज महल का निर्माण 1469 से 1500 ईस्वी के मध्य कराया था। यह महल जहाज की आकृति में दो कृत्रिम तालाबों कपूर तालाब व मुंज तालाब दो तालाबों के मध्य में बना हुआ है। लगभग 120 मीटर लंबे इस खूबसूरत महल को दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानों तालाब के बीच में कोई सुंदर जहाज तैर रहा हो। संभवत: इसका निर्माण श्रृंगारप्रेमी सुल्तान ग्यासुद्दीन खिलजी ने विशेष तौर पर अंत:पुर (महिलाओं के लिए बनाए गए महल) के रूप में किया था।*

## कैसे जाएं

मांडू से नजदीकी एयरपोर्ट इंदौर है, जो दिल्ली व भोपाल से जुड़ा है। यहां से मांडू की दूरी 99 किमी है। अगर ट्रेन से जाना चाहते हैं, इंदौर व रतलाम नजदीकी स्टेशन हैं। रतलाम मांडू से 124 किमी दूर है। वैसे, इंदौर, रतलाम, भोपाल वगैरह से मांडू के लिए अच्छी बस सर्विस है।

## जामा मस्जिद (जामी मस्जिद)

मांडू का मुख्य आकर्षण जामा मस्जिद है, इस विशाल मस्जिद का निर्माण कार्य होशंगशाह के शासनकाल में आरंभ किया गया था तथा महमूद प्रथम के शासनकाल में यह मस्जिद बनकर तैयार हुई थी। इस मस्जिद की गिनती मांडू की नायाब व शानदार इमारतों में की जाती है। यह भी कहा जाता है कि जामा मस्जिद डेमास्कस (सीरिया देश की राजधानी) की एक प्रसिद्ध मस्जिद का प्रतिरूप है।

## अशरफी महल

जामा मस्जिद के सामने ही अशरफी महल है। अशरफी का अर्थ होता है सोने के सिक्के। इस महल का निर्माण होशंगशाह खिलजी के उत्तराधिकारी मोहम्मद खिलजी ने इस्लामिक भाषा के विद्यालय (मदरसा) के लिए किया था। यहाँ विद्यार्थियों के रहने के लिए कई कमरों का निर्माण भी किया गया था।

## होशंगशाह की कब्र

होशंगशाह की कब्र, जो कि भारत में मार्बल से बनाई हुई ऐसी पहली कब्र है, जिसमें आपको अफगानी शिल्पकला का बेहतर नमूना देखने को मिलता है। यह यहाँ का गुंबज, बरामदे तथा मार्बल की जाली आदि की खूबसूरती बेजोड़ है।

## हिंडोला महल

हिंडोला महल मांडू के खूबसूरत महलों में से एक है। हिंडोला का अर्थ होता झूला। इस महल की दीवारे कुछ झुकी होने के कारण यह महल हवा में झुलते हिंडोले के समान प्रतीत होता है। अत इसे हिंडोला महल के नाम से जाना जाता है। हिंडोला महल का निर्माण ग्यासुद्दीन खिलजी ने 1469 से 1500 ईस्वी के मध्य सभा भवन के रूप में निर्मित सुंदर महल है। यहाँ के सुंदर कॉलम इसे और भी खूबसूरती प्रदान करते हैं। इस महल के पश्चिम में कई छोटे-बड़े सुंदर महल है। इसके समीप ही चंपा बाबड़ी है।

## ब्रीफ न्यूज

### टेड़े मेड़े पैर से ग्रसित 70 बच्चे हुए स्वस्थ

**खंडवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश को क्लब फुट मुक्त करने के प्रयास की दिशा में नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय मेडिकल कॉलेज सह श्री दादाजी धूनी वाले जिला चिकित्सालय खंडवा के ए-ब्लॉक में विगत तीन वर्षों से संचालित क्लब फुट क्लीनिक से अभी तक 70 टेड़े मेड़े पैर वाले बच्चे स्वस्थ हो गये। इस क्लिनिक में प्रति बुधवार शिविर लगाकर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अनुष्का फाउण्डेशन के सहयोग से हड्डी रोग विशेषज्ञों द्वारा 2 से 18 वर्ष तक आयु वर्ग के टेड़े मेड़े पैरों वाले बच्चों का जाँच परीक्षण कर उपचार व सर्जरी की जा रही है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 09 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

**खण्डवा।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 09 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद, भोपाल द्वारा दिनांक 09 मार्च 2025, रविवार को प्रातः 10:15 से 12:15 के मध्य किया जावेगा। उक्त हेतु परीक्षार्थी को परीक्षा के एक घंटा पूर्व प्रातः 09:15 बजे तक आवंटित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है । श्री रा.ना. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा के प्राचार्य श्री भूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से किया था, वे अपने प्रवेश पत्र किसी भी एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क पर जाकर या वेबसाइट से अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि प्रविष्ट कर निकाल सकते हैं।

### आयुष चिकित्सकों व कर्मचारियों ने निक्षय मित्र बनकर 36 टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट दिये

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के निर्देशन में टी.बी. मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत बुधवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय के ए-ब्लॉक के सभाकक्ष में आयुष विभाग के चिकित्सकों ने निक्षय मित्र बनकर टी.बी. के 36 मरीजों को फूड बास्केट दिये। जिसमें जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. एस.एन. वर्मा, डॉ. सारिक आरसे, डॉ. वर्षा रानी वैश्य, डॉ. अनिशा चौहान, डॉ. प्रीति पटेल, डॉ. मुनीष पुनासिया, पैरामेडिकल स्टॉफ से रेणु अग्निहोत्री, रेणु मसीह निक्षय मित्र बने। जिला क्षय अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा कि निक्षय मित्र वह व्यक्ति, संस्था या संगठन होते हैं, जो टी.बी. रोगियों के लिए पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। इस पहल के माध्यम से, निक्षय मित्र उन टी.बी. रोगियों को फूड बॉक्स, पोषक तत्वों से भरपूर खाना और अन्य आवश्यक सामग्री मुहैया कराते हैं, ताकि उनका इलाज बेहतर तरीके से चल सके और वह पूरी तरह स्वस्थ हो सकें।

### आरक्षित जलाशयों से पानी चोरी, नगरपालिका सख्त, दर्ज होगी एफआईआर

# पानी चोरी रोकने नपा का अमला काहिरी डेम में वोटिंग से कर रहा निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ सीहोर



शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शहर के पेयजल के लिए सुरक्षित प्रमुख जल स्त्रोतों काहिरी बंधान पर नगरपालिका के द्वारा टीम ने नावों से निरीक्षण की कार्रवाई शुरू कर दी है। गत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित के अलावा पार्षदों और पेयजल प्रभारी आदि ने निरीक्षण किया था, लेकिन गुरुवार से नगर पालिका ने 18 सदस्यीय टीम का गठन कर बोटिंग के माध्यम से काहिरी डेम का निरीक्षण किया। काहिरी और भगवानपुरा डैम से पानी की चोरी नहीं रूक रही है। गत दिनों नगर पालिका की टीम ने भगवानपुरा डैम से पानी की चोरी करती सात-आठ मोटर हटाई थी। नगर पालिका के अमले ने पानी की चोरी करने वाले किसानों को भी सख्त हिदायत दी है कि वे पेयजल सप्लाई के लिए संरक्षित पानी से सिंचाई का काम बंद करें। यदि फिर से पानी की चोरी की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेयजल स्त्रोतों से आरक्षित पानी लगातार चोरी हो रहा है। नदी, नालों और डैमों में बड़ी-बड़ी पानी की मोटर डाल कर पानी की चोरी की जा रही है। यदि इसी रफ्तार से पानी चोरी होती रही तो आने वाले दिनों में शहर के लिए आरक्षित पानी भी खत्म हो जाएगा। भीषण गर्मी के दौर में जलसंकट गहराने के हालात बन सकते हैं। इन शिकायतों को लेकर नपा सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने आरक्षित जलाशयों से पानी का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के साथ-साथ जलाशयों के निरीक्षण से नावों से कर्मचारियों को तैनात कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। पूर्व में भी कार्रवाई कर पाइप जब्त कर नगर पालिका की सुपुर्दगी में दिए थे। जानकारी के अुनसार बीते साल जिले में सामान्य से कम वर्षा रही, आगामी गर्मियों में जल संकट की स्थिति न बने इसलिए पानी सहेजना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी हो जाती है, लेकिन बीते कुछ महिनों से जल स्त्रोतों में से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है और इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं। ऐसे में प्रशासन की अनदेखी कहीं गर्मियों में सीहोर शहर में जल संकट खडा न कर दे। देखने में यह आ रहा है कि बीते कुछ माहिनों से शहर की प्यास बुझाने वाले काहिरी बंधान और जमोनिया तालाब से बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है। कई तालाब में मोटर और पाईप डालकर रोजाना पानी चोरी किए जा रहे हैं। जमोनिया डेम में अनेकों किसानों पाईन लाईन और बिजली तार बिछा रखे हैं यह किसान बड़ी मात्रा में तालाब से पानी चोरी कर रहे हैं। सीहोर नगर में जमोनिया तालाब द्वारा कई वार्डों में पीने और इस्तेमाल का पानी प्रदाय किया जाता है। जल आपूर्ति के लिए काहिरी और जमोनिया तालाब पर सीहोर नगर निर्भर है और नगरवासियों को सुचारु रूप से पानी मिले इसलिए शहरवासियों के पीने के लिए यह संरक्षित कर दिया है, इसके बाद यह पानी किसानों को नहीं दिया जाता, लेकिन जलाशयों में से कई किसान पानी चोरी किए जा रहे हैं, भगवानपुरा, जमोनिया जलाशयों से अनेक स्थानों से पानी चोरी हो रहा है। जबकि यहीं हाल काहिरी बंधान के भी हैं। नपाध्यक्ष राठौर ने सीएमओ से चर्चा कर टीम गठित की अब अमले के द्वारा बोटिंग के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है।

# निजी भूमि में शा. तालाब बनाकर राशि निकालने का आरोप, मुआवजा के लिए भटक रहा भू-स्वामी

### ग्राम पंचायत काका खेड़ी में सरपंच,सचिव,सहायक सचिव, सरपंच प्रतिनिधि ने मिलकर दलित की भूमि को कर दिया बर्बाद

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत काका खेडी की सरपंच रुकमणि बाई पत्नी नरेंद्र ओझा, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप उर्फ बंटी पुत्र शिवराम सिंह रघुवंशी,सचिव रघुवीर बागड़ी,सहायक सचिव रणवीर सिंह रघुवंशी द्वारा ग्राम के दलित परमाल पुत्र फुलुआ अहिरवार की निजी जमीन को बर्बाद करने का मामला सामने आया है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान आवेदक परमाल पुत्र फुलुआ अहिरवार ने कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत की है,कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहायक सचिव सरपंच प्रतिनिधि की मिली भगत से कोई अन्य शासकीय सर्वे नं. लगाकर मेरे निजी भूमि के सर्वे नं 428/1/1 पर शासकीय तालाब निर्माण कर मनरेगा योजना के तहत 15 लाख रु कि राशि निकाल ली गई है, उक्त लोगों ने मुझसे कहा कि यहां पर 10 बीघा जमीन शासकीय भूमि है, यहां पर तेरा कुछ नहीं हैं। तेरा नम्बर यहां पर नहीं है, वह दूसरी जगह पर है, तुम तहसील में फीस भरकर नपती करा लो, इस प्रकार से धमकी देकर दबंग गिरी से मेरे व मेरे परिवार की 7 बीघा जमीन पर तालाब निर्माण कर दिया गया व सर्वे नं. 428/1/1 की फीस भरकर दिनांक 22/06/2024 को सीमांकन कराया तो मेरे पिता की जमीन में तलाब की पार एवं वेस्ट वियर बनाई गई हैं,और मेरे खेत में खुदाई की गई हैं,उसी जगह पर सीमांकन करके हल्का पटवारी एवं गिर्दावल द्वारा तालाब में नपती की गई हैं। उस भूमि पर तालाब बनाया गया है। जिससे जमीन कृषि योग्य नहीं बची है,जमीन में पानी का भराव हो गया है, पंचायत द्वारा फर्जी वाड़ा करके मेरे व मेरे परिवार की भूमि में परिवार जनों के निजी खाते में तालाब निर्माण किया गया है। मुझ गरीब हरिजन को जांच कराकर ग्राम पंचायत सरपंच सचिव रोजगार सहायक और सरपंच प्रतिनिधि पर कड़ी कार्यवाही कर मेरी भूमि का उचित मुआवजा दिलाया जाए। आवेदक ने सरपंच, सचिव पर उचित कार्यवाही कर उसकी भूमि सर्वे नं. 428/1/1 रकबा 0.3210 हैक्टयर का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। आवेदक ने बताया कि उसने पूर्व में 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की थी, लेकिन उक्त लोगों ने सहयोग करने की बात कह कर शिकायत कटवा दी थी। लेकिन जब उन लोगों ने सहयोग नहीं किया तो उसने दोबारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी, जो अभी प्रचलन में है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव रघुवीर बागड़ी,रोजगार सहायक सचिव रणवीर रघुवंशी को उनका पक्ष जानने फोन लगाया लेकिन उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया। वहीं सरपंच श्रीमती रुक्मणी पत्नी नरेश ओझा जिनका मोबाइल नंबर जनपद पंचायत अशोकनगर की सूची में दर्ज है, वह बंद आया, साथ ही इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप रघुवंशी उर्फ बंटी को उनका पक्ष जानने फोन लगाया तो उनका भी फोन बंद आया। इसके अलावा पंचायत इंस्पेक्टर चंदन सिंह रघुवंशी ने दो बार फोन लगाने पर भी बात नहीं की। इससे लगता है कि जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि फोन ना उठाकर अक्सर ऐसे मामलों में अपना पक्ष रखने से बचते हैं। इस संबंध में तत्कालीन पंचायत इंजीनियर विवेकानंद धाकड़ ने बताया कि शासकीय जमीन पर अमृत सरोवर तालाब बना है, जिसका सर्वे नंबर पूछने पर बताया की पंचायत में फाइल रखी है, सचिव- सहायक सचिव से जानकारी ले लो। मैं अभी भोपाल कार्यालय में हूं बाद में बात करते हैं।

#### इनका कहना है..

शासकीय जमीन पर अमृत सरोवर तालाब बना है, जिसका सर्वे नंबर पंचायत में रखी फाइल में मिल जाएगा आप पंचायत से जानकारी ले लो।

**विवेकानंद धाकड़,उपयंत्री, ग्राम पंचायत काका खेड़ी जनपद पंचायत अशोक नगर।**

# 3 अप्रैल से एकलव्य क्रिकेट समर कैंप हेतु प्रवेश प्रारम्भ



सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के बीएसआई क्रिकेट ग्राउण्ड पर क्रिकेट समर कैंप का शुभारंभ किया जा रहा है, जो दिनांक 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 25 जून 2025 को समापन होगा। एकलव्य क्रिकेट अकेडमी के संचालक जगदीश कुशवाह एवं मुख्य कोच अतुल कुशवाह ने बताया कि इस समर कैंप का एक मात्र उद्देश्य सीहोर शहर से प्रतिभाओं को एक नया मंच देने का है और प्रतिभाओं को तराशने का मुख्य उद्देश्य एकलव्य क्रिकेट अकेडमी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। शिविर के दौरान आईपीएल और रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी द्वारा समय-समय पर शिविर में शामिल होकर खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जावेगा। इस शिविर में 7 साल और 7 साल से बड़े बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रवेश हेतु अधिक जानकारी के लिये बच्चें अतुल कुशवाह के मोबाईल नम्बर 7999426714 एंव गौरव पिचोनिया के मोबाईल नम्बर 9893367763 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अकेडमी के अन्तर्गत आधुनिक मशीने एवं उपकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिससे बच्चों की तैयारी उच्च स्तर की हो सके। अकेडमी के मुख्य कोच अतुल कुशवाह एवं सहायक कोच गौरव पिचौनिया द्वारा बताया गया कि हमारी तैयारी भविष्य में बच्चों को आगे बढ़ाने की है जो कि एक शुरुआत है जो आगे चलकर एक बड़ा रूप लेगी। एकलव्य क्रिकेट अकेडमी के संचालक जगदीश कुशवाह ने बताया कि शहर की युवा प्रतिभा को तराशने के लिये अकेडमी में सीहोर शहर अनुभवी क्रिकेटर अतुल कुशवाह को कोच के रूप में नियुक्त किया गया है, जो मध्य प्रदेश के लिये अंडर-16, अंडर-19, अंडर 23, विजय हाजरे और अंडर 16 इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके है जो 1983 वर्ल्ड कप टीम इंडिया के खिलाड़ी मदनलाल शर्मा से भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। वहीं गौरव पिचौनिया भोपाल डिविजन हेतु अंडर-23 और सिनियर विडिजन टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

# जीवन संगिनी की भावना की कद्र करके बेहतर जीवन की शुरूआत करें: सुभाष द्विवेदी

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजनान्तर्गत 98 जोडों का हुआ सामूहिक विवाह

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



जीवन संगिनी की भावनाओं की कद्र करते हुए अपने सुनहरे भविष्य को बेहतर बनाकर जीवन की नई शुरूआत करें। परिणय सूत्र में बंधे 98 जोडों को शुभ आर्शीवाद देते हुए कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने नव दम्पत्तियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनान्तर्गत जनपद पंचायत अशोकनगर द्वारा गुरूवार को नवीन स्टेडियम नवीन कृषि उपज मंडी के पास मोहरी राय में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 86 वर-वधु ने सात फेरे लिए तथा 12 वर-वधुओं द्वारा निकाह कबूल किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंद व्यक्तियों जो धनाभाव के कारण अपने बेटा-बेटियों का विवाह धूमधाम से नही कर पाते है,ऐसे अभिभावकों के लिए सामूहिक विवाह योजना सशक्त माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु को साक्षी मानकर विवाह वेदी के सामने सात फेरे लेकर जन्मों के बंधन में बंधकर नये जीवन की शुरूआत करें। साथ ही लिये गये वचनों पर ताउम्र कायम रहे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने वर-वधु को आर्शीवाद देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह,निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलनों में वधु पक्ष को 49 हजार रूपये की राशि का चेक प्रदान किया जाता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटियों का विवाह पूरे सम्मान के साथ कराया जा रहा है।

**मध्य प्रदेश लेखक संघ द्वारा साहित्य और सम्मान का होगा भव्य आयोजन**


# वनिता सम्मान एवं अक्षर कुंभ का आयोजन 8 और 9 मार्च को

सत्ता सुधार ■ खरगोन

मध्य प्रदेश लेखक संघ, खरगोन द्वारा 8 और 9 मार्च को भव्य ÷अक्षर कुंभ एवं वनिता सम्मान÷ समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन राधावल्लभ मार्केट स्थित एक निजी होटल में संपन्न होगा, जिसमें साहित्य, संस्कृति और समाजसेवा से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। मप्र लेखक संघ अध्यक्ष डॉ मधुसूदन बार्चे ने बताया कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7.30 बजे होगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निराला सृजन पीठ की निदेशक साधना बलवटे होंगी, जबकि अध्यक्षता श्रीमती पुष्पा पटेल करेंगी। इस दौरान डॉ. विराज भालके को 50 वर्षों की शासकीय सेवा के लिए वनिता सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। 9 मार्च को सुबह 10.30 बजे से आंचलिक साहित्य सम्मेलन अक्षर कुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, निराला सृजन पीठ की निदेशक साधना बलवटे एवं म प्र लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले पद्मश्री जगदीश जोशीला, उद्योगपति कैलाश अग्रवाल एवं प्रख्यात साहित्यकार राकेश राणा का विशेष सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जयते खरगोन स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। साथ ही, चार नवप्रकाशित पुस्तकों जिसमें कलरव विहगआरती डोंगरे, रे मन कब लोगे विश्राम प्रभा शुक्ला, करमजली कहानी संग्रह मोहन परमार भरत मिलाप राजनाथ सोहनी का लोकार्पण होगा। सचिव मोहन परमार ने बताया कि अक्षर कुंभ के इस मंच पर निमाड़ी बोली को भाषा का दर्जा दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल साहित्यिक उत्थान का साक्षी बनेगा,बल्कि निमाड़ी भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

# पूर्व में शासकीय जमीन से हटाए अतिक्रमण पर भू-माफिया ने फिर किया कब्जा

### बमूरिया दांगी में सरकारी जमीन पर लहलहा रही है अतिक्रमणकारियों की फसल



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

मुख्यमंत्री मोहन यादव के सख्त निर्देश पर पिछले वर्ष अक्टूबर माह के बाद जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। जिसमें अशोक नगर तहसील अंतर्गत ग्राम बमुरिया दांगी की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 6/1/2, 7/2, 8, 9 11/1, 11/2, 12/3,45, 139 141 144 151 166 कुल किता 13 कुल रकवा 3.893 हेक्टेयर भूमि से तहसीलदार अशोक नगर नायब तहसीलदार व्रत कचनार राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी के सहयोग से भू-माफिया अतिक्रामक रामबाबू पुत्र कमरजी दांगी निवासी बमूरिया दांगी व अन्य से भूमि मुक्त करवाकर अतिक्रमण की कार्रवाई की गई थी,उक्त कार्रावाई का प्रशासन द्वारा प्रचार प्रसार भी खूब किया गया था।

#### इनका कहना है

उसकी जांच के लिए मैंने आर आई और पटवारी को बोला है, कल उसकी जांच होगी, उसकी रिपोर्ट आएगी वैसी हम कार्रवाई करेंगे।

**रोहित रघुवंशी, तहसीलदार अशोक नगर।**

अभी जांच नहीं कि उसकी हालांकि रिपोर्ट में है वो,जाएंगे एकाध दिन बाद,पूर्व में अतिक्रमण कब हटा था ध्यान में नहीं है,फाइल में लिखी है उसकी डेट।

**हरिओम कलावत, हल्का पटवारी ग्राम बमुरिया दांगी, तहसील अशोकनगर।**

**रीडेवलपमेंट** रेलवे बोर्ड ने पहले चरण के कार्य की जारी की स्वीकृति, पहले चरण में सौ करोड़ से फ्रंट एरिया का होगा पुनर्विकास

# पीएम पोर्टल से जानकारी मांगते ही रेलवे बोर्ड आया हरकत में

सत्ता सुधार ■ खंडवा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले वर्ष वर्चुअल कार्यक्रम कर खंडवा स्टेशन के पुनर्विकास ( रीडेवलपमेंट) के लिए 347 करोड रुपए की लागत से निर्माण कार्य की घोषणा करते हुए शिलान्यास कार्यक्रम किया था। एक वर्ष बित जाने के बाद इसपर कोई प्रगति नहीं दिख रही थी।इसको लेकर मध्य रेलवे समिति सदस्य मनोज सोनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में जानकारी मांगी थी। इसपर रेल विभाग ने इस कार्य की पहले चरण की रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृति देने की जानकारी का पत्र भेजा है। इधर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भी लगातार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से खंडवा स्टेशन के री डेवलपमेंट कार्य को जल्द शुरू करवाने के लिए मुलाकात कर रहे थे। मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी बताया कि खंडवा रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट की घोषणा 26 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित कर की गई थी एक वर्ष बित जाने के बाद भी खंडवा स्टेशन रीडेवलपमेंट के निर्माण कार्य की कोई प्रगति नहीं दिख रही थी इसको लेकर सोनी ने प्रधानमंत्री सीपीग्राम पोर्टल पर दिनांक 15 फरवरी 2025 को आवेदन देकर इस कार्य के संबंध में जानकारी मांगी थी। जानकारी मांगते ही रेल बोर्ड हरकत में आ गया। और साल भर से पेंडिंग अनुमति पर करवाई करते हुए आवेदन के 12 वे दिन रेलवे बोर्ड द्वारा 27 फ़रवरी 2025 को खंडवा स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य को मंजूरी देने की बात कही है। भुसावल मंडल के गति शक्ति यूनिट के सिनियर डिविजनल इंजीनियर डी के शुक्ला ने पत्र भेजकर स्वीकृति की जानकारी दी है। रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि स्वीकृति पत्र के सम्बंधित विस्तृत जानकारी लेने पर मंडल के अधिकारी ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने 27 फरवरी को खंडवा स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य की स्वीकृति दे दी है। रेल बोर्ड स्वीकृति से अब टेंडर निकालने की प्रक्रिया गति शक्ति यूनिट द्वारा तेजी से शुरू की जा रही है। खंडवा स्टेशन री डेवलपमेंट कार्य को तीन चरण में पूरा करने की योजना है।पहले चरण में सौ करोड़ रुपए की लागत से खंडवा स्टेशन के फ्रंट एरिया निर्माण कार्य किया जाएगा इसमे 12 मीटर चौड़ाई का फूट ओवर ब्रिज बनेगा जहां दुकानें, मॉल, वेटिंग हॉल आदि कार्य किए जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### शराब पीकर दोस्त की हत्या करने वाले का नहीं मिला सुराग

**इंदौर।** एरोड्रम क्षेत्र के कपड़ा व्यापारी की मौत शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या में बदल गई। उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी, लेकिन पुलिस की गिरफ्त से आरोपी अभी दूर हैं। आरोपी संभवतः कपड़ा व्यापारी का दोस्त था, क्योंकि वह घर पर ही रुका था और रात को दोनों ने साथ में शराब भी पी थी। पुलिस का मानना है कि शराब पीने के दौरान ही दोनों के बीच विवाद हुआ है और आरोपी ने कपड़ा व्यापारी सचिन चोपड़ा की गला घोंटकर हत्या कर दी। मौत के बाद परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया था, इसलिए पुलिस पहले सामान्य मौत मान रही थी, लेकिन हत्या के एंगल से जांच शुरू की तो पता चला कि घर में रुके दोस्त ने ही मौत के घाट उतारा है। पुलिस को आरोपी के फुटेज मिले हैं, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चला है। हत्या के बाद वह घर से चुपचाप चला गया था। सचिन सुबह देर तक नहीं उठे तो मां उन्हें उठाने कमरे में गई। सचिन की पत्नी अपनी बेटे के साथ मायके गई थी। सचिन कमरे में मृत पड़े थे। आसपास खून के निशान नहीं थे, इसलिए परिजनों ने सामान्य मौत माना, लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। आरोपी घर से भागा तो सचिन का मोबाइल भी ले गया, क्योंकि वह कमरे में नहीं मिला। पुलिस सचिन की कॉल डिटेल भी निकाल रही है, ताकि आरोपी के बारे में पता चल सके। परिजनों ने आरोपी को पहले कभी नहीं देखा था। उन्हें उसका नाम भी नहीं मालूम है।

### महिला कुश्ती प्रतियोगिता कल, 8 देशों की पहलवानों के बीच होंगे मुकाबले

**इंदौर।** 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदौर में 8 देशों की महिला पहलवानों के बीच मुकाबले होंगे। इस आयोजन की भव्य स्तर पर तैयारियां की जा रही है। दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन एयरपोर्ट रोड स्थित दलाल बाग में शाम 4 बजे से होगा। संयोजक मानसिंह ने बताया कि, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ÷देवी अहिल्या होलकर अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती÷ का आयोजन किया जा रहा है। अलग-अलग महिला पहलवानों के बीच कुश्ती अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार मेट पर होगी। आयोजन की तैयारियां ज़ोर-शोर से चल रही है। इस अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती में न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, मेक्सिको, मंगोलिया, नेपाल, भारत सहित अन्य देश से महिला पहलवान शिरकत करेंगी। महिला पहलवानों के बीच अलग-अलग मैच में कई दांवपेंच दर्शकों के देखने को मिलेंगे। इसके लिए एक निर्णायक कमेटी भी बनाई है।

**दलाल बाग में बन रहा अस्थायी स्टेडियम :** मानसिंह ने बताया कि, दलाल बाग में अस्थायी स्टेडियम बनाया जा रहा है। जिसमें दर्शक आराम से बैठ सकेंगे। इसके साथ ही महिलाओं की सुविधाओं के लिए ग्रीन रूम, चेजिंग रूम, सुलभ शौचालयों का भी निर्माण किया जा रहा है, ताकि कोई परेशानी न हो। मानसिंह यादव ने बताया कि आयोजन भाजपा नेता आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसमें कई राजनेताओं को आमंत्रित किया गया है।

### जल्द जारी किया जाएगा टेंडर, साथ-साथ होगा बनाने और हटाने का काम

# निगम आयुक्त बोले- बीआरटीएस हटाने के साथ बनाएंगे जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर का 11.2 किमी लंबा बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम हटाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। हाईकोर्ट से आदेश आने के बाद नगर निगम ने जहां ज्यादा दिक्कत थी वहां से बीआरटीएस की रेलिंग को हटा दिया था। अब इसे पूरी तरह से हटाने के लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। इसे हटाने के साथ-साथ डिवाइडर बनाने और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने का काम साथ-साथ किया जाएगा। तीन सौ करोड़ की लागत से बने बीआरटीएस को हटाने की कवायद तेज हो गई है। जल्द ही इसे हटाने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इंदौर में 2013 में बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की शुरुआत हुई थी। बीआरटीएस में 49 बसों का संचालन किया जा रहा है। इसमें 29 बसें सीएनजी से चलती हैं, जबकि बाकी बसें डीजल से चलती हैं। इन बसों से रोजाना 55 से 65 हजार लोग सफर करते हैं।



### निगम ने की थी हटाने की शुरुआत

हाईकोर्ट से आदेश मिलने के बाद इंदौर नगर निगम ने जीपीओ चौराहा और शिवाजी प्रतिमा पर बीआरटीएस की रेलिंग हटाने की शुरुआत कर दी थी। यहां पर ट्रैफिक की ज्यादा समस्या आती थी। जिसके चलते नगर निगम की टीम ने रात में ही रेलिंग को हटा दिया था। बीआरटीएस को पूरी तरह से हटाने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

### हटाने के साथ बनाने का काम भी होगा

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि आदेश आने के बाद बीआरटीएस को हटाने के काम की शुरुआत हो चुकी है। बीआरटीएस के इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे टिकिट विंडो, कॉरिडोर और डिवाइडर बनाया जाना है। सभी बातों को देखते हुए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। हटाने और निर्माण का काम साथ-साथ किया जाएगा। डिवाइडर, टिकिट विंडो जैसे जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का रिमूवल से पहले ही निर्माण किया जाएगा।

# टेंट हाउस गोदाम में लगी आग, खाली कराई बस्ती

## दो लाख लीटर पानी, 5 हजार लीटर फोम डालाकर बुझाई आग

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर इलाके में बुधवार रात एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। आग बुझाने के लिए करीब दो लाख लीटर पानी और 5 हजार लीटर फोम डाला गया। रात में ही आसपास की बस्ती खाली कराना पड़ा।

फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के मुताबिक गोदाम की आग बुझा ली गई है। आस घटना में करोड़ों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग ग्राम सिंदौड़ा के लालजी टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट से लगी थी। गोदाम 20 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा के एरिया में बना हुआ है। रात में करीब 11 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची थी। गोदाम में रखे टेंट के सामान से आग ने भीषण रूप ले लिया था। पास ही सोयाबीन तेल का प्लांट है।



### प्रयागराज कुंभ से लौटी थीं टेंट की गाड़ियां

गोदाम संजय पोरवाल के नाम पर है, जबकि इसकी देखरेख उनके भाई नीतेश पोरवाल करते हैं। यहां लगभग 100 मजदूर काम करते हैं। आग लगने के दौरान 60-70 कर्मचारी टेंट का सामान अनलोड कर रहे थे। फायरकर्मियों के मुताबिक, लाला जी टेंट हाउस को प्रयागराज कुंभ में टेंट लगाने का ठेका मिला था। कुंभ समाप्त होने के बाद वहां से टेंट लोड करके 3-4 गाड़ियां वापस लौटी थीं और अनलोडिंग का काम चल रहा था। अभी कई और गाड़ियां आनी बाकी थीं, तभी शॉर्ट सर्किट से आग लगी और देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गुरुवार सुबह फायर स्टेशन से दो गाड़ियों को वापस बुला लिया गया। जबकि एक गाड़ी मौके पर मौजूद रही। एसआई करण सिंह अपनी टीम के साथ रातभर से आग बुझाने में लगे रहे। यहां आसपास के बस्ती इलाके को भी रात में आग के चलते खाली कराया गया था।

### इधर, बंद पड़े फर्नीचर शोरूम में आग

पलासिया में संजीवनी अस्पताल के पास एक बंद पड़े फर्नीचर गोदाम में देर रात आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने आग को दो घंटे में काबू पाया। यहां पुराने फर्नीचर के साथ आर्टिफिशयल सामान बेचने का काम किया जाता है।

# दिल्ली के उपमुख्यमंत्री वर्मा ने किए भगवान महाकाल के दर्शन



सत्ता सुधार ■ उज्जैन

नई दिल्ली के नवनिर्वाचित केबिनेट मंत्री व उपनेता सदन प्रवेश वर्मा ने सपत्नीक उज्जैन प्रवास के दौरान महाकालेश्वर भगवान के दर्शन व पूजन किया।

पूजन पुजारी राजेश शर्मा व पुजारी आकाश शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उपप्रशासक एसएल सोनी व सिम्मी यादव द्वारा उनका सम्मान किया गया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से जिस भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को हराया वे प्रवेश वर्मा मध्यप्रदेश के धार के दामाद हैं। उनकी सास नीना वर्मा धार से भाजपा की विधायक हैं। ससुर विक्रम वर्मा भाजपा के सीनियर लीडर हैं, वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2002 में विक्रम वर्मा और नीना वर्मा की बड़ी बेटी स्वाति वर्मा से प्रवेश वर्मा की शादी हुई थी।

# इमारतों में बने बैसमेंट पर चला निगम का हथौड़ा



सत्ता सुधार ■ इंदौर

नगर निगम की रिमूव्हल टीम ने गुरुवार फिर इमारतों के तलघर में बनी अवैध दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की। सुभाष चौक क्षेत्र में बनी इमारत के तलघर में बनाई गई 7 से 8 दुकानों को ढहाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इसके अलावा खजूरी बाजार और कुछ अन्य बाजारों में भी कार्रवाई की जाएगी।

निगम अब लगातार सभी झोनों के अंतर्गत तलघर में पार्किंग की जगह हुए निर्माणों को ढहाने में जुटा हुआ है। कुछ माह पहले नगर निगम और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई का अभियान चलाया था और कई बड़े शोरूम से लेकर माल के बैसमेंट में किए गए कब्जे हटाए गए थे। अब दूसरे चरण में नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर फिर से यह अभियान दो दिन पहले शुरू किया है और इसके तहत कल भी कई प्रमुख बाजारों मेंबनाई गई इमारतों के बैसमेंट में पार्किंग की जगह हुए कब्जे, कोचिंग सेंटर, दुकानें, शोरूम तोड़ने की कार्रवाई की गई थी। कुछ जगह कार्रवाई के लिए नोटिस दिए गए थे।

गुरुवार सुबह नगर निगम का रिमूव्हल अमला सुभाष चौक क्षेत्र में कार्रवाई के लिए पहुंचा, वहां बनाई गई इमारत में तलघर में कई दुकानें बना ली गई थी और उन्हें किराए पर दे दिया गया था। इन दुकानों में अधिकांश में रेडिमेड कपड़ों के कार्य होते थे। अधिकारियों के मुताबिक करीब 7 से 8 दुकानों पर निगम की टीम ने तोड़फोड़ की। अधिकारियों के मुताबिक वहां पार्किंग की जगह पर अवैध रूप से दुकानें बनाई गई थी। इस कार्रवाई के बाद खजूरी बाजार और माणक चौक में भी बनी कई इमारतों के बैसमेंट में कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। निगम द्वारा खुले हिस्से में बाधक निर्माणों को तोड़ने का काम जेसीबी पोकलैन की मदद से किया जाता था, लेकिन बैसमेंट में किए गए अवैध निर्माणों को तोड़ने के लिए निगम की रिमूव्हल और मजदूरों की मदद लेकर तोड़फोड़ कर रहे हैं।

### विक्रम विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह 30 मार्च को

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा 30 मार्च को सम्पन्न होगा। इस समारोह में वर्ष 2024 के पीएचडी एवं डीलिट उपाधि धारकों को उपाधि, तथा वर्ष 2024 की स्नातक परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। वर्ष 2024 की स्नातकोत्तर परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थियों को उपाधियां एवं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। विक्रम विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे दीक्षान्त समारोह में पंजीकृत होकर अपनी उपाधि/पदक प्राप्त करें। विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन शुल्क 500 रुपए के साथ पंजीकरण कराए। पीएचडी एवं डीलिट उपाधि धारक पंजीयन शुल्क के अतिरिक्त उपाधि शुल्क 800 रुपए जमा करायें। पंजीयन की अंतिम तिथि 18 मार्च है। दीक्षान्त समारोह से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु दूरभाष क्रमांक 8435112273, 9425094167 से संपर्क कर सकते है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

# शिक्षाविद् चंद्रशेखर शर्मा का सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन




सत्ता सुधार ■ उज्जैन

शिक्षा विभाग में लगातार 41 वर्ष तक शासकीय सेवा में कार्य करते हुए कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा का सेवानिवृत्ति होने पर ब्राह्मण समाज शिक्षा संस्था अन्य स्नेही स्वजन आदि ने भव्य अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आर्य, मुख्यमंत्री के निज सलाहकार मुकेश जैन, जियालाल शर्मा, प्राचार्य अनिता गंधरा, प्राचार्य राकेश शर्मा, प्राचार्य प्रदीप त्रिवेदी, प्राचार्य अजय श्रीवास्तव, समन्वयक दिनेश पण्ड्या, विनोद नरवरे, अन्य प्रमुखों में डॉ. राजेन्द्र नागर, डॉ. सुरेन्द्र पाठक, डॉ. अर्पित पाठक, डॉ. भामिनी पाठक, शिवचरण शर्मा, बिलासपुर छतीसगढ़ के रिटायर न्यायाधीश अशोक सनोठिया, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री अनोखी लाल शर्मा एवं मुकेश शर्मा भी उपस्थित थे।

# मार्च के पहले हफ्ते में फिर ठंड ने दी दस्तक

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर में मार्च के पहले हफ्ते में ठण्ड ने फिर दस्तक दी है। पिछले 48 घंटों में दिन के तापमान में 5 डिग्री और रात के तापमान में 6 डिग्री की गिरावट आई है। इन दिनों सुबह और रात को ज्यादा ठण्ड महसूस हो रही है। बुधवार को दिन में बीच-बीच में ठण्ड का अहसास था। गुरुवार सुबह भी मौसम ठण्डा ही है। मौसम वैज्ञानिकों ने एक-दो दिनों में तापमान में इजाफा होने के आसार जताए हैं।

मंगलवार को दिन में तेज हवाओं के कारण मौसम ठण्डा था। ऐसी ही स्थिति बुधवार सुबह से थी। दिन में भी 19 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं से फिर कंपकंपी शुरू हो गई। इस वजह से लोगों को फिर से ऊनी वस्त्रों की जरूरत महसूस हुई। इसके पूर्व शिवरात्रि तक ठण्ड का कोई खास असर नहीं था।

बुधवार को दिन का तापमान 2 डिग्री लुढ़ककर 28.4 (-4) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान भी 3 डिग्री लुढ़ककर 10.8 (-3) डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस तरह अभी दिन का तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम है। इसी तरह रात का तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके पूर्व मंगलवार को भी दिन और रात के तापमान में गिरावट थी।

**पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड :** मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से मौसम बदला है। पहाड़ों में बर्फबारी हुई है और सर्द हवाएं चल रही हैं। इस कारण तापमान में गिरावट आई है। इंदौर में एक-दो दिन में तापमान में इजाफा होने के आसार हैं। पश्चिम हिमालय क्षेत्र में 9 मार्च से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। ऐसे में प्रदेश में दो दिनों बाद इसका असर देखने को मिल सकता है।

### ट्रॉली के नीचे दबने से ड्राइवर का मौत

**इंदौर।** ड्राइवर ट्रैक्टर को धो रहा था, तभी ट्रॉली लीवर खिंचा जाने से वह आगे बढ़ा और ट्रॉली पलट गई। उसे धो रहा ड्राइवर ट्राली में दब गया। पास से गुजर रहे परिचित ने ट्रॉली को पलटा देखा और नीचे झांककर देखा तो ड्राइवर उसमें दबा था। अन्य की मदद से उसे बाहर निकाला। लसूड़िया पुलिस ने बताया कि ग्राम बिज्जूखेड़ी में कल शाम 35 साल का संतोष पिता नाथूराम अहिरवार अपने ट्रैक्टर की ट्रॉली को धो रहा था। इस दौरान ट्राली का लीवर छूट जाने से वह पलट गई। संतोष उसके नीचे दब गया। कुछ देर बाद उसका परिचित वहां से निकला तो उसने ट्राली पलटी देख नीचे झांका। संतोष उसमें दबा दिखा तो उसने आसपास के लोगों को इकट्ठा कर ट्राली सीधी करवाई और संतोष को उसमें से निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। संतोष मूल रूप से ललितपुर का रहने वाला था।

**विशेष आयोजन** गजासीन शनिधाम में समाजसेवा का अनूठा आयोजन

# महामंडलेश्वर दादू महाराज के सान्निध्य में अण्णाजी के जन्मदिन पर पुस्तकें और स्कूल बैग बांटे

सत्ता सुधार ■ इंदौर

उषा नगर स्थित गजासीन शनि धाम में एक विशेष आयोजन हुआ। धाम के संस्थापक अण्णाजी का 87वां जन्मोत्सव महामंडलेश्वर दादू महाराज की उपस्थिति में मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सदगुरु दत्त अवतारी नाना महाराज की प्रतिमा के अभिषेक पूजन से हुई। भक्तों ने अण्णाजी को शाल, श्रीफल के साथ पुष्प माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर नृत्य भी किए गए।



समाजसेवा को समर्पित इस आयोजन में 87 धार्मिक पुस्तकों का दान किया गया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को 87 स्कूल बैग बांटे गए। इनमें कंपास, पेन, पेंसिल, रबर, कॉपी और वाटर बॉटल जैसी शैक्षणिक सामग्री शामिल थी। अण्णाजी पर लिखी गई पुस्तक का भी निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रताप तोलानी, उमेश सोनी, रितेश चौथवानी, आशीष साहू, सन्नी जादम, राहुल बुंदेला और सुमित बालानी सहित कई भक्त मौजूद रहे। समारोह का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### युवक की हार्ट अटैक से मौत

**इंदौर।** दोस्तों के साथ खाना खाने गए युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि ड्राइवर मुंशी पिता सुंदर यादव निवासी सागर के शव का एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। कल रात करीब 8 बजे वह अन्य ड्राइवरों के साथ पालदा के प्रभु तौलकांटे के पास से पैदल ढाबे पर खाना खाने के लिए जा रहा था, तभी उसके सीने में दर्द उठा और वह गश खाकर वहीं गिर गया। उसे साथी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। वह मूल रूप से सागर का रहने वाला था। वह ट्रांसपोर्ट पर माल खाली कराने के बाद दोबारा गाड़ी में माल भरवाने के लिए इंदौर में ही रुका था। उसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है।

# सिद्धपीठ श्री दिव्य धाम देवस्थान पर तीन दिनी महोत्सव 9 मार्च से

### 9 मार्च को निकलेगी निशान यात्रा, 10 को फाग महोत्सव, 11 को होगा नगर भोज

सत्ता सुधार ■ उज्जैन



हर साल की तरह इस साल भी सिद्धपीठ श्री दिव्य धाम देवस्थान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर हाटकेश्वर कॉलोनी के सामने विनायक सिटी में श्री खाटूश्याम बाबा का तीन दिनों का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

मंदिर पुजारी महंत हरिभैया व्यास ने बताया कि 9 मार्च से लेकर 11 मार्च तक बाबा का मेला लगेगा। 9 मार्च को रविवार के दिन दोपहर में 3 बजे से कॉसमॉस मॉल के सामने नानाखेड़ा सब्जी मंडी से बाबा की निशान पैदल यात्रा निकाली जाएगी जो सी-21 मॉल नानाखेड़ा चौराहा, शांति पैलेस चौराहा होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगी और फिर बाबा श्याम की महाआरती की जाएगी। 10 मार्च को भव्य फाग एवं एकादशी महोत्सव शाम को 7 बजे मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। 11 मार्च को सुबह संत ब्राह्मण बटुक भोज और शाम 5 बजे से नगर भोज का आयोजन होगा।

श्याम बाबा की कृपा से होने जा रहे संपूर्ण आयोजन के साथ सभी श्याम प्रेमी यात्रा में समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए निशान प्राप्त करें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनीष सोनी द्वारा दी गई।

## ब्रीफ न्यूज

### तहसील स्तर के चिन्हित मरीजों की जांच जिला चिकित्सालय 10 मार्च तक होंगी

**मुरैना।** रोटरी मेडिकल मिशन मुरैना जो की 26 मार्च से 2 अप्रैल को मुरैना में आयोजित होने जा रहा है। स्क्रीनिंग कैंप में तहसील स्तर पर जिन मरीजों का परीक्षण हुआ था, उनमें से ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों के आगे की जांच जिला चिकित्सालय मुरैना में की जावेगी, जो कि रेडक्रॉस वार्ड में संपन्न होंगी। सभी चिन्हित मरीज अपनी जांच एक मार्च से लेकर 10 मार्च के बीच में जिला चिकित्सालय मुरैना आकर करवा ले, जिसका समय सुबह 9:00 बजे 12 बजे तक रहेगा। अगर मरीज के पास में अपनी बीमारी की पूर्व की कोई जांच हो तो वह साथ लेकर आवे तथा रोटरी मेडिकल मिशन का जो परचा, जिसमें अपने परीक्षण करवाया था, वह साथ में लाना अनिवार्य है। बिना पर्चा के आपका परीक्षण नहीं किया जाएगा। सभी तहसील स्तर के ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीज से आग्रह है कि अतिशीघ्र अपनी जांच करावें।

### प्रेम प्रकाश आश्रम में मनाया जाएगा होली उत्सव

**मुरैना।** श्री प्रेम प्रकाश सेवा मंडली एवं अमरापुर नवयुवक मंडल मुरैना द्वारा अगम 14 मार्च को होली उत्सव रंग गुलाल अभी के साथ मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 14 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से 10:00 तक श्री प्रेम प्रकाश आश्रम मुरैना में होली महोत्सव का आयोजन किया गया है, जहां सभी धर्म प्रेम बंधु गुलाल अबीर से होली खेलेंगे।

### कमिश्नर ऑफिस के सामने हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत, लगाया जाम



**मुरैना।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना में गोवंश मर रहे हैं और घायल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जा रही और ना ही गायों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम किए गए हैं। एक और गोवंश के नाम पर प्रदेश की सरकार तमाम दावे एवं वादे कर रही है, वहीं मुरैना जिले में गोवंश की दुर्दशा देखते ही बन रही है। गुरुवार की दोपहर 2:00 बजे के लगभग एक अज्ञात वाहन ने कमिश्नर ऑफिस के सामने हाईवे पर एक गोवंश को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। गौसेवकौ ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की दोपहर नेशनल हाईवे कमिश्नर ऑफिस के सामने एक अज्ञात वाहन ने गोवंश को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। सूचना मिलने पर गौ सेवक मौके पर पहुंचे, लेकिन गोवंश को देखने वाला कोई नहीं था। गौ सेवकौ ने तत्काल नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन एक घंटे तक वहां कोई नहीं पहुंचा, जिसके कारण युवकों द्वारा हाईवे पर जाम लगा दिया गया, जिससे वहां काफी देर तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लगभग डेढ़ से दो घंटे पश्चात गोवंश को वहां से हटाया गया और जाम खोला गया। मुरैना शहर एवं जिले में तमाम गौशालाएं संचालित है, इसके बावजूद भी गोवंश सड़कों पर कचरा एवं पॉलीथिन खाता फिर रहा है, जिसकी और जिला प्रशासन एवं नगर निगम का कोई ध्यान नहीं है।

# प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई कक्का की पुण्यतिथि

सत्ता सुधार ■ मुरैना



गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष व गोवा आंदोलन के प्रमुख पुरोधा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारतीय जन संघ के संस्थापक सदस्य, पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व संसदीय सचिव कु. जाहर सिंह कक्का की पुण्यतिथि के अवसर पर नाला नंबर दो पीडब्ल्यूडी के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा माल्यार्पण कर, नमन करते हुए व उनको याद किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, योगेशपाल गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, महापौर शारदा सोलंकी, पूर्व विधायक रघुराज कंसाना, गिर्राज डंडोतिया, हमीर पटेल, केदार सिंह यादव, नागेंद्र तिवारी, विजय जाहर सिंह शर्मा व पार्टी के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### फोटो सेशन के चक्कर में विजय जाहर सिंह को भूल गए नेता

गणेशपुरा की पुलिया नाला नंबर दो पीडब्ल्यूडी के सामने स्थित स्वर्गीय जाहर सिंह की प्रतिमा अन्य दिनों में लावारिस स्थिति में रहती है और कोई उसे पर प्रतिदिन चढ़ने वाली धूल को साफ करने तक नहीं आता तथा आवारा पशु प्रतिमा के चारों ओर विचरण कर गंदगी फै लाते हैं लेकिन जब कोई बड़ा नेता आता है अथवा पुण्यतिथि होती है, तब ही नगर निगम को इसकी सुध आती है। वहीं गुरुवार को पुण्यतिथि के चलते जब भाजपा के सभी नेता एकत्रित होकर जाहर सिंह अमर रहे के नारे लगा रहे थे और माल्यार्पण करने पहुंचे उस समय जाहर सिंह के भाई विजय सिंह शर्मा को अपने साथ में लेना भूल गए और वह अलग खड़े हुए दिखाई दिए। जब लोगों की निगाह पड़ी तब बाद में उन्हें बीच में लाया गया।

# शहर में अवैध तरीके से संचालित है एक सैकड़ा से अधिक होटल एवं रेस्टोरेंट

## खाद्य विभाग ने मात्र 52 होटल रेस्टोरेंट को जारी किए हैं फूड एंड सेफ्टी के लाइसेंस कई होटलों में चल रही अनैतिक गतिविधियां

सत्ता सुधार ■ मुरैना



नगर निगम सीमा क्षेत्र में आए दिन बिना अनुमति के तमाम होटल एवं रेस्टोरेंट खुलते जा रहे हैं और अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। शहर के तमाम इलाकों में रेस्टोरेंट पिज्जा और बर्गर के नाम पर खुल गए हैं, जिनमें दिन भर युवक-युवतियों का आना-जाना लगा रहता है, जब कि संबंधित पुलिस थानों में मात्र मुख्य होटल के ही नाम अंकित हैं। इधर खास बात यह है कि खाद्य विभाग द्वारा मात्र 52 होटल रेस्टोरेंट को ही फूड एंड सेफ्टी के लाइसेंस जारी किए गए, फिर अनगिनत रेस्टोरेंट एवं मध्यम होटल, ढाबे किस आधार पर चल रहे हैं यह तो खाद्य विभाग ही जाने।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में कोतवाली स्टेशन रोड एवं सिविल लाइन थाना क्षेत्र आते हैं और इन थानों में केवल मुख्य आधा-आधा दर्जन होटलो के नाम ही लंबे समय से लिस्ट में है, लेकिन शहर में जिस तरीके से होटल खुलते जा रहे हैं, उस तरीके से पुलिस एवं अन्य विभागों की लिस्ट नहीं बढ़ रही है। शहर के हर इलाके में लगातार मध्य वर्गीय रेस्टोरेंट जो पिज्जा एवं बर्गर के नाम पर खुल रहे हैं, उनकी सूची भी खाद्य विभाग के पास नहीं है और ना ही पुलिस के पास। वहीं हाईवे पर तमाम होटल एवं रेस्टोरेंट खुल रहे हैं, लेकिन ताजा अपडेट पुलिस एवं खाद्य विभाग के पास नहीं है। इस संबंध में जब सिटी कोतवाली थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने आधा दर्जन से कुछ अधिक होटलों के नाम बताएं और कहा कि इनका रजिस्ट्रेशन एवं फूड सेफ्टी लाइसेंस खाद्य विभाग, नगर निगम आदि से होता है। इसी प्रकार स्टेशन रोड थाना प्रभारी ने कुछ गिने-चुने नाम का हवाला दिया स पिछले दो-तीन वर्षों में ही शहर के चहूंओर लगातार होटल एवं रेस्टोरेंट खुलते जा रहे हैं जिनका कहीं लेखा-जोखा दिखाई नहीं देता और खाद्य सामग्री की क्या स्थिति है, उसको भी खाद्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कभी चेक नहीं किया जाता।

सूत्र बताते हैं कि शहर में कुछ तथाकथित होटल संचालकों द्वारा होटल के नाम पर अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। यहां पर शहर एवं बाहर से आने वाले युवक युवतियों को 2 से 4 घंटे के लिए रूम बुक कर दिए जाते हैं और मनमाना शुल्क लिया जाता है। कई होटल तो ऐसे हैं जो लोकल आईडी पर भी रूम दे रहे हैं। हाईवे पर स्थित एक होटल में तो खाने-पीने का कोई इंतजाम नहीं है, लेकिन वह शाम होते ही गुलजार होने लगता है। बताया जाता है कि यहां पर रात्रि को अनैतिक गतिविधियां संचालित होती हैं। पुलिस की स्थिति यह है कि जब कोई बीवीआईपी कार्यक्रम होता है अथवा चुनाव होते हैं, तब होटल, रेस्टोरेंट, लॉज आदि की चेकिंग की जाती है और उसके बाद पुलिस अपनी ड्यूटी भूल जाती है या फिर उन्हें संरक्षण दे दिया जाता है।

## आज से 40 दिनों तक नहीं होंगे शुभ कार्य, होलाष्टक शुरू, होलिका दहन पर होगें खत्म



सत्ता सुधार ■ मुरैना

कहते हैं किसी शुभ कार्य की शुरुआत शुभ मुहूर्त में करना चाहिए, क्योंकि किसी बड़े कार्य जैसे गृह प्रवेश और विवाह करने में जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है और पूरे जीवन भर इन दो चीजों का असर बना रहता है। इसलिए शुभ मुहूर्त का कार्य करने से पहले इंतजार रहता है। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने जानकारी में बताया कि 06 मार्च गुरुवार 10:50 बजे से होलाष्टक प्रारंभ हो जाएंगे जो होलिका दहन के साथ समाप्त हो जाएंगे, इसके साथ ही 14 मार्च शुक्रवार को मीन राशि में सूर्य शाम 06:49 बजे प्रवेश करेंगे जो 14 अप्रैल रात्रि 03:20 बजे तक रहेंगे। श्री जैन ने कहा इन दिनों में सगाई, विवाह, गृह निर्माण, भूमि पूजन, नए घर में प्रवेश, देवप्रतिष्ठा, मुण्डन आदि कार्यों को नहीं करना चाहिए। होलाष्टक की आठ रात्रियों में तंत्र, मंत्र, यंत्र की साधना का महत्व माना जाता है। सिद्ध रात्रि, काल रात्रि और मोह रात्रि जैसी रात्रियां अधिक प्रभावशाली होती है। होलिका दहन के साथ फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा को होलाष्टक तो समाप्त हो जाएंगे, परंतु इसके साथ ही मीन राशिस्थ सूर्य संज्ञक सौर चैत्र मलमास के 30 दिन भी शुभ कार्य में वर्जित होते हैं।

शास्त्रों के अनुसार सूर्य जब तक मीन राशि में होता है तो शुभ मांगलिक कार्यो को स्थाई सफल वा आनंद दायक नहीं होने देता। क्योंकि सूर्य का तेज इस समय मलीन हो जाता है यानी मीन राशि में सूर्य के रहते समय तक सूर्य का शुभ प्रभाव कमजोर पड़ जाता हैं। इसलिए इस समय ज्योतिष शास्त्र में शुभ कार्यो को करने के कोई विशेष मुहूर्त नहीं होते।

## मैं जिंदा हूं....... जीआरएस ने मुझे सरकारी रिकार्ड में मार दिया, कलेक्ट्रेट शिकायत लेकर पहुंची जौरा खुर्द की महिला

सत्ता सुधार ■ मुरैना



साहब ! मैं जिंदा हूं और पूरी तरह स्वस्थ हूं, लेकिन ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने मात्र 1000 रुपये की रिश्वत के लिए मुझे सरकारी रिकार्ड में मृत घोषित कर दिया है। इस कारण मैं नौकरी के लिए आवेदन भी जमा नहीं कर पा रही हूं। मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर अंकित अस्थाना के सामने यह शिकायत भावना पत्नी मुकेश कुशवाह निवासी लूली माता मंदिर के पास जौरा खुर्द लेकर पहुंची। यह मामला काफी गंभीर है और ऐसे मामले पूर्व में भी सामने आते रहे हैं। जिला कलेक्टर को चाहिए कि वह ऐसे कर्मचारी पर दंडात्मक कार्रवाई करें, ताकि आगे से इस प्रकार का कृत्य करने की कोई हिम्मत ना करे।

भावना कुशवाह ने कलेक्टर श्री अस्थाना को बताया, कि उसका मायका महटौली ग्राम पंचायत के भूरा डांडा गांव में। 6 जून 2023 को उसकी शादी हुई जौरी खुर्द के मुकेश कुशवाह से हुई। शादी के बाद परिवार आईडी में परिवर्तन के लिए वह पंचायत में गई। ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक विद्याराम कुशवाह ने मेहटौली की परिवार आईडी से नाम हटाकर मुरैना नगर निगम के वार्ड 9, ससुराल की परिवार आईडी में नाम जोड़ने के बदले 1000 रुपये मांगे। बकौल भावना उसने रुपये नहीं दिए तो रोजगार सहायक ने परिवार आईडी क्रमांक 33743105 में संलग्न मेरी सदस्यता क्रमांक 165510476 को डिलीट कर दिया और मुझे मृत होना दर्शा दिया। इस बात का पता तब लगा, जब रेलवे में भर्तियों के लिए आवेदन करने गई। रोजगार सहायक ने 7 जनवरी 2024 को मुझे मृत घोषित कर दिया।

## पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य

**मुरैना।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एग्रोस्टैक योजना के अंतर्गत प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है।

इसके अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमि स्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। यह किसानों को सरकारी सेवाओं का लाभ देने हेतु भारत सरकार की एक नई पहल है, इससे किसानों को वर्तमान में कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जा सकेगा।

इसके साथ ही मार्च 2025 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त पीएम किसान योजना लाभार्थी किसानों से अपील की है कि अपने क्षेत्र के पटवारी से संपर्क कर अथवा अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवायें। प्रत्येक तहसील स्तर पर आगामी 20 मार्च तक कैम्प लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं।



## प्रबल प्रताप सिंह तोमर का वरिष्ठ स्काउटरों ने किया सम्मान

**मुरैना।** अल्प प्रवास पर मुरैना पधारे प्रबल प्रताप सिंह तोमर उर्फ रघु राष्ट्रीय कमिश्नर स्काउट एवं गाइड का जिला मुरैना के वरिष्ठ स्काउटरों द्वारा सम्मान किया गया। श्री रघु ने बताया कि देश की सच्ची सेवा बिना किसी निजी स्वार्थ के तन, मन, धन, से जो करते है वे ही स्काउट एवं गाइड कहलाने के पात्र होते हैं। इस अवसर पर रामनरेश डंडोतिया आजीवन सदस्य प्रतिनिधि एवं जिला एवं संभागीय अध्यक्ष म प्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मुरैना द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। दिनेश चन्द्र बंसल स्काउट मास्टर एवं चम्बल संभागीय अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा स्काउट का स्कार्फ पहनाकर तथा नितिश कुमार बंसल जिला सचिव म. प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मुरैना द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत श्रृंखला में गुड्डू खान, सौरभ तोमर, डॉ राकेश शर्मा, जनक सिंह रावत, हरेंद्र सिकरवार, विजय तोमर तथा अन्य नागरिक साथ रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 7 जोड़े

सत्ता सुधार ■ मुरैना




मंगलवार की दोपहर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत नगर निगम मुरैना द्वारा 7 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह का आयोजन जीवाजी गंज स्थित टाउन हॉल में भव्य रूप से किया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने सभी नव विवाहितों को आशीर्वाद देते हुए उनके जीवन की मंगल कामना की तथा मंच से आयुक्त नगर निगम ने सभी जोड़ों को चेक के माध्यम से सहायता राशि भी वितरित की। इस अवसर पर पंडित रामदत्त शुक्ला ने भी वर वधु को आशीर्वाद देते हुए उनके जीवन की मंगल कामना की। मनीषा माहौर अंजलि, मनीषा माहौर वैष्णो प्रजापति मीनू जाटव पूजा, काजल इनका विवाह योजना अंतर्गत संपन्न हुआ और सभी नवविवाहित वधुएं आयोजन से काफी खुश थी। इस दौरान सभी ने कहा कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना चलाई जा रही है वह गरीबों के लिए वरदान है और आज हमें बहुत अच्छा लग रहा है कि आज हमारा विवाह इतने भव्य रूप से संपन्न हुआ है। योजना प्रभारी मोहन सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत कुल 55000 हजार रूपए सहायता राशि वधु को दी जाती है, जिसमें से 6000 हजार रूपए आयोजन पर खर्च किये जाते हैं शेष राशि वधु के खाते में शासन द्वारा भेजी जाती है। विवाह आयोजन में नगर निगम के उपायुक्त संजय जैन, योजना प्रभारी मोहन सिंह सिकरवार, राशिद खान, बंटी उपाध्याय, सूरज दंडोतिया, सोनू महेश्वरी, सियाराम सविता, बलवीर कुशवाहा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान द्वारा किया गया।

# हम फाउंडेशन संस्कृति और सिटी शाखा मुरैना की नवीन कार्यकारणी का हुआ गठन

सत्ता सुधार ■ मुरैना



हम फाउंडेशन संस्कृति और सिटी शाखा मुरैना में नवीन कार्य करणी का गठन किया गया। जिसमें जबलपुर से पधारे हम फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी, प्रदेश महामंत्री प्रशासन प्रमुख प्रमोद समाधिया, प्रदेश की महिला सेवा प्रमुख निर्मला समाधिया, मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी, मौजूद रहे। इस दौरान प्रांतीय महिला सहभागिता जया मित्तल, प्रांतीय प्रकल्प के प्रभारी सुरेंद्र निगम, मुरैना शाखा की जिला अध्यक्ष श्रीमती ललिता दीक्षित, शाखा के एनी सदस्यों द्वारा मुरैना में आए हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी का स्वागत किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हम फाउंडेशन के बारे में अपने विचार शाखा के समक्ष प्रस्तुत किए व महामंत्री प्रशासन समाधिया द्वारा संगठन पर शाखा के बिस्तार के ऊपर प्रकाश डालते हुए मुरैना संस्कृति शाखा के द्वारा किए गए कार्यों का बिस्तार से बताया गया। वहीं वर्तमान अध्यक्ष राधा राजौरिया ने पूरे सत्र में संगठन द्वारा किये गए कार्यो से सभी को अवगत कराया। इसके अलावा जिला अध्यक्ष ललिता दीक्षित, दया शर्मा, जया मित्तल ने भी पूरे सत्र के दौरान किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

आयोजन के दौरान 2025-26 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन की रूपरेखा राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी के समक्ष प्रस्तुत की गई जिसमें अध्यक्ष दया शर्मा, सचिव प्रेरणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा भारद्वाज और जिला अध्यक्ष राधा राजोरिया, जिला संरक्षक ललिता दीक्षित, सह सचिव रेखा गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनुराधा गुप्ता को मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रांत से डॉ दिलीप दोनेरिया सिटी मुरैना अध्यक्ष, डॉ राजपाल सोलंकी सिटी मुरैना सचिव, डॉ प्रदीप सागर सिटी मुरैना कोषाध्यक्ष, सदस्य डॉ सुरेंद्र सिंह सहित सभी सदस्य प्रीति दीक्षित, दीपिका गुप्ता, अंजू त्रिवेदी, दीप्ति, रेखा गुप्ता, पूर्वी गोलेश, रश्मि सिकरबार आदि उपस्थित रहकर पूरे मन से सहभागिता देते हुए इस कार्यकरिणी बैठक को सफल बनाया। अंत में जिला संरक्षक ललिता दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## ललिता दीक्षित को हम फाउंडेशन ने किया पंचसूत्र पुरुस्कार से सम्मानित




तीन वर्ष के कार्य काल को सभी सदस्यों के सहयोग से बेहतर व सफल बनाने के लिए मुरैना शाखा की जिला अध्यक्ष श्रीमती ललिता दीक्षित को हम फाउंडेशन भारत राष्ट्रीय सेवा व संस्कृति संगठन द्वारा पंचसूत्र पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। उनके इस सम्मान के लिए हम फाउंडेशन के सभी सदस्य, पदाधिकारी व ईष्ट मित्र एवं सहयोगियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## ब्रीफ न्यूज़

### 8 मार्च को लोक अदालत में होगा 10 लाख रूपये तक के मामलो का निराकरण

**दमोह।** 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर दमोह में किया जायेगा, जिसमें पहली बार 10 लाख तक के विद्युत चोरी के प्रकरणों मे छूट का प्रावधान किया गया है। दमोह दक्षिण संभाग अंतर्गत विद्युत चोरी के 1325 मामले लंबित है। लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लाभ एवं ज्यादा से ज्यादा प्रकरण निपटारा हो सके जिस हेतु समस्त मामलों में लोक अदालत छूट संबंधी नोटिस विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा जारी किये गये है। 8 मार्च 2025 को आयोजित हो रही लोक अदालत में ऊर्जा विभाग की ओर से 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू, 10 एच.पी. के औद्योगिक मामलों में प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि में प्रिलिटिगेशन स्तर पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन स्तर पर 20 प्रतिशत छूट प्रदान की जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी दमोह दक्षिण संभाग द्वारा न्यायालय में जो प्रकरण दर्ज नहीं हुए हैं, के 890 नं. नोटिस 194.92 लाख रूपये की वसूली हेतु जारी किये गये है।

### भवन,भूमियो एवं दुकानदारों के बकाया राशि भुगतान करने हेतु पत्र जारी

**शहडोल।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शहडोल श्री अक्षत बुंदेला ने पत्र जारी कर कहा है कि नगरपालिका परिषद शहडोल के स्वामित्व के भवन, भूमियो, दुकानो के किरायेदार नगरपालिका शहडोल के स्वामित्व के भवन,भूमि,दुकान मासिक किराये पर आवंटित है तथा उनका मासिक किराया 03 माह से अधिक समय अवधि का बकाया है वे समस्त बकाया भुगतान 15 दिवस के भीतर कर के रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा बकायेदारो की सूची का प्रकाशन विभिन्न सार्वजनिक स्थलो पर होर्डिंग के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से तथा समाचार पत्रो के माध्यम से कराते हुये दुकान में ताला बंदी की कार्यवाही कर दुकान नगरपालिका परिषद शहडोल दुकान के कब्जे में ले ली जावेगी एवं म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 164,167,170 के सुसंगत प्रावधानो के तहत वसूली की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित बकायेदार की होगी।

### जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक 8 को होगी

**हरदा।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 8 मार्च को होगी। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में दोपहर 4 बजे से आयोजित की गई है।

### चना, मसूर व सरसों का पंजीयन किसान 10 मार्च तक करा लें

**हरदा।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन 10 मार्च 2025 तक किया जाना है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने किसानों से अनुरोध किया है कि 10 मार्च से पूर्व चना एवं सरसों फसल का पंजीयन करा लेवें, ताकि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल का उपार्जन किया जा सके। उन्होने बताया कि किसानों ने जिन केन्द्रों पर गेहूँ का पंजीयन कराया था, उन्हीं केन्द्रों पर चना, मसूर व सरसों का पंजीयन

# प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत निरामयम् योजना नारायण प्रजापति के लिए बनी वरदान

सत्ता सुधार ■ शहडोल



शासन की राष्ट्रीय बाल्य स्वास्थ्य कार्यक्रम जन्म से 18 वर्ष के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। बच्चे जो कटे-फटे होंठ,तालू, टेढ़े-मेढ़े पैर हृदय रोग से पीड़ित तथा अन्य जन्मजात विकृतियों से ग्रसित हैं उन्हें इन बिमारियों से निजात दिलाने के लिए जिला स्तर शिविर आयोजित कर बच्चों का परामर्श उपचार तथा इको जॉच आदि शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अन्तर्गत बनाए गये आयुष्मान कार्ड उन बच्चों के उपचार में मील का पत्थर साबित हो रही है जो परिवार अपने बच्चों का पैसों के अभाव में उपचार नही करा पाते। इसी कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम मसियारी निवासी 15 वर्षीय नारायण प्रजापति पिता स्व. बाबूलाल प्रजापति जो बचपन से हृदय रोग से पीडित था और बच्चें की माता उसका उपचार नही करा पा रही थी। नारायण प्रजापित का जिला स्तरीय शिविर में जयसिंहनगर की आर.बी.एस.के. चिकित्सक डॉ. अनिल पनिका एवं डॉ.एस.आर. साहू द्वारा जिला स्तरीय शिविर मे उसकी इको जाँच कराई गई तथा गैलेक्सी अस्पताल जबलपुर के कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिलेश दुबे द्वारा बच्चे का ऑपरेशन किया गया। नारायण प्रजापित की माँ श्रीमती उर्मिला प्रजापित ने कहा कि बच्चे का उपचार निःशुल्क किया गया जिससें बच्चा अब पूर्णतः स्वस्थ है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी नही सोचा था कि मेरे बच्चे का निःशुल्क उपचार होगा लेकिन पी.एम. आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत मेरे बच्चे का निःशुल्क उपचार हुआ इसके लिए मै प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन का धन्यवाद देती हूं। गौरतलब है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन तथा जिला प्रबंधक आर.बी.एस.के. कंचन पटेल के अगुवाई में बिमारियों से निजात दिलाने के लिए जिला स्तर शिविर आयोजित कर बच्चों का परामर्श, उपचार तथा इको जॉच आदि शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा रहा है।

# विधायक ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों से ली स्वास्थ्य की जानकारी

## विधायक ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, ली बैठक

सत्ता सुधार ■ शहडोल



विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने आज मेडिकल कॉलेज शहडोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मेडिकल अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। विधायक ने मेडिकल प्रबंधक से कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाए तथा मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्याए न हो। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध रहें तथा मरीजों को वितरित भी करें। साथ ही विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मेडिकल कॉलेज संबंधित अधिकारियों की बैठक भी ली तथा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों, दवाई भण्डारण,बेड्स सहित अन्य आवष्यक सुविधाओं के संबंधी में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# 6 वर्षों से अंगद के पांव की तरह जमा हल्का पटवारी नंबर 35 ग्राम गोगिया

## सी.एम. हेल्पलाईन में शिकायत का कोई असर नहीं

सत्ता सुधार ■ हरदा



पटवारी हल्का नंबर 35 ग्राम पंचायत गोगिया का हल्का पटवारी 6 वर्षों से अंगद के पांव की तरह जमा हुआ है। शिकायत व विरोध का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत के साथ-साथ कई बार शिकायत की गई। जिला कलेक्टर को भी आवेदन दिया गया इसके बाद भी हल्का पटवारी जवाहर पटेल के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। किसान, हितग्राही परेशान है। इधर-उधर चक्कर लगा रहे हैं। योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। जाति प्रमाण पत्र सहित प्रकरणों सीमांकन आदि को लेकर किसान परेशान है। जिसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

### राजनीतिक पहुंच ऊपर तक

लोगों में चर्चा है कि पटवारी की राजनीतिक पहुंच ऊपर तक है। जिसके कारण शिकायत व विरोध का कोई असर नहीं पड़ा है। जांच कार्यवाही को रुकवा दिया जाता है जिसके कारण पिछले 6 वर्षों का लंबा समय व्यतीत हो गया है। फिर भी न तो कार्यवाही हो रही है और न ही स्थानांतरण किया जा रहा है।

### बिना सीमांकन के रोड का निर्माण

बिना सीमांकन के रोड का निर्माण किये जाने की शिकायत जिला कलेक्टर से की गई। रामशंकर खेरवा, आनंद राहुल खेरवा आदि ने 4 मार्च को दिये शिकायत पत्र में बताया कि मंडी निधि से ग्राम आलनपुर से गोगिया के बीच के रोड का निर्माण कार्य जारी है। इसमें प्राकृतिक वहाव वाला नाला पूर्णतः बंद किया गया है। सीमांकन भी नहीं किया गया है। सीमांकन कराकर प्राकृतिक वहाव वाला नाला पुरानी जगह जैसा का तैसा रहने के निर्देश देने की मांग जिला कलेक्टर से की गई है। रोड का निर्माण करने से पहले सीमांकन की कार्यवाही की जाये जिससे सारी स्थिति स्पष्ट हो सके और इससे किसी भी किसान को अनावश्यक नुकसान न हो सके। फसल सुरक्षित रहे इस लिहाज से प्राकृतिक वहाव वाले नाले को यथा स्थान रखने की व्यवस्था की जाय ताकि किसानों को आर्थिक क्षति न हो सके।

### नाला का वहाव बदलने से खतरा की आशंका

प्राकृतिक नाला का वहाव बदलने से आर्थिक क्षति की आशंका है। इससे किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। इसी आशंका से नाले का वहाव नहीं बदलने और सीमांकन के बाद ही रोड का निर्माण कराने की मांग जोर पकड़ रही है। इतने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 3 वर्ष में तबादला का प्रावधान

मध्य प्रदेश शासन द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए एक स्थान पर अधिकतम 3 वर्ष रहने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। बावजूद इसके हल्का पटवारी समेत तमाम कर्मचारी हैं जिनका स्थानांतरण नहीं किया जा रहा है। शासन के आदेश के बाद भी संरक्षण दिया जा रहा है इन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही भी नहीं की जा रही है। किसानों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। समय पर काम नहीं होने के कारण काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिसे नजरंदाज किया जा रहा है।

### मुख्यालय से नदारद

हल्का पटवारी मुख्यालय से नदारद रहते हैं। किसान हितग्राही फोन लगाते हैं तो उठाते नहीं। काम करने की बात तो दूर की रही पटवारी का सह रवैया पिछले 6 वर्षों से है। किसान परेशान है और इस संबंध में शिकायत भी कर चुके हैं, फिर भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## जल संग्रहण के नाम पर कोरा दिखावा

# वनांचलों की नदियों के स्टॉप डैम शो-पीस बने, नहीं रुका पानी



सत्ता सुधार ■ हरदा

मध्यप्रदेश में जगह-जगह बढती जल समस्या देखते हुए भूतपूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के दौरान बारहमासी नदियों का पानी रोककर इलाकों को सिंचित बनाए रखने के साथ मवेशियों के पेयजल का इंतजाम बनाए रखने के प्रयास शुरू किए गए थे। इसके साथ प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ हरदा जिले में भी पानी रोकने हेतु स्टाप डेम, बोरी बंधान जैसी अनेक स्थायी एवं अस्थायी प्रकृति की जल संरचनाएं बनाने का प्रयास किया गया था। मगर इनके रखरखाव पर ध्यान न दिए जाने से आज ये जल संरचनाएं दिखावे का प्रतीक बनकर रह गयी है। राज्य के इस सबसे छोटे जिले में अनेक जगह बने पक्के स्टॉप डैमों की संरचना तैयार की गई है। मगर अनेक स्टॉप डैम ऐसे हैं जहां गेट नहीं लगाये गये हैं। इससे यहां बारिश का पानी नहीं रुक पाया है। राघवेंद्र पारे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ हरदा का कहना है कि कई जगह देखभाल न होने से या तो इनके गेट उखड़कर बह गए हैं या असामाजिक तत्वों की हरकतों का शिकार होकर चोरी चले गए।

**पानी रोकने की कोशिश नहीं:** कई स्टॉप डैम तो ऐसे भी हैं जिनके गेट और संरचनाएं तो अभी भी पूरी तरह मजबूती के साथ हैं किन्तु यहां भी पानी रोकने के प्रति ध्यान नहीं दिया गाया। यही वजह है कि इन छोटी नदियों में एक बूंद पानी भी नहीं रूक पाया है। रहटगांव कांग्रेस के ब्लाकाध्यक्ष रामदिन पटेल का कहना है कि टिमरनी विकास खंड के ग्राम राजाबरारी के समीप काजल नदी पर बने स्टॉप डैम के गेट तो लगे हुए हैं, इसकी दीवारें भी मजबूत हैं। मगर आज तक इसमें पानी रोकने की कोशिश न होने से यहां की जल धारा सूख गई है।

# दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल से सम्मानित दमोह की प्रज्ञा



सत्ता सुधार ■ दमोह

नारी शक्ति और उनमें उपलब्धियां के प्रति उत्साह के लिए सरकार हमेशा ही आगे बढ़ाने में लगातार प्रयासरत है और आगे भी सरकार महिलाओं के प्रति सजग है नारी शक्ति देश का गौरव है इनका सम्मान देश का सम्मान है ऐसे ही एक नारी शक्ति जिसने ना सिर्फ अपने दमोह शहर का नाम रोशन किया बल्कि प्रदेश को गौरविन्त किया है। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में दमोह की प्रज्ञा को राज्यपाल ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया है बता दें कि प्रज्ञा पीएम श्री पीजी कॉलेज की एम ए समाजशास्त्र की छात्रा थी जिन्होंने एम ए के प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया था प्रज्ञा आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं आपको बता दें प्रज्ञा स्वर्गीय प्रदीप साहू की पुत्री है जो अपनी सेवाएं कलेक्ट्रेट में एडीएम स्टेनो के रूप में दे चुके हैं जिसको लेकर सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कांमना की गई।

### सार्वजनिक चबूतरा निर्माण कार्य राशि स्वीकृत



**हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा शुक्रवार को ग्राम हीरापुर में शाम 04 बजे विधायक निधि की राशि से स्वीकृत सार्वजनिक चबूतरा निर्माण कार्य एवं पंचायत निधि से स्वीकृत सी.सी. सड़क मार्ग निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जावेगा। उक्त निर्माण कार्यो से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी। ग्राम सरपंच द्वारा समस्त ग्रामवासियों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक सांसद लोधी की अध्यक्षता में संपन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह



जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जहां भी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण लंबित हैं, उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अब तक की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद लोधी ने मौजूद सदस्यों से चर्चा की उनकी बातें व समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई के लिए कहा। इस अवसर पर सदस्यों ने छात्रावासों के संबंध में अपनी बातें रखी। सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देशानुसार आवश्यक समस्त कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वन अधिकार पट्टे के विषय पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि आगामी बैठक से वन अधिकार पट्टा के विषय को भी शामिल कर लिया जाएगा। बैठक में समिति के सम्माननीय सदस्य गण और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अपराध

### पुलिस टीम व्दारा चोरी के 02 प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तारी करने में सफलता मिली

# पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिनव पहल

सत्ता सुधार ■ हरदा



पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं राजेश्वरी महोबिया तथा एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया के निर्देशन में थाना टिमरनी की पुलिस टीम व्दारा चोरी के 02 प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तारी करने में सफलता मिली है।

**घटना का विवरण:** को फरियादी ने रिपोर्ट किया कि मेरे खले मे रखा रोटर वेटर का साफ्ट नही दिखा जिसे खले के आस पास देखा नही मिलने पर पिताजी ने मुझे बताया कि खले मे रखा रोटर वेटर का साफ्ट नही है रोटर वेटर साफ्ट पर सफेद पेंट से अग्रेजी मे पत्र लिखा है । रोटर वेटर साफ्ट कीमती करीबन 15 हजार रुपए है रिपोर्ट पर से थाना टिमरनी में अपराध क्र 103/25 धारा 303 (2) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूध्द कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी चोरी का घटनाओ को देखते हुये टिमरनी पुलिस के व्दारा तत्परता सजगता से की गई जिसेके फलस्वरूप दिनांक 05/03/25 को आरोपी आकाश उर्फ टीटू पिता शिवशंकर किरार उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्र 07 टिमरनी को गिरफ्तार किया गया आरोपी से पूछताछ करने पर फरियादी के खले से रोटवेटर की साप्ट चोरी करना बताया आरोपी से चोरी की गई रोटवेटर साप्ट जप्त की गई।

दिनाँक को वार्ड क्र 07 आँगनवाडी केन्द्र टिमरनी में रात्री में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आंगनवाडी के सामने के दरवाजे का ताला तोड कर अंदर घुस कर उसमे रखा सामान पानी की केन, पानी का घडा, गिलास, भोजन रखने की गंजी, खाने की थाली, रोटी रखने का डब्बा, बच्चो की कुर्सी, सिलिंग फेन, बर्तन रखने की रेख, बच्चो के वजन तौलने की मशीन, पानी की टंकी, और सामान रखने की पेटी को आंगनवाडी के अंदर घुस कर चुरा कर ले गया चोरी गये उक्त सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपए है और वहा पर आंगनवाडी का हिसाब किताब के अन्य रजिस्टर एवं पूरक पोषण आहार ळल्फ के 4 बैग, बच्चो को नापने के उपकरण इन्फोटो मीरट, व एक स्टेडीयोमीटर आग लगा कर जला कर करीबन 30 हजार रुपए का शासकीय सम्पत्ति का नुकसान कर दिया है फरियादीया की रिपोर्ट पर से थाना टिमरनी में अपराध क्र 105/25 धारा 331(4),305ए,326 (जी) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूध्द कायम कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना उक्त प्रकरण के आरोपी की तलाश पतारसी चोरी का घटनाओ को देखते हुये टिमरनी पुलिस के व्दारा तत्परता सजगता से की गई।

# निराश्रित गौवंशों के लिए रखवाए गए नाद, दिया गया प्रशिक्षण



**शहडोल।** उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. आर.के. पाठक सहित चिकित्सक एवं गौ सेवको ने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पशु कल्याण विभाग कामधेनु भवन के सामने गौवंशो के लिए पानी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नाद रखवाएं गए। साथ ही गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल करने एवं उपचार संबंधित चिकित्सक एवं गौसेवकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। उप संचालक पशु डॉ. आर.के. पाठक ने बताया कि निराश्रित गौवंशों के लिए जिले के सभी ब्लॉक स्तर के पशु अस्पताल के बाहर नाद के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डॉ. दिलीप प्रजापति, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. केपी पनिका डॉ. दीपक पाण्डेय, गौ सेवक श्री गौरव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गौ सेवक उपस्थित थें।

# एन.एस.एस.केंप में विधायक लारिया ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में योगदान का किया आह्वान

सत्ता सुधार ■ सागर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,मकरोनिया द्वारा सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, ग्राम गुड़ा में नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि एन.एस.एस. राष्ट्र निर्माण और नव चेतना की संवाहिका है। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ साक्षरता, पर्यावरण सुरक्षा,स्वास्थ्य एवं सफाई संबंधी कार्य मिलकर समाज के हित के लिए कार्य करते है। आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता करते है। विद्यार्थी





जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है। एक आदर्श नागरिक बनने के लिए इन गुणों का विकास होना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जरिए छात्रों को सामुदायिक सेवा के अवसर मिलते हैं। इसके माध्यम से वे अपने व्यक्तित्व का विकास करते है और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनते हैं। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने अपने सप्त दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुति और बच्चों के योगदान की सराहना की।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने एकांकी,नृत्य, भाषण, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान एवं महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर विशेष रूप से सागर सांसद डॉ.लता वानखेड़े, नपाध्यक्ष श्री मिहीलाल गुलझारीलाल जैन, जनभागीदारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, प्राचार्य डॉ.ए.सी.जैन, श्रीमती आशालता सिलाकारी,शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बच्चों में संस्कार की नीव बचपन से डाली जाए : सांसद वानखेडे

## सांसद श्रीमती वानखेड़े बोली- मिशन संतोष क्रांति का नवाचार सराहनीय

सत्ता सुधार ■ सागर

बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। बचपन में जो संस्कार डाले जाएं वही उनका भविष्य तय करते हैं। प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को जिंदगी संभालने के जो सात संकल्प दिलाने के प्रयास सागर की मिशन संतोष क्रांति संस्था कर रही है वह नवाचार अनोखा है। मैं मुख्यमंत्री के सामने इस नवाचार को रखकर पूरे प्रयास करूंगी के प्रदेश की हर सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में इसे लागू किया जाए।

यह बात सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती डॉक्टर लता वानखेड़े ने मिशन संतोष क्रांति के संस्थापक डॉक्टर कृष्णकांत बक्शी द्वारा दिए गए ज्ञापन के दौरान कही।

श्रीमती वानखेड़े ने कहा आज भ्रष्टाचार; हमेशा दूसरों से आगे निकलने की होड़ और संस्कार ना होने की वजह से अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। श्रीमती वानखेड़े ने कहा आज के लोग ÷जब आवे



संतोष धन सब धन ढुली सामान÷ के सूत्र को आत्मसात कर लेंगे तो समाज को एक नई दिशा मिलेगी। आज के बच्चे जो कल का भविष्य कहलाते हैं वह अपना करियर बिगाड़ रहे हैं। लेकिन मिशन संतोष क्रांति के संस्थापक श्री बख्शी ने स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को जिंदगी संभालने की जो सात टिप्स देने की मांग सरकार से की है यह अभिनव पहल है। प्रार्थना सभा के दौरान हमेशा माता-पिता और गुरु का सम्मान करेंगे। जीवन में कभी नकल नहीं करेंगे। भ्रष्टाचार नहीं करेंगे। सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग नहीं करेंगे जैसे सात सूत्र बच्चों को दिलाने की प्रयास कर रहे हैं उसके लिए मैं भी इसमें सहभागी बनकर इसे सरकार की दृष्टि से आगे बढ़ाने के पूरे प्रयास करूंगी। गौरतलब है मिशन संतोष क्रांति के संस्थापक लघु उद्योग केंद्र से सेवानिवृत्ति जनरल मैनेजर कृष्णकांत बक्शी और सागर डिग्री कॉलेज से सेवानिवृत मनोविज्ञान की प्रोफेसर डॉक्टर रेखा बक्शी द्वारा साल 2018 में इस संस्था की स्थापना की गई है।

अब तक कलेक्टर और प्रदेश के सीएम को पहुंचा चुके अपनी बात श्री बक्शी ने सागर कलेक्टर के माध्यम से तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्थानीय प्रशासन के अलावा सेवानिवृत्ति पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव सुरेंद्रनाथ सिंह को भी ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात पहुंचाई है।

श्री बक्शी का कहना है यदि इस मुहिम में जनप्रतिनिधि सहयोग करें तो यह नवाचार बच्चों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मालूम हो साल 2014 में इस संस्था की नीव डाली गई थी और अब तक 400 से ज्यादा लोग इस संस्था के हिस्सा बन गए हैं। इनमें साहित्यकार; समाजसेवी; डॉक्टर; पत्रकार; शिक्षक सभी अपना योगदान गोष्ठी नुक्कड़ सभा रैली और सोशल मीडिया के माध्यम से दे रहे हैं।सांसद श्रीमती वानखेडे के पीआरओ विपिन दुबे ने बताया यह नवाचार ÷सार्थक पहल÷ है। इसे सांसद श्रीमती वानखेडे के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भेजा जा रहा है।

# बंडा में कैबिनेट मंत्री का जलाया पुतला ,कांग्रेसियों ने पुलिस को दिया चकमा जले दो पुतले





सत्ता सुधार ■ बंडा(सागर)

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख वाले वक्तत्व को लेकर कांग्रेसियो ने बंडा के बरा चौराहा पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया और राजपाल के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंप कर कहा कि मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा विगत दिनों राजगढ़ के सुठालिया में जनता के अधिकारों की मांग को भीख कहना एवं मांगने वालो को भिखारी कहना पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की जनता का अपमान है। जिसको लेकर मंत्री मंडल से तत्काल वर्खास्त करने की मांग की है।

# रिफाइनरी के कर्मचारी के सूने मकान से 1.80 लाख नकद सहित गहने चोरी



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

सत्संग भवन के पास एक सूने मकान से अज्ञात चोर ताला तोड़कर 1.80 हजार रुपए नकदी सहित गहने चुराकर ले गए। नकदी, जेवर के साथ चोर महंगा परफ्यूम और कपड़े चुराकर ले गए। चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपियों ने पड़ोसियों के घरों की बाहर से कुंडी लगाकर उसमें कपड़े बांध दिए थे, ताकि कोई भी बाहर न निकल सके। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।सत्संग भवन के पास रहने वाले मनीष पिता लक्ष्मीनारायण चढ़ार ने बताया कि वह रिफाइनरी में नौकरी करते हैं। मंगलवार को उनकी सुबह की शिफ्ट में ड्यूटी थी। दोपहर 2 बजे वह रिफाइनरी से लौटकर घर आए और खुरई अपने पिता के घर चले गए। इसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर मंगलवार की रात ताला तोड़कर घर में घुसे और दो अलमारी के लॉक और लॉकर तोड़कर उसमें रखे 1.80 लाख रुपए नकद, सोने की दो अंगूठी, सोने का पेंडर, कधनी, पायल, मंगलसूत्र सहित अन्य कीमती सामान चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि अलमारी में रखे महंगे परफ्यूम और कपड़े भी चोर चुराकर ले गए। सुबह पड़ोसियों से सूचना मिलने पर मनीष अपनी के साथ घर पहुंचे और अंदर सामान फैला देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने पड़ोसियों के मकान में बाहर से कुंडी लगाकर कपड़े बांध दिए थे, ताकि संदेह होने पर भी पड़ोसी तुरंत बाहर न निकल सकें। मनीष ने बताया कि खुरई में उनकी जमीन जमी है। इस साल उन्होंने खेत में मटर बोई थी। चार दिन पहले मंडी में मटर बेचकर व्यापारी से नकद रुपए लिए थे। यह रुपए उन्हें बैंक में जमा करने थे, लेकिन समय न मिलने के कारण रुपए बैंक में जमा नहीं कर पाए थे।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत् युवा जागरूकता अभियान

**देवरी(सागर)।** उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में दिनांक 08 मार्च 2025 को प्रधानमंत्रीय इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत युवा जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने कहा कि यह क्षेत्र के युवा वर्ग के लिए सार्थक पहल, सार्थक कदम एवं सार्थक प्रयास है। प्राचार्य ने इस योजना से जुड़ने के लिए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को आमंत्रित किया। इसमें भारत की शीर्ष 500 कंपनियां भाग ले रहीं हैं। इसके अंतर्गत आवेदक की योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक/आईटीआई/पॉलीटेक्निक संस्थान से डिप्लोमाधारी होना चाहिए। इस योजना में आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए एवं विद्यार्थी किसी भी संस्था में नियमित रूप से अध्ययनरत अथवा कार्यरत् न हो। इसमें चयन होने पर विद्यार्थियों को प्रत्येक माह 5000 रू. की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जो 12माह तक मिलेगी। इंटर्नशिप पूरा होने पर भागीदारी कंपनी से विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस योजना में भाग लेने के लिए नगर, ग्रामीण एवं आस-पास के इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 08 मार्च 2025 को महाविद्यालय में उपस्थित होकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं तथा इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी वेबसाइट www.pminintership.mco.gov.in पर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

# लोक अदालत जागरूकता रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया




सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

गुरुवार को बीना न्यायालय परिसर में लोक अदालत जागरूकता रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया गया जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार जैन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुंडू , न्यायाधीश शरद जोशी, न्यायाधीश मीनाक्षी शर्मा जोशी न्यायाधीश मृदुल जैन, न्यायाधीश सलोनी जैन, अधिवक्ता संघ बीना के अध्यक्ष रविंद्र जैन, सचिव राहुल माथुर, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, सह सचिव सूरज सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक जैन वीरेंद्र प्रजापति विकास तिवारी, एन पी गौतम, हरीश गोलंदाज, रतिराम पटेल, त्रिलोक सिंह ,आदि अधिवक्तागण की उपस्थिति में रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

# बीना में बंद मिली राशन दुकान, वितरण शून्य

## एसडीएम ने दुकानदार और खाद्य अधिकारी को नोटिस दिया



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना में राशन वितरण व्यवस्था की जांच के लिए एसडीएम विजय डेहरिया ने गुरुवार दोपहर रामपुर राशन दुकान का निरीक्षण किया। दुकान बंद मिलने पर दुकानदार शिवकांत तिवारी को बुलाया गया।एसडीएम ने रिकॉर्ड की जांच की। इसमें पाया गया कि अभी तक राशन का वितरण बिलकुल नहीं हुआ है। इस पर एसडीएम ने दुकानदार को फटकार लगाई और नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।। नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं हो रहा है। लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद खाद्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

# कुएं में गिरे बैल को रेस्क्यू कर निकाला

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

निवोदा पंचायत में आने वाले बेरखेड़ी गांव में बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक बैल 40 फीट गहरे कुए में गिर गया। इसकी - सूचना ग्रामीणों ने बीना के गो ज़ सेवकों को दी। गांव पहुंचकर गो ज़ सेवकों ने करीब एक घंटे रेस्क्यू कर बैल को बाहर निकाला।

बैल निकालने गांव पहुंचे गो सेवा दल के सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि कुआं की गहराई करीब 40 फीट होने के कारण ग्रामीण बैल को बाहर नहीं निकाल पा रहे थे। इसके चलते ग्रामीणों ने गो सेवकों को बुलाया था। सूचना पर गांव पहुंचे गो सेवा दल के सदस्यों ने कुए में उतरकर जोखिम उठाते हुए बैल के आगे और पीछे के पैरों के बीच में पट्टा डाला और उसमें रस्सियां बांध कर बैल को बाहर खींच लिया।

उस पूरी प्रक्रिया में एक घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। बैल को बाहर निकालने वालों में राजेश प्रजापति, अनुराग जैन, पप्पू पटेल, लवकेश यादव, रूपेश यादव, अभय पाल आदि शामिल रहें।



# मंत्री प्रहलाद पटेल की बर्खास्तगी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ कांग्रेस आज प्रदेश भर के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर रही है।

बीना मैं भी ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी तिराहा पर जबरदस्त प्रदर्शन किया गया।प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहे जाने और उनके बाद छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू द्वारा कमलनाथ को लेकर दिए बयान के बाद कांग्रेस पार्टी सरकार और भाजपा पर हमलावर हो गई है। इसे लेकर कांग्रेस ने लगातार विरोध दर्ज करने की रणनीति बनाकर हमले शुरू कर दिए हैं।बीना मैं राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार सुशील



खरे बीना को ज्ञापन सोपा जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल को बर्खास्त किए जाने की बात कही गई एवं छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद अहिरवार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, जिला संगठन मंत्री पी पी नायक, तमिल सभी लोग कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंधई, डॉ ओमप्रकाश केथोरिया, शशि मोहन तिवारी, सुरेश तिवारी नाही, सेवा दल अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु, शहर सेवादल अध्यक्ष प्रमोद राय, युवक कांग्रेस अध्यक्ष शालू बिलगैया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजा राम अहिरवार, आशु सैयद, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विक्रांत गोलंदाज, पीयूष तिवारी, अशोक परिहार, रामकिशन अहिरवार, सतीश तिवारी, जतिन झा,ममता अहिरवार,शाकील खान, शहजाद हुसैन, जतिन झा, निर्भय सिंह ठाकुर देहरी, पुरूषोत्तम तिवारी, नरेंद्र सिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह चढ़ार, रामकिशन अहिरवार, सुखलाल अहिरवार, विमला अहिरवार, शिवानी बौद्ध, अशोक अहिरवार, जन्नूलाल राय, अर्जुन जाटव, सत्यम ठाकुर, सुरेश सेन, मोतीलाल अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री ने कहा था- जनता को भीख मांगने की आदत पड़ गई

दरअसल, 1 मार्च को राजगढ़ जिले के सुठालिया में मंत्री पटेल ने जनता के मांग पत्रों को भीख करार दे दिया था। उन्होंने कहा था, अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता आते हैं, एक टोकना (टोकरी) तो कागज मिलते हैं उनको। मंच पर माला पहनाएंगे और एक पत्र पकड़ा देंगे। यह अच्छी आदत नहीं है। लेने की बजाय देने का मानस बनाएं।

## ब्रीफ न्यूज

### न्यूज़ीलैंड दौरे पर आकिब ही रहेंगे मुख्य कोच : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसबी) ने पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद को न्यूजीलैंड दौरे के लिए अंतरिम मुख्य कोच बनाया है। वहीं पूर्व कप्तान मोहम्मद युसूफ को बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। पाक टीम अपने न्यूजीलैंड दौरे में सीमित ओवरों की एक सीरीज खेलेगी। इसी को लेकर पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब को ही मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं, 'पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप में कोच बनाया था पर दोनों के साथ ही बोर्ड अधिकारियों के मतभेद हो गये थे। ऐसे में इन दोनो ने ही पद छोड़ दिया था। उसके बाद से ही पाक टीम के पास कोई पूर्ण कालिक कोच नहीं है। इसी कारण आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया और दक्षिण अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीजो में वह टेस्ट टीम के भी मुख्य कोच भी रहे।

### मिलर चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में अपनी आक्रामक शतकीय पारी से एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। मिलर ने इस मुकाबले में 67 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। इसी के साथ ही वह चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इसके साथ ही वीरेंद्र सहवाग को भी पीछे छोड़ दिया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में इससे पहले सबसे तेज शतक का रिकार्ड भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के नाम था। सहवाग ने साल 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ केवल 77 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। वही इंग्लैंड के जोश इंग्लिश ने भी इसी बार 77 गेंदों में शतक लगाया। इसके अलावा 80 गेंदों में शतक का रिकार्ड भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन के नाम है। धवन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ साल 2013 में शतक लगाया था। आईसीसी नॉकआउट में मिलर का पहले से प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।

### शमी ने माना दुबई में सभी मैच होने से टीम को हो रहा लाभ

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दुबई के एक ही मैदान पर मैच होने से भारतीय टीम को लाभ हुआ है। शमी ने भारतीय टीम केसेमीफाइनल में पहुंचने पर कहा, हमें निश्चित रूप से मदद मिली है, क्योंकि हमें पिच की स्थिति और उसके व्यवहार के बारे में पता है। यह एक अच्छी बात है कि आप सभी मैच एक ही जगह पर खेल रहे हैं। जीत के लिए सबसे जरूरी बात है कि हालातों को समझें और जानें कि पिच कैसा खेल रही है, क्योंकि आप एक ही जगह पर खेल रहे हैं और आप इसे अच्छी तरह से जान सकते हैं।



पेरिस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए पेरिस सेंट जर्मन और लीवरपूल के खिलाड़ी।

# द्विपक्षीय सीरीज खेलने का फैसला हमारे हाथ में नहीं : राजीव शुक्ला

## शुक्ल पीसीबी के आमंत्रण पर चैम्पिसंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल खेलने यहां आये हुए थे

एजेंसी ■ लाहौर

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि दोनो देशों के बीच सीरीज खेलने का फैसला हमारे हाथ में नहीं है। इस बारे में सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसके अनुसार काम करेंगे। शुक्ल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के आमंत्रण पर चैम्पिसंस ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल खेलने यहां आये हुए थे। इस दौरान स्थानीय मीडिया ने उसने दोनो देशों के बीच सीरीज खेलने को लेकर सवाल पूछे थे। जिनका जवाब देते हुए शुक्ल ने ये बातें कहीं। शुक्ल ने यह भी कहा कि भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन के लिए अनुकूल पिचों पर निर्भर नहीं है। इससे पहले कहा जा



रहा था कि भारतीय टीम को दुबई में खेलने का लाभ मिल रहा है। शुक्ला ने कहा, जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह भारत सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे।

उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान लंबे समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और यह अच्छी बात है। उन्होंने इसका अच्छे से आयोजन किया है। शुक्ला ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों के प्रशंसक द्विपक्षीय संबंध फिर से शुरू करना चाहते हैं पर तटस्थ स्थल पर खेलने के विचार पर वह सहमत नहीं दिखे। उन्होंने कहा, ''यह सच है कि दोनों देशों के प्रशंसक चाहते हैं कि टीमें खेलें, लेकिन बीसीसीआई की नीति रही है कि द्विपक्षीय मैच एक-दूसरे की धरती पर ही होने चाहिए ना कि किसी तीसरे देश में मेरा मानना है कि पीसीबी की भी ऐसी ही नीति होगी। शुक्ला ने आगे कहा, ''बीसीसीआई की लगातार यही नीति रही है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में भी एक प्रावधान है की बोर्ड अपने देश की सरकार की सहमति के अनुसार ही काम कर सकते हैं।

उन्होंने सरकार को लेकर कहा, हम अपनी बात सरकार के सामने रखते हैं, लेकिन वे विचार-विमर्श के बाद फैसला करते हैं। जब सरकार कोई फैसला लेती है तो वह कई पहलुओं पर विचार करने के बाद लेती है। यह उनका आंतरिक मामला है। शुक्ला ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करने वाली भारतीय टीम को इस आठ टीमों के टूर्नामेंट में केवल एक ही स्थान पर खेलने का लाभ मिला है। उन्होंने कहा, ''जब आईसीसी स्तर पर यह निर्णय लिया गया था तो यह तय किया गया था कि भारत के मैच दुबई में होंगे और बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे, इसलिए यह सवाल उठाना सही नहीं है।

# बुमराह के नहीं होने से मुझपर है अधिक जिम्मेदारी : शमी

एजेंसी ■ दुबई



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। शमी ने माना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से इस टूर्नामेंट में उनपर अधिक जिम्मेदारी है। इसी कारण उनका ध्यान अपनी लय कायम रखने ओर फिटनेस बनाये रखना रहा है। चोट से उबरकर वापसी कर रहे शमी ने बुमराह की गैर मौजूदगी में नये तेज गेंदबाजी हर्षित राणा और ऑलरांउडडर हार्दिक पांड्या के साथ नई गेंद संभाली। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में 8 विकेट लिए हैं। उन्होंने फाइनल में पहुंचने पर कहा, 'मैं अपनी लय फिर हासिल करके टीम के लिए ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहा हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। शमी ने कहा कि बुमराह की गैर मौजूदगी में उनका कार्यभार बढ़ गया है ऐसे में अपना सौ फीसदी से से ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा ऑलराउंडर है तो तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट के लिए मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना सौ फीसदी से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं। गौरतलब है कि शमी को विश्व कप 2023 के दौरान टखने में चोट लगी थी और वह लंबे ब्रेक पर रहे। उन्होंने कहा कि अब वह लंबे स्पैल फेंकने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि किसी को अपनी फिटनेस के बारे में बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत है। हमें प्रयास करने होंगे और देखते हैं कि शरीर इसे कैसे लेता है। शमी ने कहा, 'मैं अब लंबे स्पैल फेंकने के लिए तैयार हूं। छोटे स्पैल हमेशा आसान होते हैं और सीमित ओवरों के क्रिकेट में यह मायने नहीं रखता कि दस ओवर फेंकने हैं या छह ओवर। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का भी फायदा मिला है कि भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेल रही है।

# बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशफिकुर ने संन्यास लिया

एजेंसी ■ ढ़ाका



बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खराब प्रदर्शन के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। मुशफिकुर ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया पर की है। मुशफिकुर ने बांग्लादेश की टीम के सालाना अनुबंधों की घोषणा के ठीक बाद ही खेल को अलविदा कह दिया। इसी के साथ ही उनका दो दशक का करियर समाप्त हो गया। इस क्रिकेटर ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं आज से एकदिवसीय प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। साथ ही लिखा कि भले ही वैश्विक स्तर पर हमारी उपलब्धियां सीमित रही पर एक बात तो तय है- जब भी मैं अपने देश के लिए मैदान पर उतरा, मैंने समर्पण और पूरी ईमानदारी के साथ अपन पूरा योगदान दिया। इस टूर्नामेंट में मुशफिकुर के अलावा पूरी टीम का प्रदर्शन भी खराब रहा है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं और मुझे एहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मुशफिकुर ने साल 2006 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना एकदिवसीय प्रारुप में डेब्यू किया था। अब वह इस प्रारूप में सबसे अधिक मैच खेलने वाले बांग्लादेशी खिलाड़ी बन गये हैं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली हार से तीन कप्तानों पर गाज गिरी

**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट में इस बार टीम की हार के कारण एक नहीं तीन-तीन कप्तानों का करियर खराब हो गया। सबसे पहले इसमें मेजबान टीम पाकिस्तान का आता है। भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार के बाद उसके कप्तान मोहम्मद रिजवान को टीम से बाहर कर दिया गया। पाक टीम का प्रदर्शन टूर्नामेंट में बेहद खराब रहा और वह एक मैच भी नहीं जीत पायी। वहीं दूसरी गाज इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर पर गिरी। बटलर को भी टीम के खराब प्रदर्शन के कारण पद गंवाना पड़ा। इंग्लैड टीम का प्रदर्शन भी टूर्नामेंट में खराब रहा। वहीं तीसरे कप्तान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को तो एकदिवसीय प्रारुप से ही संन्यास लेना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारतीय टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

# फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबल होना तय

एजेंसी ■ दुबई

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय टीम ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया। वहीं न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका का हराया है। रविवार को अब रोमांचक मुकाबले के आसार हैं क्योंकि भारतीय टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को हराया था जिससे उसका पलड़ा भारी है। इस मैच में कीवी टीम के बल्लेबाजों के लिए भारतीय स्पिनरों का सामना करना आसान नहीं रहेगा। दूसरे सेमीफाइनल में हार से एक बार फिर दक्षिण अफ्रीकी टीम का आईसीसी खिताब जीतने का सपना टूट गया है। इस साफ है कि दक्षिण अफ्रीकी टीम दबाव के सामने बिखर जाती है। भारतीय टीम ने




पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में जीत दर्ज कर कीवी टीम से 2019 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली अभी लय में हैं। ऐसे में कीवी टीम के लिए विराट को रोकना कठिन होगा। दूसरे सेमीफाइनल की बात करें तो का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए कीवी टीम 312 रन ही बना सकी। इस प्रकार उसे 50 रनों से हार मिली है। सेमीफाइनल में कीवी बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने शतक लगाया है। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को फाइनल में रचिन पर अंकुश लगाना होगा।

### पर्याप्त साझेदारियां नहीं बनाने के कारण हारे : बावुमा

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार का कारण बताया है।

बावुमा ने माना है कि न्यूजीलैंड ने इस मैच में काफी रन बना लिए थे। वहीं पर्याप्त साझेदारियां नहीं बनाने के कारण हमारी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में न्यूजीलैंड से मिले 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम नौ विकेट पर 312 रन ही बना पायी। वान डेर डुसेन और बावुमा के बीच दूसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा कोई अन्य बड़ी साझेदारी नहीं बनी। वहीं न्यूजीलैंड ने रचिन रविंद्र के शतक 108 रनों और केव विलियमसन के 102 रनों की सहायता से 362 रन बनाये। बावुमा ने मैच के बाद कहा, ''न्यूजीलैंड ने प्रतिस्पर्धी स्कोर से अधिक रन बनाए।




इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलत हुए सर्बिया के नोवाक जोकोविच।

### सेमीफाइनल से पहले यात्रा करना नुकसानदेह रहा : मिलर

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम का मुकाबले से पहले यात्रा करना ठीक नहीं था। दक्षिण अफ्रीकी टीम अंतिम लीग में इंग्लैंड को हराने के तुरंत बाद रविवार को घूमने के लिए दुबई चली गयी थी। मिलर ने माना की हवाई यात्रा एक घंटे और 40 मिनट की थी पर कहा कि मैच को देखते हुए ये अच्छी स्थिति नहीं थी। सुबह का समय था, खेल के बाद, हमें उड़ान भरनी थी। फिर हम शाम 4 बजे दुबई पहुंचे, और सुबह 7.30 बजे हमें वापस आना था।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

## सत्ता न्यूज

### वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 100 खिलाड़ियों में पहुंच गये हैं

# आईसीसी रैंकिंग में वरुण ने लंबी छलांग लगायी, रोहित पिछड़े

एजेंसी ■ दुबई

भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 100 खिलाड़ियों में पहुंच गये हैं। वरुण को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन का लाभ मिला है और उन्होंने लंबी छलांग लगाते हुए 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, वरुण के अलावा स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी रैंकिंग में ऊपर आये हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण बल्लेबाजी रैंकिंग में पिछड़े हैं। वरुण 143 पायदान की छलांग



लगाकर अब 97वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वरुण ने चैम्पियस ट्रॉफी 2025 में अब तक 2 मैच खेले, जिसमें 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में यह 5 विकेट लिए थे जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 2 विकेट हासिल किए थे। दूसरी ओर बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली को एक पायदान का फायदा हुआ है और वो चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा 2 पायदान नीचे आकर पांचवें नंबर पर फिसल गए हैं। विराट इस ने चैम्पियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 72.33 के दमदार औसत से 217 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाये थे।

रोहित की फॉर्म अच्छी नहीं रही है। उन्होंने अब तक 4 मैच खेले, जिसमें 26 के बेहद खराब औसत से 104 रन बनाए। शीर्ष -10 बल्लेबाजों में शुभमन, कोहली और रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर भी शामिल हैं। श्रेयस एक पायदान ऊपर आकर 8वें नंबर पर आ गए हैं। दूसरी ओर ऑलराउंडरों की बात करें तो शीर्ष दस में केवल भारत के रविन्द्र जडेजा है। जडेजा को नौवां स्थान मिला है। वहीं भारतीय टीम के अक्षर 17 स्थान ऊपर आकर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।



सत्ता सुधार

अयोध्या के रामपथ पर अतिक्रमण करना भारी पड़ेगा। बृहस्पतिवार को अभियान चलाकर सैकड़ों कुंतल बिल्डिंग मटेरियल जब्त किया गया और चेतावनी जारी की गई है। अयोध्या के रामपथ पर अतिक्रमण करना अब लोगों को भारी पड़ेगा। खासकर उन लोगों को जो अवैध तरीके से रामपथ पर बिल्डिंग मटेरियल का व्यवसाय करते हैं।



# विभाग ने 211 करोड़ खर्च कर कमाए 28 करोड़, 3.20 करोड़ यूनिट से रोशन हुआ महाकुंभ

## 45 दिनों में शहर में कुल 27.30 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई , कुल 30.50 करोड़ यूनिट बिजली खर्च हुई

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

महाकुंभ मेले में 3.20 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इससे विभाग को नौ रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से लगभग 28.80 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। जबकि, विभाग ने कुल 211.20 करोड़ रुपए खर्च कर मेला को उजाला किया था। महाकुंभ मेले में 3.20 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इससे विभाग को नौ रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से लगभग 28.80 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। जबकि, विभाग ने कुल 211.20 करोड़ रुपए खर्च कर मेला को उजाला किया था। मेले का 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक आयोजन किया गया। विद्युत विभाग ने बिजली सप्लाई के लिए 54 हजार खंभे लगाए। इन पर 1405 किलोमीटर एलटी लाइन और 182 किलोमीटर 11 केवी की एचटी लाइन बिछाई गई। 85 सब स्टेशनों से पूरे मेला क्षेत्र को बिजली दी गई। इसके लिए लगभग 4.25 लाख कैंप कनेक्शन बांटे गए थे। इसके चलते रोज 30 मेगावोल्ट एम्पीयर (एमवीए) बिजली खपत का अनुमान था। लेकिन, प्रतिदिन लगभग 27 एमवीए बिजली की खपत हुई। मेला समापन के बाद अब बिजली के तार, एलईडी लाइट्स और ट्रांसफार्मर उतार लिए गए हैं। इन सामानों को महाकुंभ परिसर के पास बने गोदाम में रखा गया है।

### व्यावसायिक कनेक्शन के लिए 80 लाख यूनिट खर्च

इस मेला क्षेत्र में एक से लेकर 1600 किलोवोल्ट एम्पीयर (केवीए) तक कनेक्शन दिए गए। इसमें हजारों की संख्या में व्यावसायिक कनेक्शन भी शामिल हैं। विद्युत विभाग के अफसरों ने बताया कि इन कनेक्शनों से लगभग सात करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। विद्युत विभाग के आंकड़ों के अनुसार मेले के दौरान 45 दिनों में शहर में कुल 27.30 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इस तरह मेला और शहर में मिलाकर कुल 30.50 करोड़ यूनिट बिजली खर्च हुई है, जो मेले से लगभग 90 फीसदी से अधिक है। विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता पीके सिंह समेत अन्य अफसरों ने मेले में तकरीबन पांच करोड़ यूनिट तक बिजली खपत होने का अनुमान लगाया था। वहीं, मेला क्षेत्र में बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए सोलर एनर्जी का भी सहारा लिया गया था।



### कुल 380.20 करोड़ का प्रोजेक्ट

विद्युत विभाग ने कुल 380.20 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया था। इसे दो हिस्सों में बांटा गया। पहला मेला क्षेत्र के लिए कुल 211.20 करोड़ और दूसरा शहर के लिए कुल 179 करोड़ का बजट था। प्रोजेक्ट में बिजली घर, स्ट्रीट लाइट, ट्रांसफॉर्मर, केबल आदि की व्यवस्था की गई थी। 45 दिनों में 3.20 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। वहीं, चार लाख से अधिक कैंप कनेक्शन बांटे गए थे। मेले के समापन के बाद बचे उपकरणों को अब शहर की बिजली पूर्ति में इस्तेमाल किया जाएगा।

– **मनोज गुप्ता**, अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग

## ब्रीफ न्यूज

### कोतवाली में तैनात दरोगा ने की खुदकुशी

**मुरादाबाद।** रामपुर के स्वार कोतवाली परिसर में दरोगा का शव फंदे पर लटका मिला है। दरोगा नायाब खान के भाई अरबाज ने बताया कि नायाब मंगलवार को बरेली गए थे। उन्होंने बच्चों को ईद के लिए बाजार से कपड़े दिलवाए थे। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्वार कोतवाली में आवास के अंदर दरोगा नायाब खान (50) का शव फंदे से लटका मिला। वह फर्रुखाबाद जिले के थाना कंपिल कस्बा के मूल निवासी थे। वर्तमान में उनका परिवार बरेली रहता है। वह लगभग दो साल से स्वार कोतवाली में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे।

### अपर्णा बोलीं, सीएम योगी के रहते आतंकी अयोध्या को छू भी नहीं सकते...

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि सीएम योगी के रहते आतंकी अयोध्या को छू भी नहीं सकते। आतंकी उनसे डरते हैं। राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि योगी का नाम सुनते ही आतंकी डर जाते हैं इसलिए आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकते। वहीं, सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब की तारीफ करने पर अपर्णा ने कहा कि औरंगजेब अबू आजमी के खुदा होंगे लेकिन भारत के आम मुसलमानों के औरंगजेब खुदा नहीं हो सकते।

## गोरखपुर जनता दर्शन : सीएम योगी ने दिया निर्देश

# इलाज के लिए एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार करेगी मदद

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।



### हर जरूरतमंद को मिलेगी इलाज में मदद

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टिमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## सीएम योगी ने दिया निर्देश- होली और रमजान पर विशेष सतर्कता बरतें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होली और रमजान को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतें और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। पारंपरिक रूप से निकलने वाले जुलूस को लेकर भी सतर्कता बनाए रखें। दोनों पक्षों से संवाद स्थापित करें। मामले में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। दो दिवसीय प्रवास पर बुधवार को आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर में अफसरों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी अभी से होनी चाहिए। सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक कर लें। इस दौरान अगर कोई सकारात्मक सुझाव आते हैं तो उसे जरूर अमल में लाएं। पीस कमेटी के लोगों की तरफ से आने वाले सुझाव भी अहम होते हैं। इसके अलावा होली और रमजान को लेकर दोनों पक्षों के लोगों से लगातार



समन्वय बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही निर्माण परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि विकास परियोजनाओं पर लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। सभी परियोजनाएं समय से पूरा कराएं।

### योगानंद की जन्मस्थली पर जल्द बनाएं स्मृति भवन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योगगुरु परमहंस योगानंद की कोतवाली स्थित जन्म स्थली पर बनाए जाने वाले स्मृति भवन का निर्माण जल्द शुरू कराने को कहा। सीएम ने कहा कि सप्ताह भर में सारी औपचारिकताएं पूरी कराकर काम शुरू करा दें। अफसरों ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया सप्ताह भर में पूरी हो जाएगी। इसके बाद निर्माण शुरू हो जाएगा। अफसरों ने बताया कि पुराने भवन को गिराकर नया भवन बनेगा, जिसमें उनके कमरे और परिसर की मिट्टी को संरक्षित किया जाएगा।

# उत्तरप्रदेश में आंतकी गिरफ्तार महाकुंभ में तबाही की थी योजना

### पूछताछ में खौफनाक खुलासा... प्लान सुनकर हिल गई एसटीएफ

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आंतकी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि महाकुंभ में तबाही की योजना थी। इसके पास जो हथियार बरामद हुए हैं, उसे देखकर टीम के होश उड़ गए। यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (खालिस्तानी आतंकी संगठन) एवं आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसे कौशांबी जिले से पकड़ा गया है। इसकी पहचान लजर मसीह पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है। इसके कब्जे से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आतंकवादी महाकुंभ में हमला करने की योजना बनाकर यहां पहुंचा था। केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त इनपुट पर काम करते हुए यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह की टीम ने पंजाब का भगोड़ा एवं बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े खालिस्तानी आतंकी लजर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कुरतियां, पोस्ट मकीवल, थाना रामदास, अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है। इसके कब्जे से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल, 13



स्×क्क विदेशी कारतूस जिंदा, एक मोबाइल (बिना सिम कार्ड) और एक फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया गया कि इसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया था। उसी के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था। पूछताछ में पता चला कि आतंकी लजर पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के संपर्क में है। वह आर्म्स हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल गया था। जेल के अंदर गैंगवार में इसे चोट लग गई थी। इलाज के लिए गुरू नानकदेव हास्पिटल, अमृतसर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में पुलिस को चकमा देकर 24 सितंबर 2024 को फरार हो गया था।

### मारे गए थे तीन आंतकी

यह पता चला कि 23 दिसंबर 2024 को यूपी की पीलीभीत और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। मारे गए आतंकियों से भारी मात्रा में असलहों की बरामदगी हुई थी। उनके द्वारा पंजाब में कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया गया था।

# नौकरी के नाम पर बरगलाकर झोपड़ी में चर्च बनाकर करवाते थे प्रार्थना सभा...

## प्रार्थना और चंगाई सभा पर मिशनरियों ने लगाई रोक

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

पैसा, सुविधा और नौकरी के नाम पर बरगलाकर धर्मातरण कराने वालों पर सख्ती शुरू कर दी गई है। इसके लिए लखनऊ, अयोध्या, देवीपाटन, प्रयागराज व कानपुर मंडल के लिए जांच टीम का गठन कर दिया गया है। मिशनरियों का मिशन मुस्लिम अभियान सामने आने पर शासन ने सख्ती शुरू कर दी है। लखनऊ, अयोध्या, देवीपाटन, प्रयागराज व कानपुर मंडल में बरगलाकर धर्मांतरण कराने वालों की पहचान के लिए टीम गठित की गई है। सख्ती देख प्रलोभन और अंधविश्वास के नाम




पर आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिम परिवारों को निशाना बनाने वाली मिशनरियों ने आगामी आदेश तक रविवार को होने वाली प्रार्थना सभा और चंगाई सभा पर रोक लगा दी है। अक्सर प्रार्थना सभा में शामिल होने वाले अयोध्या के अमानीगंज निवासी पवन कुमार व बिहार से सटे कुशीनगर जिले के गंगुआ मठिया गांव के प्रतीक गुप्ता के साथ ही आसिफ ने बताया कि इस रविवार प्रार्थना सभा स्थगित होने का संदेश आया है। कहा गया है कि अगले आदेश तक घर पर ही रहकर ही प्रार्थना करें। आईबी के पूर्व अधिकारी संतोष सिंह बताते हैं कि शासन की संख्ती का ही असर है कि इलाज और आर्थिक मदद के नाम पर धर्मातरण कराने वाली मिशनरियों ने कार्रवाई से बचने के लिए अब गांवों में झोपड़ी में चर्च की व्यवस्था की तैयारी की है। छप्पर में ही कन्फेशन रूम, प्रार्थना स्थल, धर्मग्रंथों के रखने की व्यवस्था की जा रही है।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिक्षक की नौकरी कर रहे पांच गिरफ्तार

**लखनऊ।** श्रावस्ती जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहे जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। अब इन आरोपियों ने सैलरी वसूली जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने छह फर्जी शिक्षकों को बर्खास्त किया। तत्परता दिखाते हुए बीईओ हरिहरपुररानी, जमुनहा व सिरसिया ने केस दर्ज कराया। अगले ही दिन पुलिस टीम ने पांच शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी होते ही एक शिक्षक फरार हो गया। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्तियां हुई। इन नियुक्तियां में फर्जी व कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों की बर्खास्तगी भी हुई। कई शिक्षक अब भी पुलिस



की गिरफ्त से दूर हैं। इस बार डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर तत्परता दिखाते हुए बीएसए अजय कुमार ने चार मार्च को छह शिक्षकों की सेवा समाप्ति की। कानपुर देहात के ईश्वरचंद नगर थाना भोगनीपुर निवासी आलोक कुमार गुप्ता जो 2017 से सहायक शिक्षक के पद पर तैनात थे। छह मार्च को त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भिनगा के सामने से गिरफ्तार किया।

# यूपी में चल रही तेज पछुआ हवाओं से लौटी ठंड, दूसरी तरफ किसान चिंतित...

## गेहूं सहित अन्य फसलों को नुकसान

एजेंसी ■ अमेठी

सरसों और गेहूं दोनों की फसल पकने की अवस्था में है। तापमान बढ़ने की वजह से खेत की नमी तेजी से सूख रही है। खेत की नमी गायब होने की वजह से गेहूं के दाने कमजोर ही रह जाएंगे और पैदावार 25 से 30 फीसदी कम रहने के आसार हैं। यूपी के अमेठी में चल रही तेज पछुआ हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज पछुवा हवा से गेंहू समेत अन्य फसलों को नुकसान हो रहा है। जिले में दो दिन से करीब नौ किलोमीटर प्रति घंटा की गति से पछुआ हवा चल रही है। वहीं, अधिकतम तापमान 28 डिग्री



सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। रबी की फसल में यह अभी अनुकूल नहीं है। मार्च माह में अप्रैल-मई जैसी हवाएं चल रही हैं। ऊपर से तेजी से बढ़ रहा तापमान सही नहीं है। तापमान बढ़ने और हवाओं की वजह से खेत की नमी तेजी से सूख रही है। इसकी वजह से गेहूं की फसल में उपज कम होने के आसार बढ़ गए हैं। ऐसे में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस समय पछुआ हवा तेज चल रही है। फसलों के गिरने की संभावना बढ़ जाती है, इससे पैदावार घट जाती है।

# टीकेएम ने बिल्कुल नए मैनुअल ट्रांसमिशन ग्रेड में लेजेंडर 4x4 पेश किया

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4×4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिजाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है।



किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्नत 4×4 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं। लेजेंडर 4×4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं। 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन सुस्पष्टता बढ़ाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उत्साही लोग चुनौतीपूर्ण इलाकों में आसानी से नेविगेट कर सकते हैं और सहज गियर शिफ्ट के रोमांच का आनंद ले सकते हैं। टोयोटा की उन्नत 4×4 तकनीक चालकों को विविध परिदृश्यों से निपटने के लिए और अधिक सशक्त बनाती है, जिससे लीजेंडर शहरी रोमांच और ऑफ-रोड रोमांच दोनों के लिए एक आदर्श साथी बन जाता है। लेजेंडर 4×4 एमटी की पेशकश पर वरिंदर वाधवा ने कहा, हम टोयोटा लेजेंडर के नए ग्रेड का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। इसे हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती मांगों और प्राथमिकताओं के जवाब में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है।

# एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना और सीएससी अकादमी के साथ एमओयू


### प्रोजेक्ट एचएकेके लॉन्च किया

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

एचडीएफसी बैंक ने भारतीय वायु सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो सहायक वायु सेना प्रमुख लेखा और वायु सेना के वेटरन्स और सीएससी अकादमी के कार्यालय के माध्यम से कार्य करता है। इसके तहत प्रोजेक्ट एचएकेके सेवा करने वालों की सेवा करना शुरू किया गया। प्रोजेक्ट एचएकेके को रक्षा पेंशनभोगियों, दिग्गजों और उनके परिवारों को सहायता और सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

शुरुआत में, वायु सेना इकाइयों में 25 केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें नई दिल्ली, बेंगलुरु, गुड़गांव, पुणे, सिकंदराबाद, गुवाहाटी, जोधपुर और चंडीगढ़ शामिल हैं। एचडीएफसी बैंक अपने परिवर्तन कार्यक्रम के तहत रक्षा सेवा के वेटरन्स और उनके परिजनों के लिए आर्थिक समावेशन का निर्माण करेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान एयर मार्शल पीके घोष एवीएसएम एयर ऑफिसर इन चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन, स्मिता भगत ग्रुप हेड एचडीएफसी बैंक, संजय राकेश चेयरमैन सीएससी अकादमी और भारतीय वायु सेना, एचडीएफसी बैंक और सीएससी ई गवर्नेंस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। एमओयू पर सत्येन मोदी कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड वैकल्पिक बैंकिंग चैनल और भागीदारी एचडीएफसी बैंक, एयर वाइस मार्शल उपदेश शर्मा वीएसएम सहायक वायु सेना प्रमुख और प्रवीण चांदेकर, सीईओ-सीएससी अकादमी ने हस्ताक्षर किए। रक्षा सैनिक/भूतपूर्व सैनिक और उनके परिवार आधार सेवा, एनपीएस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, बिल संग्रह आदि सहित 500 से अधिक जी2सी और बी2सी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

घर बैठे कमाए




सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट छत पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी नक्शा ऑफिस आयें या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं

8319401203
8278191967

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910